# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 31 मार्च 2025 | वर्ष –69 | अंक –135 पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00



द्वितीय दिवस मां ब्रम्हचारिणी



ईद मुबारक

■ मोदी की नागपुर यात्रा ..
■ क्या तमिलनाडु में ... 04
■ अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के ग्रीनलैण्ड दौरे पर...
■ क्या 12 साल तक राष्ट्रपति रह सकते हैं ट्रंप ... 09
■ उड़द दाल की खेती कैसे करें ?
■ कैसे की जाती है बैगन की खेती ?... 11
■ स्टार्क के पंजे से...
■ मुंबई इंडिया की .. 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

मुंबई विरूद्ध कोलकाता
गोहाटी
7.30 बजे से

**सार संक्षेप**

## मणिपुर, नगालैंड व अरुणाचल में अफस्पा बढ़ाया गया

**अगले 6 महीनों के लिए प्रभावी रहेगा**

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को मणिपुर के पूरे क्षेत्र में लागू कर दिया है, हालांकि 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा को अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं नगालैंड में भी अफस्पा का विस्तार किया गया है। इसे आठ जिलों और राज्य के अन्य पांच जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया है। यह विस्तार अगले छह महीनों के लिए प्रभावी रहेगा।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांच जिलों के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह माह तक, यदि इस घोषणा को इससे पहले वापस न लिया जाए, 'अशांत क्षेत्र' के रूप में घोषित किया जाता था।

**इन इलाकों में अफस्पा लागू नहीं होगा–** मणिपुर के जिन पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में अफस्पा लागू नहीं किया गया है। उनमें इंफाल, लाम्फाल, सिटी, सिंगजामी, पाटसोई, वांगोई, पोरोम्पट, हिंगांग, इरिलबुंग, थौबल, बिष्णुपु, नाम्बोल और काकचिंग शामिल हैं।

## म्यांमार में भूकंप के बाद मृतकों की संख्या 1,700 हुई

**यांगून।** म्यांमार में आए भूकंप में लगभग 1,700 लोग मारे गए, 3,400 घायल हुए तथा 300 लोग लापता हैं। देश की राज्य प्रशासन परिषद ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने शनिवार को म्यांमार सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुये कहा कि म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके बंगलादेश, भारत, लाओस, चीन और थाईलैंड में महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने दिन में पहले बताया कि भूकंप से भूमिगत तेल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-यातायात पुलिस ने सागर में बैलगाड़ी का ई चालान काट दिया है।
**चुहिया- हां प्रिये**-चालान काटना भी शासन की कमाई का एक जरिया बन गया है। फिर टारगेट पूरा करने के लिये गाड़ी हो या बैलगाड़ी। चालान तो कटना ही हैं।

### दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है : राज्यपाल

# उपलब्धियां विद्यार्थियों के ज्ञान और विद्या के साथ उनका उत्तरदायित्व भी बढ़ाती हैं : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ।

स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई।

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षान्त समारोह में कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज उज्जैन का गौरव दिवस भी है। विक्रम विश्व विद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के



### विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जाना जाएगा

नाम से जाना जाएगा। माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई है, वे अपनी प्रतिभा का उपयोग अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए करें। समाज-सेवा और राष्ट्र की सेवा करें। भविष्य कि अपार संभावनाएं आपका इंतजार कर रही हैं। हमारे शोधार्थी विश्व पटल पर अपने शहर, राज्य और देश का नाम लेकर जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जयिनी के ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### मुख्यमंत्री को दी गई डी-लिट की मानद उपाधि

# आरएसएस अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट : मोदी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसके स्वयंसेवकों को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि जहां भी सेवा कार्य किया जा रहा है, वहां स्वयंसेवक हैं।

आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ये दिन बहुत विशेष है। आज से नवरात्रि का पवित्र पर्व शुरू हो रहा है। देश के अलग अलग कोनों में आज गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरेह त्योहार भी मनाया जा रहा है। आज भगवान झूलेलाल जी और गुरु अंगद देव जी का अवतरण दिवस भी है। ये हमारे प्रेरणापुंज परम पूज्यनीय डॉ साहब की जयंती का भी अवसर है। इसी साल



### संघ मुख्यालय पहुंचकर हेडगेवार-गोलवलकर को दी श्रद्धांजलि

आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्मृति मंदिर का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी ने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने यहां आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए।

# प्रदेश की बिजली दरों में बढ़ोतरी, आयोग ने 3.46 प्रतिशत वृद्धि को दी मंजूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में गर्मी के मौसम में आम जनता को बिजली का बड़ा झटका लगा है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। हालांकि, स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दिन में बिजली खपत पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी।

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नया टैरिफ ऑर्डर जारी किया है, जो जल्द ही लागू होगा। बिजली कंपनी ने 7.52 फीसदी की बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन आयोग ने केवल 3.46 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी



दी। नए दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। इसके अलावा, सभी लो प्रेशर और हाई प्रेशर मौसम वाले उपभोक्ताओं के लिए राहत देते हुए न्यूनतम प्रभार को समाप्त कर दिया गया है। नई बिजली दरें अप्रैल से लागू हो जाएंगी, और मई महीने से उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई दरों के साथ बिल मिलेगा। 50 यूनिट तक बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं को 18 पैसे प्रति यूनिट ज्यादा चुकाने होंगे, वहीं 150 यूनिट तक खपत करने पर 26 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली का बिल आएगा।

**37 लाख कृषि उपभोक्ताओं को मिल रहा है सब्सिडी का लाभ–** नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### *100 रुपये पर 24 रुपये बढ़ेंगे दाम*

*घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक बढ़ाये गये हैं, परंतु इन उपभोक्ताओं को अटल ग्रह ज्योति योजना के तहत पहले की तरह मात्र 100 रुपये का ही भुगतान करना है. बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में भुगतान की जाएगी. गैर घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य सभी निम्न-दाब उपभोक्ता श्रेणी की न्यूनतम दर बिलिंग (टैरिफ मिनिमम बिलिंग) पहले ही समाप्त की जा चुकी है.*

### *स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को 20 फीसदी की छूट*

*स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली की खपत पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी, और इन उपभोक्ताओं को मीटरिंग प्रभार भी नहीं देना होगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है, लेकिन अटल गृह ज्योति योजना के तहत उन्हें पहले की तरह 100 रुपये ही चुकाने होंगे। बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार सब्सिडी के रूप में भुगतान करेगी।*

### 'गांधी के बहाने' पुस्तक पर चर्चा में वक्ताओं ने कहा-

# गांधी के विचारों को भुलाया नहीं जा सकता

**भोपाल, देशबन्धु।** महात्मा गांधी ने भारतीय मूल्यों के साथ-साथ विश्व की हर विचाारधारा से मानवीय मूल्यों को आत्मसात कर उन्हे अपना विचार दिया था। उनके विचार इतने प्रासांगिक है कि उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन आज गांधीजी के बारे जो भ्रम फैलाया जा रहा है , उसकी सच्चाई जानने के लिए पराग मांदले द्वारा लिखी गई पुस्तक गांधी के बहाने काफ़ी उपयोगी होगी। यह विचार गांधी के विचारों को जानने और समझमने वाले प्रबुद्धजनों ने व्यक्त किए। मौका था युवा कथाकार पराग मांदले की पुस्तक पर चर्चा का।

प्रख्यात पत्रकार, लेखक व चिंतक मायाराम सुरजन की 102 वीं जंयती के अवसर पर आयोजित पुस्तक चर्चा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहबाद विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया थे, जबकि अध्यक्षता समाज चिंतक एवं पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक सुश्री अनुराधा शंकर ने की। इस अवसर पर वक्ता के रुप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष सर्वोदय मंडल संतोष कुमार द्विवेदी व लेखक तथा गांधीवादी विचारक अरुण डनायक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्ष सुश्री अनुराधा शंकर ने कहा कि जिस प्रकार बुद्ध के विचारों को समाप्त नहीं किया जा सका, उसी तरह गांधी के विचारों को भी नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज भी गांधी के विचार न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर व्याप्त है। उन्होंने कहा कि गांधी के कार्य समाज को दिशा देकर उन्नति की और ले जाने वाले थे। इसका एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि गांधीजी ने चरखे के



माध्यम से महिलाओं को स्वतंत्र और आर्थिक रुप से सक्षम बनाया था। चूंकि महिलाओं द्वारा काता जाने वाला सूत वे ही खादी केन्द्रों तक लेकर जाती थी और उसका भुगतान उन्हें ही मिलता था। उन्होंने श्री मांदले द्वारा लिखी पुस्तक को उपयोगी बातते हुए कहा कि इसके द्वारा युवाओं तक गांधी के विचार पहुचेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संतोष भदौरिया ने कहा कि गांधी आचरण की राजनीति करते थे। अर्थात वे जो कहते थे, वहीं करते थे। वे स्वदेशी और स्वराज्य की बात करते थे तो अपने जीवन में भी उसका पालन करते थे। लेकिन आज गांधी जी को खलनायक बनाने की जो कोशिशें को रही है, ऐसे में श्री मांदले की पुस्तक 'गांधी के बहाने' उन कोशिशों को नाकाम करने में सहायक होगी।

वरिष्ठ लेखक एवं गांधी विचारक अरुण डनायक ने कहा कि गांधी पर बोलना और ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे, 1 मृत, 8 घायल

### कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास हादसा हुआ

**भुवनेश्वर, (एजेंसियां)।** ओडिशा में कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि आठ यात्री घायल हुए हैं। ट्रेन के पटरी से उतरने के मामले में जिलाधिकारी (डीएम) दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, 'घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, 8 लोग घायल हैं। जिन घायलों को रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**बेंगलुरु से असम जा रही थी ट्रेन–** ट्रेन संख्या 12251 बेंगलुरु से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी। दुर्घटना के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है।

**तीन ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया–** इस हादसे के बाद नीलाचल एक्सप्रेस, धौली एक्सप्रेस, पुरुलिया एक्सप्रेस का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी रहा। मेडिकल टीम, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड कर्मचारी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे रहे। रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं ताकि प्रभावित यात्रियों को



किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो सकें। भुवनेश्वर के लिए **हेल्पलाइन नंबर 8455885999** और कटक के लिए **हेल्पलाइन नंबर 8991124238** उपलब्ध हैं।

## हिमाचल में गाड़ियों पर गिरा पेड़, छह की मौत

हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं।







### अंधेरगर्दी — ऐसे चल रही यातायात पुलिस की कार्रवाई

# बैलगाड़ी का कटा ई-चालान!

**सागर, देशबन्धु।** सागर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर लोग हैरान हैं। यहां एक बैलगाड़ी का ई-चालान काट दिया गया और मजे की बात यह है कि यह चालान किसी गाड़ी मालिक के पास पहुंच गया। अब लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर बैलगाड़ी का नंबर कहां से आया और उसका पता कैसे ढूंढा गया? पुलिस के जवाब ने तो सभी को चौंका दिया। सागर जिले में कलेक्टर के आदेश पर स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम द्वारा रोजाना 1000 से अधिक ई-चालान किए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया में कई गलतियां हो रही हैं, जिससे आम जनता परेशान हो रही है। इसी लापरवाही का शिकार हुआ यह मामला, जिसमें एक बैलगाड़ी का चालान काट दिया गया। यह चालान मथुरा प्रसाद पटेल के नाम पर भेजा गया था। जब उन्हें अदालत से नोटिस मिला तो उनके होश उड़ गए।

**बैलगाड़ी का नंबर और पता कैसे मिला?**

चालान में अपराध के कॉलम में '2 बैलगाड़ी चालक' लिखा गया था। सवाल यह उठता है कि बैलगाड़ी पर नंबर प्लेट कहां लगी थी और उसका पता किस तरह से ट्रेस किया गया? मजे की बात यह है कि सागर शहर में एक भी बैलगाड़ी नहीं है,



फिर भी यह चालान जारी कर दिया गया। अब लोग सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं।

**चालान कटने के वक्त मालिक था कुंभ स्नान पर**

मथुरा प्रसाद पटेल का कहना है कि जिस तारीख को चालान काटा गया, उस समय वे अपने परिवार के साथ कुंभ स्नान के लिए गए हुए थे। जब उन्होंने इस मामले में शिकायत की, तो उन्हें कहा गया कि चालान निरस्त कर दिया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार जुर्माना भरने के फोन आ रहे हैं।

# देश-विदेश

## आज देशभर में मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** देशभर में रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के साथ सोमवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। दिल्ली के जामा मस्जिद स्थित फतेहपुरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कहा, ईद का चांद रविवार देर शाम दिख गया है इसलिए त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। अहमद ने कहा, मस्जिद की रुयत ए हिलाल कमेटी ने कई जगहों पर संपर्क कर उन्हें सूचित किया है कि अलग-अलग जगहों पर चांद देखा गया है। अहमद ने कहा, इस अवसर पर हम प्रार्थना करते हैं कि देश में सौहार्द और भाईचारा प्यार के साथ बढ़ता और मजबूत होता रहे।

## बीजापुर में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के सदस्य भी शामिल

**बीजापुर, (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में रविवार को 68 लाख रुपये के इनाम की घोषणा वाले 13 नक्सलियों समेत कुल 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन और अन्य माओवादी संगठनों के सदस्य शामिल थे।

आत्मसमर्पण करने वालों में 02 प्लाटून सदस्य, मिलिशिया सदस्य, और अन्य प्रमुख माओवादी संगठन के सदस्य थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव और डीआईजी सीआरपीएफ देवेंद्र सिंह नेगी मीडिया कर्मियों से इसे लेकर जानकारी साझा की। पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव ने कहा कि यह आत्मसमर्पण माओवादी संगठन से मोहभंग का संकेत है। विभिन्न नक्सली समूहों के सदस्यों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है, जिनमें पीएलजीए के सदस्य, जनताना सरकार के अध्यक्ष, केएमएस अध्यक्ष, सीएनएम सदस्य और अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल हैं। डॉ. यादव ने इस सफलता का श्रेय बीजापुर पुलिस, डीआरजी, सीआरपीएफ, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा बलों को दिया।

**नक्सलियों का मनोबल टूटा -** उन्होंने कहा कि इनकी लगातार बढ़ती नक्सल विरोधी कार्रवाई और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विकास योजनाओं के प्रभाव से नक्सलियों का मनोबल टूटा है और अब वे मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण कर रहे हैं। 1 जनवरी 2024 से अब तक छत्तीसगढ़ में कुल 656 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, 346 ने आत्मसमर्पण किया है, और 141 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं। 2025 में अब तक 157 माओवादी गिरफ्तार हुए हैं और 157 ने आत्मसमर्पण किया, वहीं 83 माओवादी मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने अपील की कि जो माओवादी अभी भी आंदोलन में शामिल हैं, वे सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं, ताकि वे शांति से जी सकें।

## म्यांमार में रुक नहीं रहे झटके, फिर आ गया 5.1 तीव्रता का भूकंप, दहशत में लोग

**म्यांमार** में 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद भी लगातार कई झटके महसूस किए जा चुके हैं। भूकंप के डर से रात में भी लोग अपने घरों में नहीं बल्कि बाहर ही सोए। दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट रविवार को फिर से 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यह देश में शुक्रवार को आए विनाशकारी भूकंप के बाद से जारी झटकों की श्रृंखला में ताजा झटका है। शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था जिसके कारण कई इमारतें ढह गई थीं और अन्य बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा था। भूकंप के कारण अब तक 1,700 से अधिक लोगों की मौत होने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है।



यह संख्या बढ़ने की आशंका है। चीनी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने शनिवार को म्यांमार सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुये कहा कि म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके बंगलादेश, भारत, लाओस, चीन और थाईलैंड में महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने दिन में पहले बताया कि भूकंप से भूमिगत तेल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बिजली की लाइनें भी कट गई हैं और ईंधन की कमी को कम करने के लिए तेल के टैंकर देश के तटों पर पहुंच रहे हैं। भारत, रूस और बेलारूस सहित कई देश राहत प्रयासों में म्यांमार की सहायता कर रहे हैं, जिसमें बचाव दल भेजना भी शामिल है। सैन्य शासन के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व कर रहे नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) ने भूकंप के बाद राहत कार्यों में सहयोग देने के लिए एकतरफा आंशिक संघर्ष विराम की घोषणा की है। शनिवार रात जारी एक बयान में कहा गया है कि एनयूजी की सशस्त्र शाखा पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) भूकंप प्रभावित इलाकों में सैन्य अभियानों में दो सप्ताह का विराम लागू करेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र -1, सिवनी

#### निविदा - सूचना

निविदा आमंत्रण क्र. 26/1292/ व.ले.लि. / 2024-25 सिवनी, दिनांक 27.03.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु.में ) | अनुमानित लागत ( लाख में ) | धरोहर राशि ( रु.में. ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWD RB_412785 | उपसंभाग केवलारी के अन्तर्गत पिपरिया साठई मार्ग लम्बाई 3.43 कि.मी. पुलिया सहित निर्माण कार्य। | प्रथम | 15000 | 281.04 लाख | 281100 | 06 ( छैः ) माह वर्षा ऋतु सहित | मख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2 | 2025_PWD RB_412786 | उपसंभाग केवलारी के अन्तर्गत केवलारी खेड़ा से टालाटाली मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 5.90 कि.मी. ( पुलिया एवं विद्युत कार्य सहित )। | प्रथम | 15000 | 431.63 लाख | 281100 | 08 ( आठ ) माह वर्षा ऋतु सहित | मख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 3 | 2025_PWD RB_412787 | उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अंतर्गत निवारी साल्हेकलां मार्ग लं. 0.85 कि.मी. एवं मानेगांव साल्हेकलां मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. का निर्माण कार्य, विद्युत कार्य सहित। | प्रथम | 15000 | 345.05 लाख | 345100 | 06 ( छैः ) माह वर्षा ऋतु सहित | मख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 4 | 2025_PWD RB_412790 | उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अंतर्गत आष्टा सोनावानी मार्ग लं. 5.56 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित। | प्रथम | 15000 | 499.93 लाख | 500000 | 06 ( छैः ) माह वर्षा ऋतु सहित | मख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| | | योग - 04 कार्य | | | 1557.65 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट ) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15.04.2025, ( 17.30 ) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/प्रस/लोनिवि./20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. ( धरोहर राशि ) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें। इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में ई.एम.डी. ( धरोहर राशि ) स्वीकार नहीं की जावेगी ।

**( इंजी. आर. के. हनुमंते) कार्यपालन यंत्री**
**लो. नि. वि. (भ/स) संभाग क्र -1 सिवनी**

G-24958/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


## चिराग ने मुसलमानों के खिलाफ हो रही राजनीति को किया खारिज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एवं लोकजनशक्ति पार्टी (लोजपा) प्रमुख चिराग पासवान ने सड़कों पर नमाज अदा करने वाले मुसलमानों के खिलाफ हो रही राजनीति को सिरे से खारिज करते हुए रविवार को कहा कि ये बेकार की बात है। इस पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। श्री चिराग ने कहा, ये बेकार विषय हैं। देश में कई और बड़े मुद्दे हैं जिन पर चर्चा की जानी चाहिए।

## कल से बदल जाएंगे इनकम टैक्स से जुड़े कई नियम

### 4 लाख रुपए तक की आया इनकम टैक्स-फ्री होगी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** नया वित्त वर्ष शुरू होने में 48 घंटे से भी कम का समय बचा हुआ है। इसके साथ ही इनकम टैक्स से जुड़े कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट 2025 में कई अहम ऐलान किए गए थे, जो कि एक अप्रैल से लागू हो रहे हैं, जिनका सीधा असर वेतन पाने वाले लोगों की जेब पर पड़ेगा। इन नए नियमों में इनकम टैक्स में अधिक छूट से लेकर टीडीएस नियमों में हुए बदलाव शामिल हैं। वित्त मंत्री द्वारा बजट में नई टैक्स रिजीम के तहत इनकम टैक्स में बढ़ाई गई छूट एक अप्रैल से लागू हो रही है। अब 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले लोग इनकम टैक्स छूट के दायरे में आएंगे। पहले यह आंकड़ा 7 लाख रुपए पर था।

इसके अलावा, अगर वेतन पाने वाले लोगों को मिलने वाले 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट को मिला जाए तो इनकम टैक्स में छूट बढ़कर 12.75 लाख रुपये हो जाती है। हालांकि, इनकम टैक्स छूट में कैपिटल गेन को शामिल नहीं किया गया है। इस पर अलग से टैक्स लगाया जाएगा।

**नए टैक्स स्लैब भी पेश किए गए हैं-** सरकार ने नई टैक्स रिजीम के तहत नए टैक्स स्लैब भी पेश किए हैं, जबकि पुरानी टैक्स रिजीम में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है। अब नई टैक्स रिजीम के तहत 4 लाख रुपए तक की आया इनकम टैक्स-फ्री होगी, जबकि 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए के बीच की इनकम पर 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इनकम बढ़ने के साथ टैक्स की दरें धीरे-धीरे बढ़ती जाएंगी और 24 लाख रुपए से अधिक इनकम पर यह 30 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। केंद्र सरकार ने बजट में सेक्शन 87ए के तहत मिलने वाली टैक्स छूट को 25,000 रुपए से बढ़ाकर 60,000 रुपए कर दिया है, जिससे नई टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स-फ्री हो जाएगी। बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज पर टीडीएस कटौती की सीमा को 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि अब बैंक जमा पर मिली 50,000 रुपए तक की राशि पर कोई टीडीएस नहीं कटेगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बिजली....**के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रूपये, 54,671 रूपये एवं 1,15,655 रूपये का देयक बनता है। इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रूपये प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रूपये, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रूपये एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रूपये का ही भुगतान करना होगा। कृषि मंत्री तोमर ने बताया कि कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि(रू. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। सब्सिडी देने पर शासन प्रत्येक 3 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि 28,480 रूपये, 5 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि 50,921 रूपये और 10 हॉर्स पॉवर पम्प के लिये कुल राशि 1,08,155 रूपये का भुगतान सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। इस घोषणा से कृषि उपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशि ही जमा करनी होगी। शेष 93 प्रतिशत राशिसरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषिउपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

**गांधी के विचारों को....** लिखना जितना सरल है, उतना ही कठिन भी है। श्री मांदले ने अपनी पुस्तक में गांधी के विचारों को बहुत ही सहज व सरल भाषा में प्रस्तुत किया है, जो सराहनीय है। इस पुस्तक में युवाओं को गांधी के विचारों की हकीकत बताने के साथ ही उन पर लगाए जा रहे सभी आरोपों का जवाब देने का काम किया है। लिहाजा सभी को इस पुस्तक का अध्ययन करना चाहिए। इसी तरह कवि एवं सर्वोदय समाज के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार द्विवेदी ने भी पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इसमें लेखक ने तथ्यपरक लेखन किया है, जो लोग गांधी और उनके विचारों को जानना और समझना चाहते है, उनके लिए यह किताब उपयोगी है। कार्यक्रम के प्रारंभ में युवा सरोद वादक आमिर खान ने सरोद वादन की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि गांधी के बहाने पुस्तक के लेखक पराग मंदले ने गांधी जी पर अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन युवा कथाकार डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव ने और अंत में मायाराम सुरजन फाउंडेशन के पलाश सुरजन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कवि, कथाकार व साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

**उपलब्धियों....** गौरव दिवस और विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्तकरने के साथ अन्य उपलब्धियां अर्जित की हैं।

यह उपलब्धियां विद्यार्थियों के ज्ञान और विद्या के साथ उनका उत्तरदायित्व भी बढ़ाती हैं। विद्यार्थियों के लिए भविष्य की अनेक संभावनाएं विद्यमान हैं। यही कामना है कि विद्यार्थी न केवल देश एवं प्रदेश की सेवा करें अपितु अपने कर्म और योगदान के आधार पर विक्रम विश्वविद्यालय के साथ प्रदेश और देश का नाम भी दुनिया में रोशन करें विश्वविद्यालय की 1956 में स्थापना से आज तक हुए दीक्षांत समारोहों में यह पहला मौका है जब राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, पद्मभूषण, सांसद, विधायक सभी एक साथ शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नव संवत्सर के अवसर पर उज्जैन में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। महाकाल लोक के पास सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल का लोकार्पण किया जाएगा। इससे बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं को रहने और भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरू आचार्य अर्पण भारद्वाज के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने कहा कि यह भी गौरव का विषय है कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पद्मभूषण से अलंकृत श्री कमलेश डी. पटेल को डी-लिट की मानद उपाधि से विभूषित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों को दीक्षित किया जा रहा है, वे सभी अपने ज्ञान का सदुपयोग समाज और देश की सेवा में करें।

कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र चावरे ने किया और आभार प्रदर्शन कुल सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह, रूप पमनानी, मंजुषा मिमरोट, वरूण गुप्ता, डॉ. संजय वर्मा, श्रीमती सुषमा निगवाल एवं विभिन्न संकायों के अध्यक्ष, अतिथि अध्यापक गण, उपाधि ग्रहण करने वाले विद्यार्थी और उनके अभिभावक मौजूद थे।


HDFC BANK **प्रधान कार्यालय** : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
**क्षेत्रीय कार्यालय** : एचडीएफसी बैंक लि., 4थीं मंजिल, फिदवी टॉवर, सराफ चेम्बर के सामने, माउंट रोड़, सदर नागपुर 440001 महाराष्ट्र

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

### अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।**

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ **एचडीएफसी बैंक लि.** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा ले लिया है तथा ऋणी(यों)/ बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

**अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण**

| शाखा एवं खाता का नाम | संपत्ति के बंधककर्ता के नाम | मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक | बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि | निरिक्षण की तिथी एवं समय | ई-नीलामी की तिथी/समय | बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी | प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एचडीएफसी बैंक लि. छिंदवाड़ा (म.प्र.) एवं **मेसर्स शांती कोल्ड स्टोरेज एवं आईस फेक्ट्री (ऋणी 1), मेसर्स रोशन ट्रेडर्स (ऋणी 2) एवं मेसर्स आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज (ऋणी 3)** | **मेसर्स आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज, श्री कुंदन कुमार साव, श्री रोशन कुमार साव, श्री राहुल साव एवं श्रीमती गायत्री देवी साव** | **1. शांती कोल्ड स्टोरेज एवं आईस फेक्ट्री- Rs. 9,52,35,634.36 दिनांक 01/08/2023**<br>**2. रोशन ट्रेडर्स - Rs. 1,78,39,321.1 दिनांक 02/03/2024**<br>**3.आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज- Rs. 7,93,40,359.69 दिनांक 26/09/2023** | **1.** मौजा सिवनी प्राणमोती, खसरा नंबर 137/9, बी.नं. 573, प.ह. 20, आरआईसी छिंदवाड़ा म.प्र., **कुन्दन कुमार साव के स्वामित्व में**। माप क्षेत्रफल 0.013 हेक्टेयर | **Rs. 77,00,000/- / Rs. 7,70,000/- / Rs.2,00,000/-** | **19/04/2025** दोप. 1.00 बजे से दोप. 3.00 बजे तक | **28/04/2025 प्रात: 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे तक** प्रत्येक 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ | **25-04-2025** | अमित रंजन सिंह सेंगर मोबाईल नं. 9518344952 ई-मेल आईडी: Amit.Sengar@hdfcbank.com |
| | | | **2.** मौजा सिवनी प्राणमोती, खसरा नंबर 137/4/2, 137/10/2 एनबी 573, प.ह. 20, आरआईसी छिंदवाड़ा, म.प्र., **श्री कुन्दन कुमार साव के स्वामित्व में**। कुल माप क्षेत्रफल 2700 वर्ग फीट, | **Rs.1,35,00,000/- / Rs.13,50,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **3.** मौजा सिवनी प्राणमोती, खसरा नंबर 124/2, बी.नं.573, प.ह. 23/20, आरआईसी छिंदवाड़ा, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा म.प्र., **श्री कुन्दन कुमार साव के स्वामित्व में**। कुल माप क्षेत्रफल 0.352 हेक्टेयर, | **Rs.11,69,00,000/- / Rs.1,16,90,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **4.** मौजा सिवनी प्राणमोती, खसरा नंबर 124/3, बी.नं. 573, प.ह. 23/20, आरआईसी छिंदवाड़ा म.प्र., **श्री कुंदन कुमार साव के स्वामित्व में**। कुल माप क्षेत्रफल 0.352 हेक्टेयर, | **Rs.13,11,00,000/- / Rs.1,31,11,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **5.** मौजा अजानिया, पीएचएल 22, एनबी. 03, ख नं. 68/8, रिंग रोड, छिंदवाड़ा म.प्र. 480001, क्षेत्रफल 3.004 हेक्टेयर, **रोशन साव के स्वामित्व में।** | **Rs.4,85,00,000/- / Rs.48,50,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **6.** मौजा अजानिया, पीएचएल 22, एनबी. 03, ख नं. 75/4, रिंग रोड, छिंदवाड़ा म.प्र. 480001, क्षेत्रफल 0.116 हेक्टेयर, **श्री रोशन साव के स्वामित्व में।** | **Rs.31,00,000/- / Rs.3,10,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **7.** मौजा अजानिया, पीएचएल. 22, एनबी. 03, खं. नं. 68/6, रिंग रोड, छिंदवाड़ा म.प्र. 480001, क्षेत्रफल 0.591 हेक्टेयर, **श्रीमती गायत्री देवी के स्वामित्व में।** | **Rs.1,28,00,000/- / Rs.12,80,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **8.** मौजा अजानिया, पीएचएल. 22, एनबी. 03, खं.नं. 68/9, रिंग रोड, छिंदवाड़ा म.प्र. 480001, क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर, **श्रीमती गायत्री देवी के स्वामित्व में।** | **Rs.1,63,00,000/- / Rs.16,30,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **9.** ग्राम - नयागांव बडगुआ, प.ह.नं. 29, बी.नं. 277, खसरा नं. 549/3 जिला - नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, **आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज के स्वामित्व में (इसके साझेदार श्री कुंदन साव एवं राहुल साव के माध्यम से)**, कुल माप क्षेत्र 2.896 हेक्टेयर, | **Rs.6,09,00,000/- / Rs.60,09,000/- / Rs.2,00,000/-** | **12/04/2025** दोप. 1.00 बजे से दोप. 3.00 बजे तक | | | |
| | | | **10.** गांव- नयागांव, प.ह.नं. 18, बी. नं. 277, खसरा नं. 546/ 2 एवं 548/2, जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, **आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज के स्वामित्व में (इसके साझेदारों श्री कुंदन साव एवं राहुल साव के माध्यम से)**। कुल माप क्षेत्र 1.064 हेक्टेयर, | **Rs.1,81,00,000/- / Rs.18,10,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **11.** गांव-बडगुआ, प.ह.नं.29, बी. नं. 354, खसरा नं. 94/2, जिला - नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, **आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज के स्वामित्व में (इसके साझेदारों श्री कुंदन साव एवं राहुल साव के माध्यम से)**, कुल क्षेत्रफल 2.833 हेक्टेयर, | **Rs.3,13,00,000/- / Rs.31,30,000/- / Rs.2,00,000/-** | | | | |
| | | | **12. आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज की यूनिट पर उपलब्ध प्लान्ट एवं मशीनरी,** ग्राम नयागांव-बडगुआ, जिला नरसिंहपुर | **Rs.10,00,00,000/- / Rs.1,00,00,000/- / Rs.5,00,000/-** | | | | |

**सीरियल नंबर 1 से 4 में उल्लिखित बंधक संपत्तियों का विवरण उधारकर्ता नंबर 1 एवं 2 के लिए क्रॉस कोलैटराइज्ड है, सीरियल नंबर 5 से 8 उधारकर्ता 1 से 3 के लिए क्रॉस कोलैटराइज्ड है एवं सीरियल नंबर 9 से 11 उधारकर्ता 1 के साथ बंधक हैं।**

**नियम एवं शर्ते**

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : **57500000904261** खाता का नाम : **DFSO Transitory Account**, लाभार्थी का नाम : **एचडीएफसी बैंक लि.**, आईएफएससी कोड : **HDFC0000240** में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर बैंकों के रिकॉर्ड के अनुसार विस्तृत नियमों व शर्तों में उल्लिखित एक को छोड़कर, कोई भी भार अर्थात् संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि जैसी कोई वैधानिक बकाया राशि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों/मुकदमेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उम्पर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए जाने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री मिथलेश कुमार, मोबाईल : 7080804466,** हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए **उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी** से कार्यालय अवधि (प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों में संपर्क कर सकते है।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक 15 दिनी बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा।

**दिनांक : 31.03.2025, स्थान : नागपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**

# देश-प्रदेश

उ वा च

## अब इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं

**पटना, एजेंसी।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह फिलहाल बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर भाजपा को भरोसा दिया कि अब वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि एनडीए में बने रहेंगे। दरअसल, पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए।



### मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने उज्जैन में वीर भारत संग्रहालय का भूमि पूजन किया

## वीर भारत संग्रहालय में महापुरूषों की गौरव गाथाओं का संकलन होगा : डॉ. यादव

**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रविवार को कोठी महल पर युगयुगीन भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता की महागाथा का वर्णन करने वाले वीर भारत संग्रहालय का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। हर कल्प में उज्जयिनी का अपना इतिहास रहा है। प्राचीन भारत के वीर महापुरूषों की गौरव गाथा की जानकारी इस संग्रहालय में प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण भव्य स्तर पर किया जाएगा। प्राचीन काल की सभी प्रमुख घटनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकता



पडने पर और धन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गर्व करने का एक और अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से संग्रहालय के निर्माण हेतु शुभकामनाँ दी।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र अनिल फिरोजिया, सांसद राज्यसभा बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक उज्जैन-उत्तर श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री संजय अग्रवाल, महापौर नगर पालिक निगम श्री मुकेश टटवाल निगम अध्यक्ष नगर पालिक निगम श्रीमती कलावती यादव और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित चंदन व्यास एवं उनके दल के द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर बढ़ाई गई उज्जैन विक्रम व्यापार मेले की अवधि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विक्रम व्यापार मेले की अवधि आगामी 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। इसी अनुक्रम में के परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह ने आदेश जारी किए है। मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग की अधिसूचना दिनांक 14 जनवरी, 2025 के माध्यम से ऐसे सभी गैर-परिवहन यानों (मोटर साइकिल, मोटर कार, निजी उपयोग के लिये ओमनी बस) तथा हल्के परिवहन यानों के वर्ष 2024-25 में उज्जैन विक्रम व्यापार मेला की मेला अवधि के दौरान विक्रय पर उनके देय जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट मेला अवधि 30 मार्च 2025 तक प्रदान की गई थी। अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में करते हुये, राज्य सरकार ने अधिसूचना में विहित की गई शर्तों के अध्यधीन रहते हुए अधिसूचना के माध्यम से दी गई छूट की समय-सीमा 9 अप्रैल 2025 तक के लिये, वर्तमान में जारी विक्रम व्यापार मेले की मेला अवधि तक के लिए वृद्धि की गई है।

### शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विक्रमोत्सव में उप मुख्यमंत्री बोले-

## देश को विकसित बनाने सबको संकल्पित होकर कार्य करना होगा





**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नव संवत्सर मनाने के लिये प्रदेश के ग्रामीण स्तर तक नव वर्ष की जानकारी पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिपदा, नव संवत्सर, हिन्दू नव वर्ष और गुड़ी पड़वा आज चैत्र नवरात्र से शुरू होता है। आज का दिन सूर्य उपासना का दिन है। आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। श्री देवड़ा ने कहा कि यह नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो और देश-प्रदेश आगे बढ़े। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल बने। इसके लिये हम सबको संकल्पित होकर कार्य करना होगा।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव-2025 कोटि सूर्योपासना के जिला स्तरीय आयोजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का आज शुभ दिन है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हम प्रतिवर्ष विक्रमोत्सव मनाएंगे। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर के बाद जिस पहली जनवरी को न्यू ईयर मनाया जाता है, उसका कोई इतिहास नहीं है। नव संवत्सर हमारा विजय दिवस है, शक्ति आराधना दिन है। हम सभी को आज अपने-अपने घर पर विजय पताका फहराना है। श्री शर्मा ने कहा कि दुनिया जिस कैलेन्डर पर चल रही है, उससे 57 साल पहले हमारा कैलेण्डर आ चुका था।

इस दौरान सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रीय नृत्य नाट्य की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बूट कैंप 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दूसरे दिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा -

## प्रधानमंत्री के एक विजन से भ्रष्टाचार समाप्त, देश तेजी से विकास कर रहा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार बनने के बाद जब जीरो बैलेंस पर जनधन खाते खोलने की योजना बनाई तो विपक्ष के लोग कहने लगे कि देश का विकास करने की बजाय प्रधानमंत्री खाते खुलवा रहे। उन्हीं जनधन एकाउंट में आज केंद्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक और कल्याणकारी योजनाओं की राशि डीबीटी के जरिए सीधे बैंक खाते में जा रही और योजनाओं का भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब स्वच्छता का अभियान चलाया और इस अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला और भारत में स्वच्छता का वातावरण बना।

यह बात श्री शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित बूट कैंप 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के समापन सत्र में कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लालकिले से एक लाख ऐसे लोगों को राजनीति में आने का आव्हान किया था, जिनके परिवार के लोग राजनीति में न हों। ऐसे लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए ही ''आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स'' अभियान चलाया गया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संसद और राज्यों की विधानभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का कानून बनाया है। प्रधानमंत्री




ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय की संकल्पना को साकार करते हुए देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकालने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री के विजन से भारत आज हर क्षेत्र में बहुत तेजी से तरक्की कर रहा है, इसलिए आप सभी लोग भी अब भाजपा के साथ जुड़कर देश और समाज की सेवा में अहम योगदान दें।

वहीं प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि भाजपा सुशासन के साथ अंत्योदय पर चलकर जनता की सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संपूर्ण भारत के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र के लोगों को राजनीति में लाना चाहते है। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को समझने और जनता की आकांक्षाओं और देश के हर वर्ग को जोड़कर उसे आगे ले जाने के लिए नीतियां बनाने के लिए आप लागों की जरूरत है। डॉ. अनिर्बान गांगुली ने कहा कि हमारी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से चलती है। कार्यकर्ताओं के कार्यों में भिन्नता हो सकता है, लेकिन हमारा विजन हमेशा एक रहता है।

### देश के नवनिर्माण में युवाओं को आगे आकर काम करने की जरूरत : स्वराज

सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, यह केवल एक राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन और विशिष्ट विचारधारा वाले दल के रुप में अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की रीड़ है इसलिए देश के नवनिर्माण में युवा शक्ति को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व केवल शासन का नहीं बल्कि सहभागिता का भी है। सुश्री स्वराज ने कहा कि पार्टी के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है, इसलिए प्रधानमंत्री अपने आपको जनता का सेवक कहते हैं और उसी आधार पर आम जनमानस के लिए काम करते हैं।

## भाजपा सरकार की नीतियों के कारण देश आर्थिक संकट में फंसा : अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर देश को आर्थिक संकट में फंसाने का आरोप लगाया। यहां होटल तॉज में तपस्या फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित छोटे कारोबारियों एवं उद्यमियों के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से बैंकिंग सेक्टर बैठ गया है।

बैंकों को आपस में विलय करना पड़ा। ईज आफ डूईंग बिजनेस इफेक्टिव लेस है। इनका ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इनसल्ट, क्राइम, करप्शन और कमीशन का शिकार हो गया है। पूरा कारोबार जीएसटी और टीडीएस में उलझा हुआ है। मेक इन इंडिया दिखाई नहीं देता है। मैन्युफैक्चरिंग में चीन हावी है। सरकार ने पूरा बाजार दूसरों के हाथों में दे दिया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने कारोबार के लिए सिर्फ गिनती के कारोबारियों को अवसर दिया है। बाकियों के सामने समस्यायें खड़ी कर दी गयी है।

देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। सरकार तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा कर रही है। भाजपा की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था में 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर जीने को मजबूर है। सरकार बताएं की इनकी प्रतिव्यक्ति आय क्या है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां पूरी तरह फेल है। देश में इतनी बेरोजगारी पहले कभी नहीं थी। नौजवानों के पास नौकरी, रोजगार नहीं है। कारोबार और व्यापार में महिलाओं को अवसर नहीं दिया जा रहा है।

एमएसएमई सेक्टर और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। एमएसएमई सेक्टर के पेमेंट में देरी हो रही है। समाजवादी सरकारों ने हमेशा कारोबार को सरल और आसान करने के लिए फैसले लिए। नेताजी ने मुख्यमंत्री रहते हुए चुंगी और 3/7 को खत्म किया।

## कृषि उपभोक्ताओं के बिलों का 93 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में वहन करेगी सरकार

### 37 लाख कृषि उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

**भोपाल, देशबन्धु।** नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रूपये, 54,671 रूपये एवं 1,15,655 रूपये का देयक बनता है। इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रूपये प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रूपये, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रूपये एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रूपये का ही भुगतान करना होगा।



श्री तोमर ने बताया कि सरकार द्वारालिये गये निर्णय के अनुसार कृषिउपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि(रू. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। शेष 93 प्रतिशत राशिसरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषिउपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषिश्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रूपये का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिये सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रूपये का भुगतान करेगी।

### 7 लाख मीट्रिक टन से अधिक का गेहूँ उपार्जन

## समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करें

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अत: रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूँ भीगना नहीं चाहिए।



मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि अभी तक 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण किया जा चुका है। शेष मात्रा 1 लाख 1 हजार 836 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण अति शीघ्र करवायें।

कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूँ का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भण्डारण के लिये जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर खुले में भण्डारित गेहूँ को समितियों के माध्यम से गोदामों में भण्डारण सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की स्टेक लगाकर पक्के प्लेटफार्म पर भण्डारित करायें और उसे तिरपाल से कवर करवायें।

### कश्मीरियों ने रमजान में बनाया नया रिकॉर्ड

## 30 करोड़ के खजूर, 72 करोड़ के तरबूज खाए

• सुरेश एस डुग्गर





**जम्मू, देशबन्धु।** यह रमजान कश्मीर के लोगों के लिए पिछले साल की तुलना में बहुत फलदायी रहा है क्योंकि कश्मीर वासियों ने रिकार्ड मात्रा में खजूर और फल विशेष रूप से तरबूज और केला खाया। कश्मीर के लोगों ने 30 करोड़ रुपये के खजूर, 72 करोड़ रुपए से अधिक के तरबूज और 65 करोड़ रुपये के केले खाए, जो हाल के वर्षों में एक रिकॉर्ड है। कश्मीर घाटी फल उत्पादक-सह-डीलर संघ द्वारा संकलित डेटा से संकेत मिलता है कि श्रीनगर के परिमपोरा में सबसे बड़ी फल मंडी में महीने के दौरान हर दिन 60 ट्रक तरबूज की आमद हुई।

**65 करोड़ के केले भी खाए**

संघ के अध्यक्ष बशीर अहमद बशीर बताते थे कि प्रत्येक ट्रक की कीमत लगभग 4 लाख रुपये है, जिसका मतलब है कि कश्मीर के लोगों ने इस रमजान में 72 करोड़ रुपए के तरबूज खाए। बशीर के बकौल, पिछले साल, ऐसी अफवाहें फैलीं कि तरबूजों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए उनमें रसायन मिलाए जा रहे हैं, जिससे बिक्री कम हुई। हालांकि, इस साल हमने रिकार्ड बिक्री देखी है।

खजूर के बारे में बशीर कहते थे कि कश्मीरियों ने रमजान के 28 दिनों के दौरान 25 करोड़ रुपये से 30 करोड़ रुपए के खजूर खाए। उन्होंने बताया कि यह भी एक रिकार्ड है। लोगों ने इस रमजान में बड़ी मात्रा में मेजदूल, अजवा, कलमी और अन्य सहित कई तरह के खजूर खाए हैं। जबकि परिमपोरा मंडी में भी इस साल केले के ट्रकों की रिकॉर्ड संख्या देखी गई। बशीर के मुताबिक, मंडी में रोजाना केले के 30 ट्रक आते हैं, जिनमें से प्रत्येक ट्रक की कीमत 6 लाख रुपए से 7 लाख रुपए होती है। इसका मतलब है कि कश्मीर ने रमजान के दौरान 64 करोड़ रुपये के केले खाए। तरबूज और केले के अलावा, अंगूर और खरबूजे भी बड़ी मात्रा में खाए गए। बशीर द्वारा मुहैया जानकारी के मुताबिक, मंडी में रोजाना 30 ट्रक तरबूज आते हैं, इस महीने में कुल 900 ट्रक तरबूज आए हैं। प्रत्येक ट्रक की कीमत 5 लाख रुपए है। अंगूर भी बराबर मात्रा में खाए गए। बशीर ने इस रमजान में फलों की खपत के रुझान में बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि इस सीजन में पपीते की मांग बहुत अधिक रही, मंडी में रोजाना लगभग दस ट्रक तरबूज आते हैं। प्रत्येक ट्रक की कीमत 3 लाख रुपए है। तरबूज की खेप की उत्पत्ति के बारे में बशीर ने बताया कि तरबूज गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक से आते हैं। हालांकि इसके लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन इस सीजन में कीमतें पिछले साल की तुलना में अधिक उचित थीं। मौसम इतना गर्म नहीं होने के बावजूद, तरबूज कश्मीरियों का पसंदीदा फल बना हुआ है।

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ -217
2024-2025 दिनांक 30/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री रविन्द्र विश्वकर्मा, पिता- स्व. श्री रामदयाल विश्वकर्मा खसरा नं. 279/3/7 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 10003967255 जलकर पिन नं. ......, पर पंजीकृत गृहस्वामी -श्रीमती तृप्ति बैनर्जी, पति- स्व. श्री शेखर बैनर्जी, वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 688 व.फु., विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
कृति
कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

## पश्चिम बंगाल: मोथाबाड़ी में सांप्रदायिक तनाव, 57 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में तनाव जारी है। यहां पर पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हमले हुए थे। राज्य पुलिस ने इस मामले में अब तक 57 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

जबकि राज्य पुलिस ने कलकत्ता हाईकोर्ट में भी दावा किया कि मोथाबाड़ी की स्थिति लगभग नियंत्रण में है, वहीं राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इन दावों का खंडन किया। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, यदि स्थिति नियंत्रण में होती तो तनाव वाले स्थानों से दूर बैरिकेड्स लगाकर विपक्षी पार्टी के नेताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता। शुभेंदु अधिकारी ने पिछले सप्ताह राज्यपाल सीवी आनंद बोस को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने उनसे अनुरोध किया था कि वे राज्य सरकार को निर्देश दें कि स्थिति नियंत्रण में आने तक मोथाबाड़ी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को तैनात किया जाए। इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार रविवार को मोथाबाड़ी का दौरा करेंगे और प्रभावित हिंदू परिवारों के सदस्यों से बात करेंगे।

तनाव वाले स्थानों के आसपास पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं, संभवत: मजूमदार और उनके साथियों को अशांत क्षेत्र में जाने से रोकने के लिए। जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तनाव को फिर से भड़कने से रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा नेतृत्व ने इस मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग करते हुए इस सप्ताह कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी शुरू कर दी है। कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने पहले ही मालदा के जिला मजिस्ट्रेट और जिला पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है कि मोथाबाड़ी में तनाव कैसे भड़का। हाईकोर्ट को ये रिपोर्ट सौंपने की अंतिम तारीख तीन अप्रैल है।

शनिवार शाम को पश्चिम बंगाल पुलिस के दो अधिकारियों ने आगामी रामनवमी के शुभ अवसर पर राज्य में शांति भंग करने के संभावित प्रयासों के प्रति चेतावनी जारी की थी। अतिरिक्त महानिदेशक (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने दावा किया कि पुलिस को कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा आगामी दिनों में हिंसा भड़काने की कोशिश के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली है। सरकार ने कहा, 'विभिन्न पोस्टरों या पोस्ट के माध्यम से लोगों को भड़काने की योजना है। पुलिस सतर्क है।

## वायु सेना ग्रीस में बहु राष्ट्रीय हवाई अभ्यास में हिस्सा लेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायु सेना के सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान तथा ईंधन टैंकर युक्त आई एल 78 विमान और मालवाहक विमान सी 17 कल से ग्रीस के एंड्राविडा एयर बेस पर शुरू होने वाले बहु राष्ट्रीय हवाई अभ्यास में अपनी ताकत तथा क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। वायु सेना के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि 11 अप्रैल तक चलने वाले इस अभ्यास का आयोजन ग्रीस की वायु सेना हेलेनिक कर रही है और इसमें करीब 15 देशों की वायु सेना हिस्सा ले रही हैं। यह हेलेनिक वायु सेना द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है। यह वायु सेनाओं के लिए अपने कौशल को निखारने, सामरिक ज्ञान का आदान-प्रदान करने और सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। यह अभ्यास यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों के तहत पंद्रह देशों की कई हवाई और सतही संपत्तियों को एकीकृत करेगा, जिसे आधुनिक समय की हवाई युद्ध चुनौतियों का अनुकरण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अभ्यास सभी वायु सेनाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, तालमेल और अंतर-संचालन को बढ़ाने का एक मंच है। यह अभ्यास संयुक्त हवाई संचालन की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने, जटिल हवाई युद्ध परिदृश्यों में रणनीति को परिष्कृत करने और परिचालन संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। एंड्राविडा से संचालित सभी ऑपरेशनों के साथ, वायु सेना की भागीदारी न केवल इसकी परिचालन क्षमताओं को मजबूत करेगी बल्कि भाग लेने वाले देशों के बीच आपसी सीखने और बेहतर समन्वय में भी योगदान देगी। इसमें वायु सेना की भागीदारी वैश्विक रक्षा सहयोग और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह अभ्यास भारत की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा-और मित्र देशों के साथ संयुक्त संचालन में इसकी क्षमताओं को बढ़ाएगा।

देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 31 मार्च 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मोदी की नागपुर यात्रा संतुलन की कवायद

अपने प्रधानमंत्रित्व काल के तकरीबन 11 वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी को नरेन्द्र मोदी ने इतना मजबूत बना दिया है कि उसके अध्यक्ष जेपी नड्डा को यह कहने में न तो संकोच हुआ और न ही डर लगा कि 'अब भाजपा इतनी शक्तिशाली हो चुकी है कि उसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ज़रूरत नहीं रह गयी है'। देश ने अब तक भाजपा के दो ही प्रधानमंत्री देखे हैं- मोदी के अलावा अटल बिहारी वाजपेयी। तीन बार पीएम का पद सम्हालने वाले वाजपेयी का कार्यकाल हालांकि एक ही बार पूर्णकालिक रहा था (पहले दो बार क्रमश: 13 दिन व 13 माह का)। अटल बिहारी वाजपेयी 2007 में गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लेने के दौरान संघ मुख्यालय गए थे, लेकिन तब वह प्रधानमंत्री के पद पर नहीं थे। बतौर प्रधानमंत्री मोदी ने भी 2014 से अब तक यहां आने की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। 11 सालों बाद 2025 में अब कहीं जाकर मोदी ने रविवार को यहां का दौरा किया। वे भवन में स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर भी गये जहां संघ के संस्थापक हेडगेवार तथा दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक हैं। इससे पहले मोदी 2013 में यहां आये थे, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संघ के पदाधिकारी तथा प्रवक्ता इसे 'गैर राजनीतिक यात्रा' बता रहे हैं, लेकिन संघ से वाकई बड़े हो चुके मोदी के यहां आने का मकसद,वह भी इतनी देर से, ढूंढ़ा जा रहा है।

पहली बात यह कही जाती है कि नड्डा के उपरोक्त उल्लेखित बयान के कारण भाजपा तथा संघ के बीच रिश्तों में आई दरार को पाटने मोदी यहां आये थे। इतना ही नहीं, यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अगले साल बिहार में होने जा रहे चुनाव पर भी चर्चा हुई होगी। कोई कह सकता है कि इस दौरान जब मोदी ने लोकसभा के तीन और न जाने कितने राज्यों के विधानसभा चुनाव जीत लिये तो अब बिहार का चुनाव जीतने हेतु उन्हें संघ प्रमुख से चर्चा करने के लिये क्योंकर आने की आवश्यकता महसूस हुई होगी। बिहार के बारे में पिछले कुछ समय से भाजपा तथा संघ गम्भीर हैं। वह इस मायने में कि प्रदेश की भाजपा इकाई ने यह कहकर बिहार जीतने की मंशा जाहिर की है कि, 'पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब यहां भाजपा का मुख्यमंत्री बने।' हाल ही में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बिहार का पांच दिवसीय दौरा किया था। इन सारी बातों को जोड़कर भी देखा जा रहा है। वैसे नड्डा की बात में दम तो है कि संघ के बिना भाजपा को चुनाव जीतना आता है। वे दिन गये कि संघ के असंख्य कार्यकर्ता वर्तमान भाजपा और पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के प्रत्याशियों के लिये चुनावी श्रम करते थे। अब भाजपा कायकर्ताओं के बल पर नहीं वरन केन्द्रीय जांच एजेंसियों- सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर आदि के जरिये विपक्ष को खत्म कर, ऑपरशन लोटस, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, ईवीएम, इलेक्टोरल बॉन्ड्स से इकट्ठी धन राशि, समर्थक मीडिया, आईटी सेल आदि के बल पर चुनाव जीतती है।

वैसे तो जब सक्रिय राजनीति में शामिल या सत्ता में बैठे लोग आरएसएस से दूरी बनाकर रखते हैं, तो यह संघ के उस विमर्श को बढ़ाने में मददगार साबित होता है जिसमें कहा जाता है कि 'संघ एक सांस्कृतिक संगठन है' तथा 'उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।' हालांकि संघ व भाजपा के अंतर्संबंधों का पर्याप्त खुलासा हो चुका है तथा अब इस बात को बाहरी ही नहीं, खुद दोनों संगठनों के लोग नहीं मानेंगे।

बहरहाल, संघ कार्यालय में उन्होंने अपने 34 मिनट के भाषण में संघ की स्वाभाविकत: भरपूर तारीफ की। उसे 'वटवृक्ष' बताया तथा कहा कि 'संघ उनके जैसे लाखों लोगों को देश के लिये जीने की प्रेरणा है।' फरवरी में मुम्बई में हुए भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए तथा हाल ही में प्रसिद्ध अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ हुई चर्चा में भी मोदी ने संघ की प्रशंसा की थी तथा अपने जीवन पर संगठन के पड़े प्रभाव को बतलाया था। अपने भाषण में मोदी ने देश में हुई विभिन्न त्रासदियों में संघ कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों को मदद पहुंचाने का ज़िक्र भी किया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कोरोना काल में जब लाखों देशवासी ऑक्सीजन, दवाओं तथा बिस्तरों के अभाव में मर रहे थे, उस दौरान अथवा इसी साल जनवरी-फरवरी में प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुम्भ के दौरान हुई भगदड़ों से प्रभावित लोगों की संघ ने क्या सेवा की। हालांकि अब यह सर्वज्ञात है कि संघ की भूमिका व योगदान सिफर ही था। हां, इस दौरान वे हिन्दू-मुस्लिम खाई चौड़ी करने में पहले की तरह ही सक्रिय थे।

अपनी नागपुर यात्रा के दौरान पीएम ने दीक्षाभूमि के दर्शन भी किये। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर ने 1956 में अपने लाखों अनुयायियों को बौद्ध धर्म में प्रविष्ट कराया था। वह एक ऐतिहासिक घटना तो है लेकिन मोदी का वहां जाना मार्के की बात है, क्योंकि संघ का अंबेडकर, उनके संविधान, खासकर आरक्षण के कारण प्रबल बैर रहा है- वह भी आरम्भ से ही। हालिया दौर में संविधान का मुद्दा भारतीय राजनीति के केन्द्र में आ गया है। 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटें चाहती थी ताकि संविधान बदला जाये। जब इसी मुद्दे ने भाजपा को अल्पमत में ला दिया व दूसरे दलों की मदद से उसे सरकार बनानी पड़ी, तो मोदी व भाजपा को खुद को संविधान का रक्षक साबित करना ज़रूरी हो गया है। इसी विमर्श ने मोदी को दीक्षाभूमि में ला खड़ा किया। सिर्फ संघ कार्यालय या केवल दीक्षाभूमि जाते तो दोनों ही स्थितियों में उन्हें अड़चन होती। उनकी नागपुर यात्रा संतुलन बनाने की कवायद है।

# गुझिया भी सिवंइयां भी : देश की तरक्की की दुआएं भी!

अभी तीन दिन पहले अलविदा का जुमा- था, रमजान का आखिरी जुमा उस दिन भी लिखा था कि टीवी वालों को मस्जिदों से लाइव टेलिकास्ट करके पूरे देश को बताना चाहिए कि मुस्लिम क्या करते हैं? क्या दुआएं मांगते हैं?

क्या देश की तरक्की, सबकी खुशियां, हिन्दू-मुसलमान हर धर्म के लोगों की भलाई की प्रार्थनाएं हर मस्जिद से नहीं होती हैं?

नहीं बताया। गोदी मीडिया को यह आदेश नहीं है। वह गुलामी के सबसे खराब दिनों से गुजर रहा है। प्यार, मोहब्बत, भाईचारे को आंखों से देखकर भी वह उसके बारे में बता नहीं सकता। एक बड़े टीवी चेनल के मालिक उसके प्रमुख एंकर हैं तो पत्रकार भी कहते हैं खुद को वे दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम की इफ्तार की दावत में गए। बहुत खुश होकर शाही इमाम की तारीफ की। मुसलमानों ने उनका कैसा स्वागत किया यह बताया। मगर अपने टीवी पर प्रेम, भाइचारे की कितनी खबरें चलाईं, कितनी डिबेट कीं पता नहीं।

टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।

कोई भी धर्म जाति ऐसे नहीं बदल जाती। कोई क्या कह रहा है, क्या कर रहा है उससे आप खुद को नीचे नहीं गिरा लेते। देश में न हिन्दू नफरती हुआ है और न मुसलमान।

संभल के उस पुलिस के सीओ के मालूम नहीं कि गुझिया मुसलमान कितनी खाता है और कितनी खिलाता है। हमारे यहां जितनी सिवंइयां खिलाई जाती हैं। उससे ज्यादा गुझिया। हम तो बहुत जगह रहे हैं अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान जयपुर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, एनसीआर। बहुत सारे दोस्त हैं। सबको मालूम है कि होली, दीवाली, दशहरा और दशहरा तो हमारे गृह नगर दतिया मध्य प्रदेश में हमारे दादा साहब (और उनसे पहले इनके वालिद, पूर्वजों) की तलवार के वार के बिना मनता नहीं था। दूर-दूर से लोग रियासत दतिया का दशहरा देखने आते थे। शहर के सबसे बड़े मैदान सुरय्यन में दतिया महाराज गोविन्द सिंह जू देव कई दिनों से पाले एक शक्तिशाली भैंसे पर भाले से प्रहार करते थे। और इसके साथ ही उसकी रस्सी काट दी जाती थी। क्रोधित भैंसा तेजी से भागता था। विशाल मैदान जो अब खेल स्टेडियम बना दिया गया है, के चारों तरफ भीड़ होती थी।

भैंसे के खुलते ही घुड़सवार सरदार उसके पीछे भागते थे। महाराज का हुक्म होता था कि रियाया तक नहीं पहुंच पाए। जनता को चोट नहीं पहुंचे। उधर जनता उन्माद में जोर-जोर से चिल्लाती थी। घबराया भैंसा कभी उनकी तरफ कभी पीछा करते घुड़सवारों की तरफ कभी जहां महाराज हाथी पर बैठे होते थे उस तरफ कहीं भी दौड़ पड़ता था। और ऐसे में दतिया और बुंदेलखंड में कहावत है कि पहला हाथ मोहम्मद हादी खां साहब (हमारे दादा साहब) का पड़ता था। मतलब भैंसे के गर्दन पर पहला तलवार का वार।

तो लिखा इसलिए कि अब ईद पर भी जो सवाल उठाए जा रहे हैं तो देश में ईद ही नहीं मुसलमान सदियों से हर त्यौहार दशहरा, दीवाली, होली सब मिलजुल कर मनाता है।

और बताते हैं कुछ। दीवाली का जिक्र किया। तो शायद पहले लिख भी चुके हैं। कोई बात नहीं। अच्छी बातें प्रेम भाईचारे मेल-मिलाप की जितनी बार बताई जाए कम है। तो दीवाली हमारे यहां कैसे मनाई जाती थी। उसकी निशानी तो आज भी हमारे पास है। 1962 की बात है। सबसे छोटी बहन हुई थी। सब उसमें लगे थे। मगर दीवाली भी मन रही थी। हम सबसे बड़े लड़के तो सारे पटाखों पर कब्जा करे थे। आठ साल के थे। पापा उधर मां-बहन में व्यस्त थे। और हमने उनके सिगरेट का डिब्बा खाली किया। टिन का होता था। उसके नीचे रखा बड़ा सुतली बम और चला दिया।

टिन का डिब्बा सीधा आकर हमारे मुंह पर। खून ही खून। सब भागते हुए आए। एक ही बात कि आंख में तो नहीं लगा। हमें तो कुछ पता नहीं। आंखें तो बंद थीं। मगर कहा- नहीं लगा। आवाज आई आप तो चुप रहिए। आपका हिसाब तो बाद में किया जाएगा। पहले यह बताओ कि यह सिगरेट का डिब्बा आया कहां से? सिगरेट कौन पीता है? यह दादा साहब थे। सब चुप। खैर आंख बची। नाक पर कई टांके लगे। अभी भी निशान हैं। तो ऐसे मनता था दशहरा ऐसे मनती थी दीवाली। ईद पर तो हम नहीं बताएंगे। क्योंकि ईद पर ही इन सबकी नफरत फैलाने वालों की निगाहें लगी हुई हैं। वह दोस्तों में से कोई भी बता सकता है।



शकील अख्तर

**टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।**

तो बात गुझिया से शुरू हुई थी। तो वह भी बता दें। जम्मू में थे। बेटा हुआ था। तत्काल बाद ही होली थी। अब होली में गुझिया की खोज शुरू हुई। बेटा होने के कारण घर में बनाने की स्थिति थी नहीं। पूरे जम्मू में कहीं भी गुझिया नहीं मिली। बनाई ही नहीं जाती थी। वहां प्रचलन में ही नहीं थी। अब आ गई हो तो पता नहीं। वहां का सबसे बड़ा त्यौहार लोहड़ी हुआ करता था। राखी को रक्खड़ी बोलते हैं। वह भी बड़ा त्यौहार था। होली जब हम वहां मनाते थे लोग कहते थे आपके यहां ज्यादा मनती है। वह आपके यहां भौगोलिक पहचान की बात थी। धर्म की उस समय ऐसी बातें नहीं होती थीं। और सांस्कृतिक विभिन्नता, खान-पान का फर्क कैसा था यह हमने बता ही दिया कि होली बिना गुझिया के।

और बताते हैं। भाजपा के लोग कह रहे हैं कि ईद पर नानवेज क्यों? अब तो पूरे भारत की पार्टी हो गई है! तो पूरे भारत के बारे में मालूम होना चाहिए! कश्मीर की शिवरात्रि के बारे में भी। कश्मीरी पंडितों का सबसे बड़ा त्यौहार। बड़ा दिन कहते हैं इसको। और इस दिन नान वेज बनता है। खाते हैं खिलाते हैं।

कहां ले जा रहे हैं यह देश को। ईद पर नानवेज मना किया है। कई मुस्लिम नेताओं ने कहा नहीं खाना चाहिए। नहीं खाएंगे। आम मुसलमानों में से भी बहुत लोगों की अपीलें देखीं। बहुत लोग नहीं खाएंगे। शायद पहली बार होगा। मगर एक बात और बता दें कि इस बार पहली बार यह भी हुआ है कि होली पर नान वेज खाया गया। हमारे यहां तो पहली बार। जैसा बताया कि होली पर सब वैज वही बनता था जो हमारे हिन्दू दोस्तों के यहां बनता रहा। मगर यहां बिहार के बहुत लोग दोस्त बने। होली के दिन तो मटन खाना ही है वाले। हमारे घर में कोई सुन ले तो अभी भी डांट पड़ जाएगी कि होली के दिन मटन का क्या मेल! हां, ईद पर वेज हमारे यहां नार्मल है। बहुत सारे दोस्त ऐसे थे जो नान वेज नहीं खाते। उनके लिए वेज के कई आइटम बनते थे और मजेदार बात यह भी बता दें कि भाजपा आरएसएस के भी बहुत दोस्त खाने पर आते थे। मगर जरूरी नहीं कि वे सब वेज हों। वेज नानवेज कभी इशु नहीं रहा। मगर अब तो यह कहां-कहां तक विभाजन पहुंचा देंगे कहना मुश्किल है।

मगर हम तो और हम क्या? देश के अधिकांश हिन्दू-मुसलमान सब यहीं कहेंगे-

चाहे जितनी कोशिश कर लो यह देश सब त्यौहार मिलजुल कर मनाता है। और मनाता रहेगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# क्या तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन करेगी?

■ **सुशील कुट्टी**

विटकलबाजी' शब्द का प्रयोग आम बात है। अगर आपको नहीं पता कि क्या हो रहा है, तो 'अटकलबाजी' काम आता है। पत्रकारों के लिए 'अटकलबाजी' पर वापस आना स्वाभाविक है, ताकि कोई मुद्दा न उठाया जाये। अभी अटकलें लगाई जा रही हैं कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच क्या बातचीत चल रही है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिर भी भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या पक रहा है, इस बारे में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की दिलचस्पी ने तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों को जकड़ लिया है। भाजपा और अन्नाद्रमुकनेताओं के बीच हुई बैठकों ने इस मामले को और भी उलझा दिया है। सबसे हालिया मुलाकात अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच देश की राजधानी दिल्ली में हुई।

इससे 'संभावित गठबंधन' की 'अटकलें' लगने लगीं और स्टालिन अपनी वास्तविक और काल्पनिक चिंताओं को कम करने के लिए इसकी पुष्टि चाहते थे। 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और यह मोड़ 2025 के कुछ मोड़ों से ज्यादा दूर नहीं है: तमिलनाडु में चुनाव होंगे और द्रमुक सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही है!

इसके अलावा, भाजपा यह अनुमान लगा रही है कि तमिलनाडु की जनता के बीच उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। खासकर, भाजपा के तमिलनाडु में भविष्य के दारोमदार के अन्नामलाई के लिए, जो भाजपा के लिए एंटीना हैं और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के लिए अभिशाप। जब भी एम के स्टालिन अपनी सरकार की उपलब्धियों पर आराम करते हैं, अन्नामलाई गुब्बारे में हवा भर देते हैं।

इतना ही नहीं, स्टालिन के उत्तराधिकारी उदयनिधि स्टालिन पिछले कुछ महीनों से असामान्य रूप से शांत हैं। युवा स्टालिन, अन्यथा, भूमध्य रेखा के इस तरफ सबसे ज्यादा बात करने वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने बहुत सारी बातें कीं। मुख्यमंत्री स्टालिन भी इस अटकलबाज़ी से चुप थे कि उनमें एक महान प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है!

कोई बात नहीं, यह एक सपना भी था और अटकलबाज़ी भी थी। इसके बारे में भी सोचें - अटकलबाज़ी थी कि स्टालिन, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे या राहुल गांधी नहीं तो पिनाराई विजयन एक अच्छे प्रधानमंत्री बन सकते हैं!

इन सबके बीच, भाजपा और अन्नाद्रमुक एक बार फिर 'संभावित गठबंधन' के लिए बातचीत कर रहे थे। ऐसी बातें हमेशा राजनीतिक बवंडर में उड़ जाती थीं और भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों हमेशा अपनी-अपनी मीठी राह पर चलते थे, हाथ जेब में डाले हुए। किसी को इस बात को स्पष्ट करना चाहिए। पत्रकारों पर इसे छोड़ना अब तक कारगर नहीं रहा है। पलानी स्वामी से संपर्क किया गया और उन्होंने कहा: 'हमारी विचारधारा अपरिवर्तित है। गठबंधन परिस्थितियों और अवसरों के अनुसार बदलेंगे। क्या सभी सहयोगी हमेशा के लिए द्रमुक के साथ रहेंगे? अगला चुनाव अगले मार्च में ही है, और हमारे पास इन मामलों पर निर्णय लेने के लिए एक साल है।'

अगर ईपीएस अन्नाद्रमुक के इतने बड़े पदाधिकारी नहीं होते, तो उन्हें 'स्रोतों' की सूची से हटा दिया जाता। लेकिन फिर, अटकलें लगाने के लिए क्या बचा रह जाता? 'कुछ पर्यवेक्षकों' का मानना है कि 'अन्नाद्रमुक में कई लोग' वैचारिक मतभेदों के कारण अनुमान लगाने से हिचकिचाते हैं।

इसके बावजूद, तमिलनाडु की राजनीति में दोनों दलों के अस्तित्व के लिए भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन महत्वपूर्ण है।इसलिए भी क्योंकि द्रमुक 'हिंदी थोपने' से लेकर 'द्रविड़ खतरे में है' तक, अत्यधिक भावनात्मक मुद्दों के समुद्र में पनपती है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं और 'मात्र अटकलें' नहीं हैं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने घोषणा की है कि वह तमिलनाडु के 39 सांसदों का नेतृत्व करेंगे और 'निष्पक्ष परिसीमन' के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। यह चर्चा के बीच है कि स्टालिन अभी भी 'दक्षिण के राजनेताओं' के बीच 'दक्षिण में भाजपा विरोधी विपक्ष के चेहरे' के रूप में शीर्ष स्थान पर हैं।

ईपीएस और भाजपा दोनों ही एम के स्टालिन की स्थिति से वाकिफ हैं और अटकलें लगाई जा रही हैं कि पलानी स्वामी और शाह दोनों के पास भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों को परेशान करने वाली राजनीतिक विसंगतियों के सामने एक समझौते पर पहुंचने और आत्मसमर्पण करने के लिए बहुत कम समय है। ईपीएस और अमित शाह के बीच बैठक इस बात का संकेत थी कि दोनों पार्टियों, भाजपा और अन्नाद्रमुक को मिलकर काम करना होगा और 2026 के चुनावों के लिए बहुत कम समय बचा है। क्या यह बात के अन्नामलाई को समझ में आ गयी है, जो 2023 से ही अन्नाद्रमुक पर लगातार हमला कर रहे थे?

**मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं।**

इसलिए, भाजपा और अन्नाद्रमुक का 'शीर्ष नेतृत्व' आमने-सामने है। संदेश यह है कि मतभेदों को दूर किया जाना चाहिए और व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। यही कारण है कि द्रमुक नेतृत्व को यह अनुमान लगाने पर मजबूर होना पड़ा है कि 'भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या चल रहा है?' मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को अन्नाद्रमुक या भारतीय जनता पार्टी में किसी भेदिए की जरूरत है! यह तब है, जब चर्चा इस बात पर भी जोर दे रही है कि 'उच्चस्तरीय संचालन समिति' का गठन किया जायेगा और अन्नामलाई को संयम बरतने की चेतावनी दी गयी है। दूसरी तरफ, ईपीएस ने भाजपा से कहा है कि वह अन्नाद्रमुक के बागी टीटीवी दिनाकरन और ओ पन्नीर सेल्वम को बाहर रखे।

भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन का एक लंबा और कभी-कभी मुश्किल भरा इतिहास रहा है, जो उस समय से शुरू हुआ जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और जे जयललिता अन्नाद्रमुक सुप्रीमो थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से चीजें नहीं बदलीं।

लेकिन जब 'अम्मा' ने दुनिया को अलविदा कहा, तो दोनों दलों ने एक बार फिर गठबंधन किया और यहां तक कि वे 2019 के लोकसभा चुनाव भी एक साथ लड़े। लेकिन 2019 और 2021 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की शानदार जीत ने उनके लिए आखिरी तिनका साबित किया। सितंबर 2023 में दोनों पार्टियों ने प्रधानमंत्री मोदी के चहेते, डार्क-हॉर्स के अन्नामलाई की मदद से अलग होने का फैसला किया। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु में अपने वोट शेयर में बढ़ोतरी देखी। अटकलें जारी हैं कि अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने से इसके वोट-शेयर और चुनावी प्रदर्शन में भी सुधार होगा। लेकिन अटकलें मुफ्त में आती हैं और इसमें कोई शर्त नहीं होती। वास्तविकता यह है कि 'वैचारिक मतभेद' हैं और अन्नाद्रमुक को एम के स्टालिन और उदयनिधि स्टालिन से कम 'द्रविड़' नहीं माना जा सकता। बनिया-ब्राह्मण भारतीय जनता पार्टी द्रविड़ लूप से पूरी तरह बाहर है।

## आपके पत्र

# भूकम्प से दुनिया को गंभीर संकेत, म्यांमार,थाईलैंड में दुःखद हाहाकार

म्यांमार,थाईलैंड में भूकंप,प्रकृति से खिलवाड़ का क्रूरतम प्रतिफल ही है। हजारों की इहलीला खत्म हुई है, संपत्ति का नुकसान अलग हुआ है। लोगबाग बेखर हो चुकें हैं चारों तरफ तबाही का मंजर है। जिस तरह इन देशों में प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है और बेतरतीब वनों की कटाई, पानी का दुरूपयोग और बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं के निर्माण ने प्रकृति को ललकारा है नतीजे के तौर 4.1 रिक्टर का भूकंप भारी जानमाल की तबाही लेकर आया है। भूकंप के झटके भारत, चीन, इंडोनेशिया, बर्मा आदि में भी महसूस हुए हैं। हमें अब सावधान हो जाना चाहिए, प्रकृति से बेजा खिलवाड़ बंद करना होगा वर्ना भयावह नतीजे सामने हैं ही। हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई। आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई-नई तकनीक ट्रैक्टर, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनीयों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कलकल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे-मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा-भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी न मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने,महानगर ब ने, मकान बने किन्तु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत। हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन, पानी, हरियाली,पक्षी, जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध काक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा, सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

**-संजीव ठाकुर**



# ललित सुरजन की कलम से

## यात्रा वृतांत: शिलांग : इन पुरखों को प्रणाम

*'वाकया कोई दो सौ साल पुराना है। सन् 1830-40 के आसपास का। मेघालय की राजधानी शिलांग से लगभग अस्सी किलोमीटर दूर रिवाई गांव के निकट एक पहाड़ी नदी पर बने पुल की ओर हम चलते हैं। यह एक अद्भुत पुल है। यह न सीमेंट से बना है और न पत्थर से, और न ही लकड़ी के तख्तों से। सीमेंट का आविष्कार तो सौ साल बाद 1938 में हुआ। यह खासी जनजाति का इलाका है। नदी के उस पार गांव के लोगों को बरसात के मौसम में चारों तरफ से संपर्क कट जाने के कारण अनेक तकलीफों का सामना करना पड़ता था। तब इस गांव के बुद्धिमानों ने एक उपाय खोजा। उन्होंने दोनों किनारों पर रबर के बहुत से पेड़ लगाए। प्रसंगवश कह दूं कि रबर पीपल की प्रजाति का ही एक वृक्ष है। ये पेड़ थोड़े बड़े हुए और इनकी जड़ें हवा में झूलने लगीं तो जड़ों को आपस में बांधकर पुल बना लिया गया। सुनने में बात बहुत सरल लगती है, लेकिन पेड़ों को लगाना, जड़ों का बढना, उनको आपस में जोडना और ऐसी मजबूती देना कि आने-जाने में कोई भय न हो, क्या कोई आसान काम रहा होगा?'*

**(देशबंधु में 30 मार्च 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/03/blog-post_29.html

## गुरुवाणी विचार

### गउड़ी महला 9

साधो इह मन गहियो न जाई-
चंचल तिरिसना संग बसत है या ते थिर न रहाई।

इन पंक्तियों में नौवें नानक गुरुतेग बहादुरजी मानव मन को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि इंसान के मन को समझना बहुत कठिन है क्योंकि इंसान के मन के साथ आशा, तृष्णा, नामक दो चंडालनें चिपकी रहती है जो उसे कभी सीधा चलने नहीं देती। मन कवि की कल्पना से भी तेज चलता है इसलिए उसकी पहुंच हर जगह हो जाती है। इसी कारण यह माया के जाल में फंसा रहता है और कभी भी सीधे रास्ते पर नहीं चल पाता। हर वक्त विषय विकारों में गलतान रहता है। माया रचियता अज्ञान के अंधेरे में पागल हाथी समान संसार में भटकता रहता है। जिस तरह हाथी को वश में लाने के लिए एक महावत अंकुश का इस्तेमाल करके काबू में रखता है। हमें भी सिमरन बंदगी रूपी मथनी से मथ कर प्रभु भक्ति में मन लगाना पड़ेगा। इसके लिए हमें ऐसी संगत में हर वक्त जाते रहना पड़ेगा जहां प्रभु कीर्तन होता हो। जहां प्रभु कथा होती हो तथा ऐसी पुस्तकें पढ़नी पड़ेंगी जिससे हम प्रभु के सिमरन बंदगी में अपने मन को जोड़ सकें। हालांकि यह बहुत ही कठिन काम है क्योंकि मन हर वक्त विषय विकारों की तरफ दौड़ता रहता है परन्तु हमें इसे जबरन प्रेरित कर साध संगत में ले जाना पड़ेगा। बार बार प्रभु कथा कीर्तन उसे सुनाते रहना पड़ेगा। ताकि एक आध अक्षर ही सही उसके हृदय में बस जाए। क्योंकि कहा गया है कि-कनका एक जिस जीऊ बसावै। ताकि महिमा गानी न पड़े। जिस तरह सागर की मौजों से टकराते टकराते अथवा नदी की लहरों से ठोकर खाते खाते एक टेढ़ा मेढ़ा पतथर भी मिलकर पूज्यनीय मूर्ति सालिग राम या शिवलिंग बन जाता है। ठीक उसी तरह बार -बार सतसंग करते करते मन कभी न कभी तो चेत जाएगा और प्रभु संकीर्तन में जुड़ जाएगा। क्योंकि आपदाओं तथा विघ्नों से जूझने वाला मनुष्य ही ज्ञानवान तथा चेतन सालिगराम बन जाता है।

भक्त कबीर दास जी के मुताबिक यह मन बन का एक उड़न पखेरू है जो हर बात अपने उदर पोषण हेतु भटकता रहता है। कहे कबीर सुनो रे संतों ऐह मन उड़न पखेरू बन का।

अचेत मन हर वक्त दूसरों का बुरा ही मांगता रहेगा। साध संगत में भी कोई पूरा सुचेत रहता है कोई आधा सुचेत हो पाता है। कोई दस प्रतिशत। कथा सुनाने वाले भी अपनी रोजी रोटी की खातिर ही औरों को धार्मिक गीत सुनाते रहते हैं। कोई विरला ही प्रभु को मन में बसा पाता है। गरीब मुल्ला भी वैसे तो जाग जाग कर मस्जिद में पांचों वक्त नमाज अदा करता है पर उसका यह काम सिर्फ अपनी रोजी रोजगार का साधन ही होता है। इसलिए हमें भी परमात्मा के सिमरन बंदगी में मन रमाना चाहिए। हक की कमाई कर सरबद के भले की राह पर चल सके। तभी हमारा लोक और परलोक दोनों सुखी हो सकते हैं-

ऐह लोक सुखिये परलोक सुहेले
नानक हरि प्रभु आपै मेले।

इसलिए अपने मन को हर वक्त हमें समझाते रहना है। सिमरन भजन रूपी अंकुश मारते रहना पड़ेगा। इसलिए गुरुवाणी हिदायत देती है। इस मन को कोई खोजो भाई मन खोजत ना नवनिध पाई। हमने अगर मन को प्रभु के चरणों की तरफ मोड़ लिया तो समझ लो हमने नवनिधियां और अठारह सिद्धियों की प्राप्ति कर ली। मन जीते जग जीते। क्योंकि वह फिर अपने अंदर ही विराजमान प्रभु परमात्मा के दर्शन कर पाएगा इसलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है।

मन मेरया अंतर तेरे निधान है बाहर वसत न भाल।

**-इंदर सिंह आहुजा**

# मौसम का हाल: अगले चौबीस घंटे में धूप और छांव के बीच चलेगी आंख मिचौली

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में मौसम का मिजाज अपना असर दिखा रहा है। रविवार को जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री नीचे खिसक गया, वहीं दिन के तापमान भी 35 डिग्री पर अटक गया है। इससे शाम ढलते ही गरमाहट घटने लगी है। रात के समय ठंडक घुल जाती है। बीच-बीच में तेज हवा के झोंके भी चल रहे हैं। इससे लोगों को तेज धूप से थोड़ी राहत है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनु सार 30 मार्च को जबलपुर का न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री सेल्सियस आंका गया। बीते साल 37.7 और 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इससे समझा जा सकता है कि इस साल शाम के बाद गर्मी का असर अभी शुरू नही हुआ है। साथ ही अभी उत्तर से पश्चिम की हवाएं पांच किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। अगले चौबीस घंटे में जबलपुर में मौसम आम तौर पर शुष्क रह सकता है।

**नगर में न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री नीचे पहुंचा**

उल्लेखनीय है कि अभी बीते साल की तुलना में मार्च के अंतिम सप्ताह में तपन वाली गर्मी नहीं आई है। वहीं दूसरी तरफ मौसम के जानकार चेता रहे हैं कि अप्रेल और मई में गर्मी के तेवर बढ़ेंगे, जिसके लिये लोगों को तैयार रहना होगा। इसमें कहा जा रहा है कि लू या गरम हवाएं बीते साल से अधिक तीव्रता के साथ चल सकती हैं। इसके लिये मौसम के वैज्ञानिक अपने तर्क दे रहे हैं।

इधर अभी जिस तरह मौसम का हाल है, उसके बाद ग्रामीण अंचलों में किसानों को राहत है। गेहूं और दूसरी फसलों को काटने की तैयारी जारी है। कुछ जगह तो फसल की कटाई होने भी लगी है। शेष जगह इसके लिये हारवेस्टर और पुराने तरीके से कटाई की जायेगी। पंजाब और हरियाणा की तरफ से आने वाले बड़े-बड़े हारवेस्टर खेतों की तरफ पहुंचने लगे हैं। कुल मिलाकर अभी किसानों पर मौसम मेहरबान हैं और तेज धूप से अभी बचत हो रही है।

# जीवन अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पित होना चाहिए : प्रेमशंकर सिदार






## जबलपुर महानगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन स्थानों पर हुआ वर्षप्रतिपदा उत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें जबलपुर महानगर पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 3485 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिए, जिसमें समाज निर्माण और राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया गया।

नर्मदा भाग के कार्यक्रम में 1434 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता मध्यक्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक प्रेम शंकर ने डॉ. हेडगेवार जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, यह जीवन अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पित होना चाहिए। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सभी कठिनाइयों को सहर्ष स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे, सहविभाग संघचालक अनिरुद्ध कौरवार भाग संघचालक दुर्गा प्रसाद ग्यारसिया की उपस्थिति रही।

कृषि भाग का कार्यक्रम जेडीए ग्राउंड, विजयनगर में आयोजित हुआ, जिसमें 673 स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। जबलपुर विभाग प्रचारक आनंद ने संघ के पंच भूत विमर्श पर चर्चा करते हुए हिंदू समाज के उत्थान एवं विकास के लिए करणीय विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बेंगलुरु में संपन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की प्रमुख चर्चाओं की जानकारी भी साझा की।

आयुध भाग में भी वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें 1378 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक बृजकांत ने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारी संस्कृति आदि से अनंत तक अक्षुण्ण है, और इसे संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विभाग संघचालक डॉ. कैलाश गुप्ता, भाग संघचालक वीरेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज के शिवलाल जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## क्रिकेट ट्रॉफी में जबलपुर और शहडोल के बीच खेला गया मेच

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय नीमखेड़ा मैदान पर खेली जा रही है एम वाय मेमोरियल सीनियर इंटर डिवीजनल क्रिकेट ट्रॉफी में आज जबलपुर और शहडोल के मध्य ग्रुप बी का अंतिम लीग मैच आरंभ हुआ।

जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में प्रारंभिक बल्लेबाज यश चिनपुरिया के 63 मंगेश यादव के 42 वरुण तिवारी के 37 तथा कप्तान शिवम तिवारी के 31 रनों की मदद से 287 रनों का स्कोर खड़ा किया ।

शहडोल की ओर से मासूम रजा ने पांच ,नयन राज मेवाड़ा एवं शिवम द्विवेदी ने दो दो विकेट प्राप्त किये।

मैच के दौरान ऑब्जर्वर अनिल द्विवेदी, प्रदेश के चयनकर्ता सचिन धौलपूरे जबलपुर में संभाग की क्रिकेट संचालन हेतु गठित समिति के सदस्य अचल सिंह गौर, मनोज ठाकुर, नितिन पांडे और विष्णु पटेल उपस्थित थे।

## आस्था के साथ निकला ज्वारा जुलूस



**जबलपुर, देशबन्धु।** रविवार/चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर खेरमाई मंदिर, गोरखपुर से परम्परागत ज्वारे जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में मातृ शक्ति के साथ ही गणमान्य जन शामिल हुए। समापन पर भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## परियट नदी में स्वच्छता साफ सफाई एवं नदी गहरीकरण का कार्य



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा 30 मार्च 2024 को निरंदपुर पनागर में किया गया जिला समंवयक प्रदीप तिवारी विकासखंड समंवयक भारत महरोलिया नवांकुर संस्था अध्यक्ष जनहित स्वयंसेवी संस्था संजीत अहिरवार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रस्फु टन समिति निरंदपुरा अध्यक्ष राज कुमार बर्मन जी उप सरपंच चन्द्र प्रताप परिहार ग्राम सचिव राजेश पटेल, समस्त प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्राम जन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 120 वें संस्करण को जबलपुर महानगर के 967 बूथों में सुना



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 120 वें संस्करण को जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में सुना गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी बूथों में मन की बात सुनने का आग्रह किया गया था और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथों में क्षेत्रीय जनों के साथ कार्यक्रम को सुना।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उत्तर विधानसभा में, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं अभिलाष पांडे ने भी अग्रसेन वार्ड में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120 वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने चैत्र नवरात्र, भारतीय नववर्ष और विभिन्न त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की विविधता में एकता ही हमारी ताकत है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उत्तर विधानसभा के दीनदयाल मंडल के भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड के बूथ क्र 206 में स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात को सुना। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सपन यादव, एड सचिन जैन, शिरीष सिंघई, अनूप शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं विधायक अभिलाष पांडे ने उत्तर विधानसभा के चंद्रशेखर आजाद मंडल के अग्रसेन वार्ड के बूथ क्र 93 में कार्यकर्ताओ और क्षेत्रीय जनों के साथ मन की बात सुनी।

इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, पार्षद कमलेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे के साथ बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया हमारे प्रधानमंत्री जी माह के अंतिम रविवार को देश की जनता को मन की बात के रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित कर तात्कालिक विषयो, परिस्थितियों और सम सामयिक घटनाओं के संदर्भ पर चर्चा करते है और अपने विचारों से मार्गदर्शित करते है। भाजपा के तय कार्यक्रमों में इस महत्पूर्ण कार्यक्रम को भी बूथ स्तर पर सुना जाता है जिसमे हमारे कार्यकर्ता स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मन की बात सुनते है।

# सूर्य की उपासना प्रकृति के साथ सामंजस्य : राकेश सिंह



**जबलपुर, देशबन्धु।** सृष्टि के आरंभ दिवस और वर्ष प्रतिपदा विक्र म संवत 2082 की शुरुआत पर गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भगवान सूर्य की उपासना की गई और पूरे विधि विधान से सृष्टि के रचियता भगवान ब्रह्मा के प्रतीक ब्रह्मध्वज की स्थापना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भगवान सूर्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

लोक निर्माण मंत्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिले और प्रदेश के नागरिकों को भारतीय नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य की उपासना हमारे लिये सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने का पर्व है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि भारत का नव वर्ष काल और समय की गणना भर नहीं है बल्कि ऋ तुओं में बदलाव एवं प्रकृति में होने वाले परिवर्तन और इनका मानव जीवन पर पडने वाले प्रभाव इन परिवर्तनों का तथा भगवान सूर्य की आराधना एवं पूजा पद्धति के माध्यम से किस तरह लाभ उठाया जा सकता है इसका उत्कृष्ठ उदाहरण है।

लोक निर्माण मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में वर्ष प्रतिपदा पर भगवान सूर्य की उपासना की शुरुआत को अनुपम बताया और इसके लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई एवं अशोक रोहाणी, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्वतंत्र निदेशक और प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, समाजसेवी और प्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष, डॉ जीतेन्द्र जामदार, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह एवं नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी भी मौजूद थे।

**स्कूली बच्चों की प्रस्तुती-** कार्यक्रम स्कूली बच्चों द्वारा भगवान सूर्य की उपासना की गई तथा स्कूली बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम प्रस्तुत किया गया। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन भी इस अवसर पर किया गया।

## मां जगत जननी 'पिंडी रानी' की विधिवत स्थापना संपन्न



जबलपुर, देशबन्धु। तिलवारा घाट स्थित भोले कुटी में भक्तिमय वातावरण के बीच माँ जगत जननी पिंडी रानी की स्थापना विधिवत रूप से संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और माँ की आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन का सफल संचालन श्री राजकुमार सिंगराहा (भोले) के संरक्षण में हुआ, जो विगत 20 वर्षों से श्री अमरनाथ जी यात्रा को सुनियोजित रूप से संपन्न कराते आ रहे हैं और माँ नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा में सतत समर्पित हैं। भोले कुटी, जो तिलवारा घाट के पुराने पुल के नीचे स्थित है, पहले से ही भोलेनाथ, शनिदेव, भैरवनाथ एवं हनुमान जी के पावन मंदिरों का स्थल रहा है। अब माँ जगत जननी पिंडी रानी की प्रतिष्ठा के साथ यह स्थान और अधिक दिव्य एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक बन गया है।

इस कार्यक्रम में संस्थापक सिद्ध गणेश मंदिर ग्वारीघाट ( राम बहादुर महाराज ) मुकेश सोनी ,बृजेश शर्मा, सुनील धगट ,श्याम नारायण ,मुकेश पटेल ,अमित मालविया,पुरषोत्तम महादेव,सतेंद्रकुमार, आशीष चौबे ,विवेक कुशवाहा ,अंकुश सेन ,प्रदीप सिंह ,राम नरेश यादव ,अवधेश दुबे ,विजयानंद मिश्रा सहित समिति के सदस्य और भक्तजन उपस्थित रहे।

# नए निष्कर्ष निकालने में सहायक हैं मेडिसिन अपडेट जैसे आयोजन



**एपीआई जबलपुर चैप्टर की वार्षिक कॉन्फ्रेंस शामिल हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, चिकित्सकों को किया सम्मानित**

**जबलपुर, देशबन्धु।** एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई),जबलपुर चैप्टर के तत्वावधान में वार्षिक कॉन्फ्रेंस 26 वीं मेडिसिन अपडेट 2025 का आयोजन विजन महल, तिलहरी में किया गया। दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन

अवॉर्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि पाटन विधायक अजय विश्नोई रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हेल्थ केयर क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता से निरंतर प्रगति हो रही है। मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार नए निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं, जिससे नई पीढ़ी को भी लाभ मिलता है।

श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रदेश में एमबीबीएस की 10 हज़ार और पीजी में 5 हज़ार सीट की वृद्धि की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश हेल्थ केयर में किया गया है और डॉक्टरों के लिए बेहतर प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं।

श्री शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरों की क्वालिटी और मानक, मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समय के साथ उन्हें अपडेट रहना चाहिए और ऐसे सेमिनार से नई जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सेवा भाव से कार्य कर समाज में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है और 2047 तक अमेरिका और चीन को भी पीछे छोड़कर भारत शीर्ष पर पहुंचेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने सेमिनार में आए निष्कर्षों को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया। पूर्व मंत्री और विधायक श्री विश्नोई ने कहा कि मेडिसिन अपडेट समय की मांग है। एलोपैथी में नई खोजों से पीड़ित मानवता की सेवा होती है। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों की भी सराहना की। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा भी मौजूद रहे। एपीआई के अध्यक्ष डॉ. नवीन शर्मा व एपीआई के सचिव डॉ. अखिलेश तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मकसद इंटरनल मेडिसिन के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोधों को सामने लाना रहा। देश के कोने-कोने से पहुंचे विषयों ने यहां विचार व्यक्त किए। पैनल डिस्कशन में चिकित्सा जगत के वर्तमान मुद्दों व चुनौतियों पर चर्चा की गई। शोधकर्ता व छात्र अपने कार्य को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। आयोजन समिति में डॉ.एस के मिश्रा,डॉ.अश्वनी पाठक,डॉ.अनुपम श्रीवास्तव,डॉ. संजय नेमा,डॉ. एचपी एस चंदेल का सहयोग रहा।

**इन्हें मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट**

समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड डॉ. डीएस बहरानी, डॉ. एन के बंसल, डॉ. विजय चावला, डॉ. अनिल अरोरा को प्रदान किया गया। बोनमैरो ट्रांसप्लांटेशन, लिवर ट्रांसप्लांटेशन, कोलेस्ट्रॉल कम करने की नई दवाइयों, ब्रेन स्ट्रोक्स से बचाव, हार्ट फेल के मरीजों को दिए जाने वाले उपचार आदि विषयों पर चर्चा की गई।

# 5 अप्रैल से शुरू होगा बरगी बांध की सुरम्य वादियों में झील महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडला मार्ग पर स्थित समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाड़ियों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर होने जा रहे झील महोत्सव की तैयारी पूर्णता की ओर है।पांच अप्रैल से आरंभ हो रहा झील महोत्सव में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियां देखने मिलेंगी, वहीं शाम को सुरों की सरिता बहेगी। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) का यह आयोजन 20 अप्रैल तक चलेगा।

झील महोत्सव में बरगी बांध की अथाह जलराशि में जहां मोटर बोट और अन्य राइड का पर्यटक आनंद उठाएंगे, वहीं पानी के बाहर ग्राउंड एक्टिविटीज के अंतर्गत पैरामोटरिंग का रोमांच भी होगा। मोटर बोट दौडाने वाले विशेषज्ञों का दल आयोजन स्थल पहुंच गया है। साहसिक खेल सतपुडा स्पोर्टस क्लब के ट्रेनर कराएंगे।

पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी बनाने की तैयारी पूर्णता की ओर है। पर्यटकों के लिए स्विस टेंट में रुकने की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर लगने वाले डोम के अंदर फूड जोन के साथ विभिन्न उत्पादों के स्टाल यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए मनोरंजन में बढोतरी करेंगे। समाधि रोड से आगे बरबटी से एकलव्य हास्टल से आगे नर्मदा के इस सुरम्य तट तक पहुंचा जा सकता है।

**नर्मदा तट पर बहेगी सुरों की धारा**

जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि महोत्सव में वाटर स्पोर्टस की वह सभी राइड देखने मिलेंगी जो समुद्र तटीय महानगरों में देखने मिलती हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में होने वाले साहसिक खेलों का आनंद अब यहाँ उठाया जा सकता है। पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्र ने बताया कि यह वाटर कार्नीवाल जबलपुर को पर्यटन के नक्शे में और चमकाएगा।

## संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला हुआ संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासन की कृषि संबंधी योजनाओं के प्रचार-प्रसार व नवीनतम कृषि तकनीक के प्रति जागरूकता के लिये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 29 एवं 30 मार्च को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह जेएनकेव्हीमव्हीव के कुलगुरू डॉ. पीके मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

मेले में लघु धान्य फसलों को आमजनों की थाली तक पहुंचाने के लिए मेले में फडो कोर्ट भी लगाया गया। मेले में संभाग के सभी जिलों से तथा अन्यप संभाग के बाहर के कृषकों ने अपने उत्पाद का प्रदर्शन किया।

# मां शैलपुत्री की उपासना से शुरू हुई नवरात्रि



छोटी बजरिया दुर्गा मंदिर में स्थित भव्य दुर्गा का श्रृंगार



## मठ-मंदिरों में उत्साह, पूजा-पाठ-अनुष्ठान का क्रम जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना उपासना के साथ वासंतेय नवरात्रि महापर्व शुरू हुआ। जगत जननी की साधना तो हर वर्ष होती है, लेकिन इस बार इन नौ दिनों में मैया की साधना को ज्योतिषविद अत्यावश्यक बता रहे ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि ऐसे प्रतिकूल समय में यदि मां भगवती की साधना की जायेगी तो विपरीत परिस्थितियों में डट कर खड़े रहने की शक्ति मां भगवती देंगी। उल्लेखनीय है कि इस नवरात्रि में माता का आगमन गज पर सवार होकर हो रहा है। ज्ञानी मान रहे हैं कि इस बार की साधना से साधक मानसिक रूप से भवपार होगा। जब भी नवरात्रि में माता का आगमन गज पर होता है तो समाज में अस्थिरता, तनाव, अचानक बड़ी दुर्घटनाए आदि की स्थिति से निजात मिलती है। आम जनमानस के सुखों में कमी की होती है। इसलिए इस नवरात्रि में माता का पूजन अर्चन क्षमा प्रार्थना के साथ किया जाना नितांत आवश्यक है प्रत्येक दिन विधिवत पूजा के उपरांत क्षमा प्रार्थना किया जाना भी अति आवश्यक होगा लाभदायक होगा।

आज ही हुई थी सृष्टि निर्मित- मान्यता है कि हिन्दू नव वर्ष के आरंभ में ही ब्रम्हा ने सृष्टि रची थी। गुड़ी का अर्थ है विजय पताका। आज केदिन से चैत्र नवरात्रि का आरंभ भी होता है। महाराष्ट्र में इस दिन पूरन पोली या मीठी रोटी बनाई जाती है। इसमें जो चीजें मिलाई जाती हैं वे हैं गुड़, नमक, नीम के फूल, इमली और कच्चा आम। गुड़ मिठास के लिएए नीम के फूल कड़वाहट मिटाने के लिए और इमली व आम जीवन के खट्टे. मीठे स्वाद चखने का प्रतीक होती है। मंदिरों में लग गई भीड़- देवी मंदिरों में मैया के भक्तों की भीड़ लग गई है। बड़ी खेरमाई-छोटी खेरमाई, बड़ी देवन, छोटी देवन, बूढ़ी खेरमाई, दीक्षितपुरा देवन, भरतीपुर मंदिर, काली माई सदर, गढ़ा फाटक मंदिर सहित सभी सिद्ध देवी स्थलों पर आज सुबह से दर्शनों का तांता लगा रहा। मंदिरों में घट स्थापना का क्रम सुबह से ही शुय हो गया था। आने वाले नो दिन मैया के विविध श्रृंगार होंगे। व्यक्तिगत साधना करने वालों के लिए भी नवरात्र खास है। सभी ने अपनी-अपनी सामथ्र्य के हिसाब से मां की उपासना के नियम लिए हैं। ज्योति से चैतन्य हुआ बगलामुखी मठ- नवरात्र की विशेष साधना के लिए विख्यात सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी मठ आज ईश्वरीय आलोक के चैतन्य प्रकाश से रोशन हो गया। ब्रम्हचारी चैतन्यानंदजी ने बताया कि मंदिर के घट स्थापना परिसर में हजारों की संख्या में अखंड ज्योत उजासित की गई है। न सिर्फ शहर बल्कि दूर-दराज के श्रद्धालुओं सहित विदेशों के शक्ति-उपासकों द्वारा यहां घट प्रज्जवलित कराए गए हैं।

# दिल में अल्लाह की इबादत होठों पे सबके लिए दुआ



**जबलपुर, देशबन्धु।** साधना का पर्व रमजान का समापन ईद से होता है। बोहरा समाज ने ईद आज मना ली। यदि चांद नजर आया तो बाकी समाज ईद मनाएंगे। यदि नहीं दिखा तो परसों ईद होगी। बोहरा समाज की कोतवाली स्थित मस्जिद में सुबह से ईद की धूम रही। बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह था। लोगों ने नमाज के बाद एक दूसरे के गले लग कर ईद की बधाई दी। रमजान के को ईद उल फित्र का चांद के निकलने की संभावना गई थी।

मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश के अनुसार 30 मार्च रमजान को ईद उल फित्र का चाँद नजर आ गया। लिहाजा सांय मगरिन के वक़्त चाँद देखने कि पूरी कोशिश करें। चाँद नजर आने पर मौलाना साहब के मोबा 9302256729 पर फौरन इत्तिला दे। ताकि राब्ता कायम करने मे सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके। इधर मीना बाजार से लेकर कपड़ा मार्केट, खाने-पीने की दुकानों में खरीददारी करने वालों की भीड़ बढ़ गई है। नया मोहल्ला, गोहलपुर, चार खम्बा, मिलीनीगज मार्केट, सदर सहित अन्य क्षेत्रों में भी भारी भीड़ देखी गई। यही नही कल शाम तक शहर के विभिन्न हिस्सों में रोजा अफ्तार भी बड़ी सख्या में लोग उपस्थित थे। उपनगरीय क्षेत्र रामपुर स्थित कल्याण भवन में प्रबुद्धजनों द्वारा विशाल रोजा अफ्तार का एहतेमाम बुजुर्गों की सरपरस्ती में किया गया। अफ्तारोपरान्त मगरिब की सामूहिक नमाज अदा कराई और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआएं मांगी गई। रोजा अफ्तार में सभी वर्गों के लोगों सहित हजारों की तादाद मे रोजेदार मौजूद रहे।

**मुस्लिम इलाकों में चहल-पहल-** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व ईद-उल-फित्र के मौके पर प्रतिवषार्नुसार लगने वाला मीना बाजार मिलोनीगंज से नालनंद मोहल्ला, बोहराबाग, पसियाना, रजा चौक होते हुए मोछहरिया तक लगाया गया है। मीना बाजार में रात भर भारी जन सैलाब उमड़ रहा है। मुस्लिम विकास परिषद द्वारा मीना बाजार में महिलाओं और बच्चों को हो रही परेशानियों को देखते हुए यातायात, पानी व अन्य व्यवस्था की जा रही हैं।

# हिंदू एकता के लिए निकलेगी आज विशाल गदा यात्रा

## हिंदू सेवा परिषद के स्थापना एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हिंदू राष्ट्र की भरेंगे हुंकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज 31 मार्च दिन सोमवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा स्थापना दिवस एवं हिंदू नव वर्ष के अवसर पर श्री हनुमान मंदिर नौदरा ब्रिज से दोपहर 12.00 बजे ऐतिहासिक गदा यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें जगद्गुरु राघव देवाचार्य महाराज जी एवं डॉ स्वामी मुकुंददास महाराज जी एवं संस्कारधानी के समस्त संत जनों की अगवाही में यह विशाल गदा यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया जावेगा।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परम् पूज्य स्वामी दीपंकर महाराज जी (सहारनपुर)आनंद जब एवं आनंद जाखोटिया (हिंदू जन जागृति)मुख्य रूप से शामिल होंगे।

हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि यात्रा मैं मुख्य आकर्षण का केंद्र 31 फीट मिटी का गदा बैलगाड़ी में रहेगा, साथ ही भगवा ध्वज लिए हजारों हिन्दू राम भक्त यात्रा में शामिल होंगे और मुख्य अतिथि स्वामी दीपंकर महाराज जी सभी हिंदुओं से हिंदू होने की भिक्षा भी मांगेंगे और हिंदू राष्ट्र की मांग को प्रबल बनाने संकल्पित होंगे। हिन्दू सेवा परिषद समस्त शहरवासियों से निवेदन करता है कि वह इस यात्रा में हजारों की संख्या में सम्मिलित हुए और इस यात्रा को सफल बनाएं। इस गदा यात्रा को निकालने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अब भारत हिंदू राष्ट्र बन जावे। इस विशाल ऐतिहासिक गधा यात्रा में उपस्थिति की अपील अतुल जेसवानी, सौरभ जैन,उत्कर्ष रावत,धीरज ज्ञानचंदानी, नितिन सोनपाली, गौरव साहू, दीपक विश्वकर्मा अभिषेक अहिरवार अनिल कुशवाहा रवि कुशवाहा उमेश रजक, विनय राजपूत, साहिल कुशवाहा,अक्षय शुक्ला आदि ने उपस्तिथि की अपील की।

**गदा यात्रा में ही होगी भिक्षा यात्रा**

# ईद पर व्यवस्थाओं की मांग

**जबलपुर, देबशन्धु।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व ईद-उल-फित्र के अवसर पर मुस्लिम विकास परिषद ने मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओ की मांग की है। परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, पत्रकार आरिफ खान, समाजसेवी फैजान कुरैशी, एड. अय्यूब अंसारी, रम्भल विश्वकर्मा, मामूर गुड्डु, एड.रियाज, इस्तियाक अंसारी, इरफान कुरैशी, जावेद मिर्जा, गुलाम साबरी, एड. अकबर उस्मानी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, अशरफ कुरैशी, लियाकत जावेद, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, अहमद रज़ा, इस्लाम अली आदि ने नगर निगम, जिला व पुलिस प्रशासन से मस्जिदों के आसपास व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में उचित साफ सफाई, बिजली, नलों में अतिरिक्त पानी, पानी के टैंकर, चूने की लाइने, डीडीटी छिड़काव व पुलिस व्यवस्था किये जाने की मांग की है।

# भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेटीचंड पर निकली विशाल शोभा यात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेटीचंड महोत्सव के पावन अवसर पर विशाल शोभायात्रा श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारम्भ हो कर गलगला, मुकदमगंज, तुलाराम चोक, करमचंद चोक, कॉफ़ी हाउस रोड, बड़ी ओमती, घंटाघर, सिंधु भवन मे समापन हुई जिसमे भगवान श्री झूलेलाल जी बैलगाड़ी मे, पूज्य ज्योति, बैंड दल, धमाल पार्टी, मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण, मोबाइल डिजिटल ड्रग से विखारते परिवार,भगवान झूलेलाल, माँ भगवती, शिव परिवार आकर्षक का कैन्द्र थे।

यात्रा मे 15 झाकिया शामिल हुई यात्रा मे स्वामी प्रदीप महाराज,पंडित वेदांत शर्मा, राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री, अशोक ईश्वरदास रोहणी, भा.जापा. अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, करतार सिंह बठेजा, अंचल सोनकर सोनू बचवानी द्वारा हरी झंडे दी गई! जिसमे बैंड दल, धमाल पार्टी, दुल्दुल घोड़ी, अनेक झाकिया निकाली गई। हजारों की संख्या मे सिंधी समाज शामिल हुआ तत्पश्चात विशाल भंडारा सिंधु भवन मे किया गया!यात्रा मे समिति के मोतीलाल पा रवानी उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, राम आहूजा, कैलाश वासवानी,रमेश आहूजा, राम आहूजा, माधवदास कुंदवानी, अर्जुन पुरसवानी, विजय कुंगानी, सतपाल दरयानी, रतन वछनी, गोविन्द हीरानी, सुरेश असवानी, सुधीर भगचंदौनी, रितेश मोटवानी, सोनू लालवानी, धर्मेन्द्र मंगलानी, पप्पू जय भोले, रोशन रामचंदनी, अनिल रोहरा, महेश पुरष्वाणी,हरीश आहूजा, ने सभी उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 31 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-अश्विनी।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

# जबलपुर क्लब प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर क्लब प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल रात्रि 9.30 बजे से मेजिक 11 और ओमती बॉयज के बीच खेला गया मैच की शुरुआत जबलपुर क्लब के सचिव कमलेश रावत उपाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल सह सचिव राजेश पाण्डेय लड्डू सदस्य मनोज चौरसिया द्वारा मैच का शुभारंभ किया गया, लड्डू पांडे द्वारा सिक्का उछलकर फाइनल मैच का टॉस कराया गया, जिसमें मैजिक 11 में तो जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, ओमती बॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 रन बनाए जवाबी पारी में मैजिक 11 के विकेट जल्दी-जल्दी 5 विकेट गिर गए अंत में ब्राबो और वसीम ने दो ओवर में 37 बनाकर मैजिक बॉय 11 को विजेता बनाया जिसमे की फाइनल मैच के मुख्य अतिथि लखन घनघोरिया द्वारा विजेता और विजेता टीमों को पुरस्कार ओर विजेता टीम को 15000 रु ओर उपविजेता टीम को 7000 रु देकर सम्मानित किया गया टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर सार्थक शर्मा रहे जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 19 विकेट लिए टूर्नामेंट के बेस्ट बेस्ट मैन मुजाहिद ओमती बॉयस से रहे जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 196 रन बनाए फाइनल मैच का मेन ऑफ़ दी मैच मेजिक 11 के डीजे ब्रावो को दिया गया।

# चालीसे काल का चौथा पवित्र कैथड्रल सम्पन्न



**जबलपुर, देबशन्धु।** प्रभु येशु के पवित्र दु:ख भोग के चालीसे काल का चौथा पवित्र रविवार सदर स्थित माहगिरिजा घर सेन्ट पीटर एन्ड पॉल कैथड्रल मैं सम्पन्न हुआ, आज का पवित्र मिस्सा बलिदान सेन्ट अलायोसिस कॉलेज के प्राचार्य डॉ बेन अटोंन रोस के द्वारा अर्पित किया गया अपने उपदेश में फादर जी ने उड़ाउ पुत्र की कहानी के दृस्तान्त द्वारा समाज को बताया की एक पिता के दो पुत्र थे उसमे से एक ने अपने पिता से प्राप्त पूरी सम्पति को सांसारिक भोग बिलास मैं उड़ा दिया और जब उसकी संपत्ति समाप्त हो गई और एक बदहाली के जीवन जीने के लिए मजबूर हुया तब उसने निचय किया की बो अपना मन परिवर्तित करेगा एवेंम अपने पिता के घर वापस जाकर उनसे माफी मांगेगा , यह सोच कर बो अपने पिता के घर आता है और अपने पिता से माफी मांग कर अपना जीवन बदलता है, उसका पिता भी उसे माफ करता है और अपने पुत्र को पुन: अपने घर मे रखता है.. साथ ही फादर ने यह भी कहा की लोगों किस प्रकार आपस मैं परिवार के बीच मेल मिलाप के साथ रहना चाहिये एवेंम और सांसारिक संपत्ति नही परन्तु प्रभू येशू के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे पल्ली सचिव फेलेक्स बारला, जॉन डेविड , मनोज अन्थोनी , रेशलू पीटर, जूसिया, आदी का सहयोग रहा .

# सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिजली बिलों की 93 प्रतिशत राशि सब्सिडी के रूप में वहन करेगी

## कुल 26762 करोड़ रूपए की सब्सिडी वहन करेगी प्रदेश सरकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** 30 मार्च। प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है एवं इसके अंतर्गत म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमश: तीन हॉर्स पॉवर, पॉच हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के कृषि उपभोक्ताओं को पूर्ण वर्ष में 30730 रूपए, 54671 रूपए एवं 115655 रूपए का देयक बनता है, जबकि राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर सब्सिडी की घोषणा की गई है जिसके अनुसार किसानों को मात्र रू. 750/- प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात उपरोक्त श्रेणी के उपभोक?ताओं को क्रमश: कुल 2250 रूपए, 3750 रूपए एवं रू. 7500 रूपए का ही भुगतान करना होगा।

सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है, जिसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि (रूपए 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्तानुसार सब्सिडी देने पर शासन प्रत्येक 3 हॉर्स पावर पम्प हेतु कुल राशि 28480 रूपए , 5 हॉर्स पावर पम्प हेतु कुल राशि 50921 रूपए, 10 हॉर्स पावर पम्प हेतु कुल राशि 108155 रूपए का भुगतान सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। इस प्रकार की घोषणा से कृषि उपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशि ही जमा करना होगी जबकि म.प्र. सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिलों का लगभग 93 प्रतिशत राशि? सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में कुल लगभग 37 लाख कृषि उपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं ।

**कर्मचारी जगत**

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री राकेश कथूरिया-** भारत हाउसिंग सोसायटी मदन महल निवासी श्री राकेश कथूरिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गगन ठाकुर-** टैगोर नगर पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ निवासी श्री गगन ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला देवी झा-** शोभापुर गोकलपुर निवासी श्री गूरू प्रसाद झा की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी झा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनूप लाल-** धोबीघाट कजरवारा वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री अनूप लाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद पटेल-** महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री विनोद पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**अंश चौधरी-** भोला नगर ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री दिलीप चौधरी के पुत्र अंश चौधरी (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदर्श अंसोरिया-** आईटीआई के सामने माढ़ोताल निवासी श्री प्रवीण अंसोरिया के पुत्र श्री आदर्श अंसोरिया (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री तुलसीराम प्रजापति-** शारदा नगर करमेता निवासी श्री तुलसीराम प्रजापति (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा राय-** मदनमहल गंगासागर रोड निवासी श्री सुरेश राय की धर्मपत्नी श्रीमती रमा राय (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा-** नेशनल कॉलोनी बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री विनोद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सारंग कार्तिकेय-** अनंततारा तिलहरी निवासी श्री सुरेश लाल कार्तिकेय के पुत्र श्री सारंग कार्तिकेय (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मोहन चंद गुछाईत-** स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री मोहन चंद गुछाईत (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# पहचान कौन के चक्कर में लुटा व्यापारी

## साइबर ठग ने मोबाइल पर भेजा फोटो, फोटो डाउनलोड कर कॉल रिसीव करते ही खाते से 2 लाख पार

**जबलपुर,देशबन्धु।** साइबर ठग हर रोज नई तकनीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं लेकिन शिकायतों के बावजूद इन ठगों पर पुलिस शिकंजा नहीं कस पा रही हैं।

आनलाइन ठगी की एक नई तकनीक का शहर में एक अनोखा मामला सामने आया हैं जिसमें साइबर ठग ने किसी पुराने मित्र की तरह शहर के एक व्यापारी को पहले एक फोटो भेजा फिर कॉल कर फोटो डाउनलोड कर पहचान करने की बात कही, जिसे क्लिक करने के बाद बार-बार फोन कर रहे साइबर ठग का फोन रिसीव करते ही व्यापारी के बैंक खाते से 2 लाख 11 हजार रुपए कट गए। इस मामले में पीड़ित कोतवाली थानांतर्गत स्नेह नगर में स्टेशनरी व्यापारी प्रदीप कुमार की स्थिति काटो तो खून नहीं जैसी हैं। पुलिस के अनुसार प्रदीप के मोबाइल पर एक साइबर ठग ने पहले एक फोटो भेजकर उसे डाउनलोड कर पहचानने के लिए कहा। व्यापारी ने फोटो डाउनलोड किया। डाउनलोड किया फोटो में दिखाए दे रहे वृद्ध को प्रदीप पहचानते नहीं थे इसी वजह से जब दोबार आरोपी काफोन



आया तो उन्होंने नहीं उठाया, जिसके बाद आरोपी लगातार उन्हें फोन लगाता रहा। परेशान होकर दोपहर में प्रदीप ने फोन रिसिव कर कहा कि वे उसे नहीं पहचानते। लेकिन पहले अनजाना कॉल रिसिव करने और उसके कहे अनुसार फोटो डाउलोड करने के बाद दूसरा कॉल रिसीव करने के दौरान कब प्रदीप के बैंक खाते से 2 लाख 11 हजार रुपए कट गए इसका पता व्यापारी को साइबर ठग का आखिरी कॉल रिसीव करने के कुछ समय बाद चला।

### मोबाइल हैक कर निकाले रुपए

पुलिस के अनुसार व्यापारी के मोबाइल को हैक करके उसके खाते से रुपए निकाले गए। व्यापारी द्वारा मामले में साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई गई जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं। पुलिस के अनुसार स्नेह नगर में स्टेशनरी व्यापारी प्रदीप कुमार के मोबाइल पर शुक्रवार को सुबह आठ बजे फोन नंबर 9827832213 से काल आया। फोन करने वाले आरोपी साइबर ठग ने कहा कि उसने एक फोटो भेजा है, डाउनलोड करके देखिए कि पहचानते है क्या? फोटो डाउनलोड कराने के नाम पर आरोपी साइबर ठग मोबाइल हैक कर सकता हैं इस बात से अनभिज्ञ प्रदीप ने आरोपी के कहे अनुसार फोटो डाउनलोड किया तो एक वृद्ध व्यक्ति का फोटो था जिसे वे नहीं पहचानते थे। इसलिए बाद में फोन आने पर उस कॉल को रिसीव नहीं किया।

### एक रुपये अकाउंट में आए, फिर चले गए सारे रुपये

लगातार फोन आने पर दोपहर में एक बार फोन रिसीव कर लिया। वृद्ध को नहीं पहचानने की बात कहकर फोन रख दिया लेकिन जैसे ही उन्होंने यह बात कह कर फोन काटा वैसे ही तुरंत उनके बैंक से फोन पर तीन मैसेज आए।

इसमें एक रुपये खाते में आने और फिर एक लाख और एक लाख 10 हजार रुपये कटने की सूचना थी।

### हैदराबाद के एटीएम से निकाले रुपए

व्यापारी द्वारा कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया गया था। इस पर बैंक पहुंचा तो संदिग्ध खाते में रुपये जाने का पता चला। व्यापारी ने साइबर सेल में शिकायत की है। पुलिस के अनुसार ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए व्यापारी का खोवा मंडी स्थित कैनरा बैंक में खाता है। वे नेट बैंकिंग का उपयोग नहीं करते हैं। ठग ने मोबाइल हैक करके उनके बैंक से नेट बैंकिंग कर लिया। ट्रांजेक्शन और मोबाइल पर आए संदेशों की विवेचना के बाद पुलिस के सामने यह बात आ रही हैं कि राशि को हैदराबाद के एक बैंक खाते में स्थानांतरित करते हुए ठगी गई राशि को वहां एटीएम से निकाला गया।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये जारी बिजली टैरिफ आदेश के मुख्य बिंदु

**जबलपुर,देशबन्धु।** विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा मांगी गई 7.52 प्रतिशत वृद्धि के विरुद्ध मात्र 3.46 प्रतिशत की औसत दर से वृद्धि की गई है। विगत वर्षों की भांति उपभोक्तिाओं को मीटर रेंट अथवा मीटरिंग चार्ज नहीं लगेंगे। घरेलू उपभोक्ता ओं के 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक बढ़ाये गये हैं परंतु इन उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना के तहत पहले की तरह मात्र 100 रुपये का ही भुगतान करना होगा। बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में भुगतान की जायेगी।


गैर घरेलू उपभोक्ताओं को छो?कर अन्य सभी निम्न-दाब उपभोक्ता श्रेणी की न्यूनतम दर बिलिंग (टैरिफ मिनिमम बिलिंग) विगत वर्षों में समाप्त की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 से निम्न-दाब गैर घरेलू उपभोक्ताओं एवं उच्चदाब सीनल उपभोक्ता श्रेणी की न्यूनतम दर बिलिंग भी समाप्त। 10 किलोवॉट से कम भार वाले उपभोक्ता जो स्मार्ट मीटर लगवाते हैं, उनको सोलर घंटों (प्रात 9:00 से सायं 5:00 बजे तक) की खपत पर ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की भारी छूट मिलेगी। इनको शीर्ष घंटे मे भी कोई अधिभार नहीं रहेगा।

विगत वर्ष के दर आदेश के अनुसार लागू सभी छूट यथावत लागू रखी गयी हैं। 10 किलोवाट से अधिक भार वाले निम्न दाब श्रेणी के घरेलू एवं सामान्य जल प्रदाय एवं सड़क बत्ती एवं एच.वी.-6 श्रेणी के उपभोक्ताओं को टी.ओ.डी. (टाइम ऑफ डे) टैरिफ के अंतर्गत लाया गया। उच्च दाब उपभोक्ताओं को रात्रिकालीन उपभोग पर छूट आंशिक संशोधन के साथ यथावत रहेगी। ऊर्जा प्रभार में माह जून से सितम्बर तक 10 प्रतिशत एवं शेष माहों में 7.50 प्रतिशत की छूट का प्रावधान होगा। उच्च दाब/अति उच्च दाब उपभोक्ताओं को छूट/प्रोत्साहन की व्यवस्था जारी रहेगी। प्रीपेड उपभोक्ताओं को छूट / प्रोत्साहन की व्यवस्था जारी रहेगी।

शीघ्र / ऑनलाईन भुगतान के लिए छूट / प्रोत्साहन की व्यवस्था जारी रहेगी। पावर फैक्टर / लोड फैक्टर प्रोत्साहन की व्यवस्था जारी रहेगी। हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन- प्रमाणीकरण के लिये हरित ऊर्जा टैरिफ में कमी। विद्युत वितरण कंपनियों के लिए शोध एवं विकास फंड की व्यवस्था- इससे तकनीकी हस्तक्षेप, संचालन दक्षता में सुधार एवं लागत में बचत का अध्ययन हो सकेगा। वितरण कंपनियों को उपभोक्ता सेवाओं में बेहतरी के निर्देश- उपभोक्ता सेवा में खामी पर क्षतिपूर्ति का भुगतान होगा। सम्पूर्ण टैरिफ आदेश आयोग की वेबसाइट www.mperc.in पर उपलब्ध है।

# क्राईम ब्रांच एवं बेलखेड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## 4 सटोरिए रंगे हाथों गिरफ्तार



**जबलपुर,देशबन्धु।** बेलखेड़ा क्षेत्र में खुलेआम सट्टे का कारोबार कर रहे 4 सटोरियों को क्राइम ब्रांच एवं बेलखेड़ा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रंगे हाथों धरदबोचा। आरोपियों के कब्जे से सट्टा पट्टी एवं नगद 12 हजार 700 रूपये जब्त किए गए।

थाना प्रभारी बेलखेड़ा गाजीवती पुसाम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संगठित जुआ, सट्टा खिलाने वालों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात सोनाली दुबे एवं एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर के मार्ग दर्शन में क्राईम ब्रांच एवं बेलखेडा की टीम द्वारा 4 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पकडते हुये 12 हजार 700 रूपये जब्त किये। श्रीमति पुसाम ने बताया कि गत दिवस मुखबिर सूचना मिली की आंगनबाड़ी के पीछे बस स्टैंड बेलखेड़ा में कुछ लोग खुलेआम सट्टा-पट्टी लिखकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे हैं। सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना बेलखेड़ा की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गयी जहां 4 लोग सट्टा लिखते दिख।

आरोपी पुलिस को देख कर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों में संतोष सिंह ठाकुर उम्र 36 वर्ष निवासी मीठा कुआ बेलखेडा, प्रेमसिंह लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी मीठा कुआ बेलखेड़ा, राजेन्द्र ठाकुर उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बेलखेड़ा, आशीष चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बेलखेड़ा की तलाशी ली गई। तलाशी में आरोपी संतोष सिंह ठाकुर के कब्जे से नगद 3 हजार 90 रूपये प्रेमसिंह लोधी के कब्जे से 3 हजार 140 रूपये, राजेन्द्र ठाकुर के कब्जे से 3 हजार 210 रूपय एवं आशीष चौधरी के कब्जे से 3 हजार 260 रूपये नगद तथा प्रत्येक से सट्टा पट्टी जब्त करते हुए चारों के खिलाफ धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# दैनिक वेतन भोगी ने फर्जी रसीदें काटकर किया 18 लाख रुपए का घोटाला

## 13 हजार रुपए वेतन, 5 बैंक खातों में 63 लाख रुपए का लेनदेन

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन नगर परिषद में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सोमेश गुप्ता ने फर्जी टैक्स रसीदें काटकर लाखों रुपए का गबन किया. नगर परिषद सीएमओ की शिकायत पर पुलिस ने सोमेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है. इसके पहले जबलपुर में संपरीक्षा विभाग के सात करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था।

जबलपुर के पाटन नगर परिषद में राजस्व विभाग में कार्यरत सोमेश गुप्ता को टैक्स वसूली व रसीद काटने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. 2023 में प्रदेश के ई-नगर पालिका पोर्टल में तकनीकी खराबी आ गई. जिससे टैक्स वसूली का काम ऑनलाइन की बजाय ऑफलाइन होने लगा. 2024 में जब सर्वर बहाल हुआ. इसके बाद जब डेटा रिस्टोर किया गया तो यह खुलासा हुआ कि सोमेश ने 2023-24 के दौरान कई फर्जी टैक्स रसीदें काटकर वसूली गई राशि को अपने उपयोग में ले लिया है. इसके बाद जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो और भी कई खुलासे हुए।

वर्ष 2018-2019 से 2024 तक सोमेश गुप्ता ने करीब 18 लाख रुपए का गबन किया. उसने इस रकम में से 8.60 लाख रुपए अपनी पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर किए थे. सोमेश गुप्ता बड़े ही शातिर तरीके से



फर्जीवाड़ा कर रहा था. यदि 15 लोग टैक्स जमा करने आते तो वह केवल 10 रसीदों का पैसा सरकारी खाते में जमा करता और 5 रसीदों की रकम स्वयं रख लेता था. सोमेश गुप्ता 2016 से नगर परिषद पाटन में कार्यरत था. उसे उसके बड़े भाई जो भाजपा के पूर्व पार्षद रहे हैं उनकी सिफारिश पर नौकरी मिली थी. वह जलकर, संपत्ति कर, दुकानों के किराए व पानी के टैंकर शुल्क जैसी वसूली की राशि ऑनलाइन जमा करने का काम करता था।

सोमेश का वेतन 13000 रुपए था लेकिन बैंक खातों की जांच में सामने आया कि उसने 5 अलग-अलग बैंक खातों में 63 लाख रुपए का लेनदेन किया है. उसकी सैलरी के हिसाब से उसके खाते में महज 4.5 लाख रुपए होने चाहिए थे लेकिन उसने 12 गुना अधिक रकम जमा कर रखी थी. जब नगर परिषद ने उससे गबन की गई राशि लौटाने को कहा तो उसने भरोसा दिया कि वह जल्द ही पैसे वापस कर देगा. उसने करीब साढ़े तीन लाख रुपए जमा भी किए. इसके बाद फिर राशि लौटाने में आनाकानी करने लगा. इसके बाद परिषद ने पाटन थाना पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई।

**महंगे शौक करता रहा दैनिक वेतन भोगी-**

13 हजार रुपए वेतन पाने वाला सोमेश गुप्ता महंगे शौक करता रहा, वह हर दिन काम खत्म होने के बाद दोस्तों के साथ शहर आकर महंगे बार में शराब पीता था. दिसंबर 2024 में नौकरी से निकाले जाने के बाद भी उसकी यह लाइफस्टाइल जारी रही।

**फर्जी हस्ताक्षर कर नामांतरण कराए है-**

जांच में यह भी सामने आया कि सोमेश ने तत्कालीन सीएमओ जयश्री चौहान, सहायक राजस्व निरीक्षक दीपेश बघेल व राजाराम प्यासी के फर्जी हस्ताक्षर कर कई नामांतरण भी कराए थे. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी राशि के गबन के मामले में सोमेश गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. वर्तमान में वह फरार हैए और पुलिस उसकी तलाश कर रही।

# वृद्ध ने खुद को गोली मार कर ली आत्महत्या

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा थानांतर्गत रतन नगर निवासी एक बुजुर्ग ने अपनी रिवॉल्वर से अपनी कनपटी पर गोली मारकर आत्म



हत्या कर ली। रविवार रात हुई वारदात से क्षेत्र में सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मृतक के शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया हैं। गढ़ा थाना पुलिस के अनुसार रविवार रात बग्गा इन होटल के सामने एक व्यक्ति द्वारा घर में स्वयं गोली मारकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को मोदी नगर हाउसिंग सोसायटी, ग्वारीघाट निवासी पेशे से वस्त्र व्यवसायी 37 वर्षीय सार्थक मक्कर ने बताया कि मृतक एलआईसी के सामने भारत कालोनी रतननगर गढ़ा निवासी 65 वर्षीय राकेश कथूरिया उसके फूफा थे। सार्थक की मां सीमा मक्कर को बुआ की समधन नेपियर टाउन निवासी सैरी भोला ने फोन पर सूचना दी कि राकेश कथोरिया ने घर पर स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर सार्थक अपने घर से फूफा राकेश कथूरिया के घर पहुंचा। घर पर सार्थक की बुआ अरूणा कथोरिया मिलीं जबकि फूफा कमरे के अंदर पलंग पर मृत अवस्था में लेटे थे, उनके दाहिने हाथ में सिक्स राउण्ड रिवाल्वर थी। फूफा ने स्वंय के रिवाल्वर से दाहिने तरफ कनपटी में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया गया।

# विद्युत वितरण कंपनी में लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, 2 आरोपी गिरफ्तार

## खुद को इंजीनियर बताने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में वाहन लगाने के नाम पर 3 आरोपियों ने एक युवक से न सिर्फ दो लग्जरी वाहनों की खरीदी कराई बल्कि वाहनों का महज एक माह का किराया देकर आरोपी वाहनों सहित फरार हो गए। पुलिस ने अमानत में खयानत कर रूपये हड़पने वाले आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियों को धरदबोचा जबकि एक फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही हैं। लार्डगंज थाना पुलिस के अनुसार यादव कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय रविंद्र कुमार वर्मा ने इस मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में रविंद्र ने बताया कि 4 जुलाई 2024 को उसके पड़ोस में रहने वाले मोतीलाल चौधरी ने उसे पवन यादव एवं अंकित साहू से मिलवाया।

जिन्होंने म.प्र. पावर ट्रांसमिशन शक्ति नगर जबलपुर में होन्डा अमेज गाड़ी लगवाने की बात बताई। आरोपियों द्वारा रविंद्र को वाहन के बदले में 22 हजार 6 सौ रुपए प्रतिमाह देने की बात कही गई। जिस पर रविंद्र द्वारा होन्डा अमेज वाहन क्रमांक एमपी 04 जेड ई 1373 को आरोपी पवन यादव एवं अंकित साहू को 9 जुलाई 2024 को दी थी। कुछ दिनों बाद आरोपी अंकित एवं पवन यादव ने एक और गाड़ी लगवाने की बात कहीं तब रविंद्र ने अपनी इनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 6679 को 25 सितंबर 2024 को अंकित एवं पवन यादव को 75 हजार रूपये प्रतिमाह में दे दी। दोनों गाडियों का म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के नाम से कूटरचित अनुबंध तैयार कर उसकी छायाप्रति उसे दी गई। वाहन किराये से लगाने के लिये कमीशन के रूप में 70 हजार रूपये रोहित सिंह एवं अंकित साहू के खाते में मोतीलाल चौधरी के माध्यम से जमा कराये गए। रविंद्र को 1 महीने किराया प्राप्त हुआ जिसके बाद अभी तक एक भी रूपये का भुगतान आरोपियों द्वारा नहीं किया गया। इसके बाद रविंद्र को अचानक पता चला कि रोहित सिंह परिहार नामक व्यक्ति जिसे मुलाकात अंकित एवं पवन के माध्यम से हुई थी जो कि स्वयं को म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड शक्ति नगर जबलपुर का अस्सिटेंट इंजीनियर बताता था और कहता था कि पैसे कुछ दिनों बाद मिल जाएंगे। इस प्रकार पवन यादव व अंकित साहू एवं रोहित सिंह के द्वारा कूटरचित अनुबंध पत्र तैयार कर विश्वास में लेते हुए उसके साथ अमानत में खयानत कर लगभग 32 लाख रूपये हड़पते हुये धोखाधड़ी की। शिकायत पर अंकित साहू, रोहित सिंह एवं पवन यादव द्वारा म.प्र.पावर ट्रांसमिशन कम्पनी में 4 लक्जरी कार अटैच करने के नाम पर नई कार क्रय करवाकर अनुबंध पत्र तैयार कर एवं विश्वास में लेकर अवैध लाभ अर्जित करने की नियत से अमानत में खयानत करते हुए धोखाधड़ी करना पाये जाने पर अंकित साहू, रोहित सिंह एवं पवन यादव के विरूद्ध धारा 316 (2),318(4),3(5) बीएनएस का अपराध पजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसपी संपत उपाध्याय के निर्देश पर एएसपी आनंद कलादगी द्वारा सीएसपी कोतवाली के मार्गदर्शन में टीआई लार्डगंज हरिकिशन आटनेरे के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी।

# मैहर जा रहे यात्री के साथ मालगोदाम में लूट

## वारदात के चंद घंटो बाद तीनों आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिविल लाइन थानांतर्गत मालगोदाम से मुख्य रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे एक यात्री को चाकू अड़ाकर तीन बदमाशों ने मोबाइल और नगदी लूट ली। शनिवार रविवार की दरमियानी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच हुई वारदात के चंद घंटों बाद ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को धरदबोचा।

आरोपियों के कब्जे घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल के साथ छीना हुआ मोबाइल और 5 सौ रुपए जब्त किए गए। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों में गोराबाजार पुरानी बस्ती वेयर हाउस के पास रहने वाले आरोपी 19 वर्षीय विकास यादव उर्फ विक्कू, सरकारी कुआं चौधरी मौहल्ला निवासी 20 वर्षीय आकाश शर्मा उर्फ भूरा और सरकारी कुआं, घमापुर निवासी 24 वर्षीय चिराग राजपूत शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार नवरात्र के चलते मैहर जाने के लिए चौधरी मौहल्ला पाटन निवासी 27 वर्षीय चंद्रभान प्रताप सिंह अपने दोस्त रविशंकर ठाकुर के साथ बीती रात करीब 1 से दो बजे के बीच ऑटो से जबलपुर रेलवे स्टेशन जा रहा था। ऑटो से उतर कर वह पैदल अपने दोस्त के साथ मालगोदाम के पास 24 इन टू 07 रेस्टोरेंट के पास पहुंचा ही था कि तीनों आरोपी मोटर सायकिल से उसके पास आकर रुके। मोटर सायकिल खड़ी कर तीनों आरोपी चंद्रभान के पास आए और एक काली टी शर्ट सफेद रंग की कैप लगाए लंबे युवक ने चाकू निकाल कर चंद्रभान को अड़ाते हुए जेब में जो कुछ भी




हो निकालने की बात कही। आरोपी के साथ आए दो अन्य युवकों ने चंद्रभान और रविशंकर के साथ मारपीट कर दी। मारपीट करने से मना करने पर चाकू लिए आरोपी ने चाकू से चंद्रभान पर हमला कर पैर में चोट पहुंचाते हुए उसकी जेब से वीवो कंपनी का मोबाइल और रविशंकर की जेब से 5 सौ रुपए छीने और फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 309(6) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया।

**सीसीटीवी फूटेज में दिखे आरोपी**

पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी एवं नगर पुलिस अधीक्षक ओमती सोनू कुर्मी के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी सिविल लाईन नेहरू सिंह खण्डाते के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी। विवेचना के दौरान मौका-ए-वारदात के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये। जिसमें मिले फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुये विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर शीतला माई के पास दबिश देते हुये आरोपी विक्की उर्फ विकास यादव, आकाश उर्फ भूरा शर्मा एवं चिराग राजपूत को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर तीनों ने मोबाईल एवं रूपये छीनना स्वीकार किया, आरोपियों की निशादेही पर (1)विक्कू उर्फ विकाश यादव से फोल्डिंग नुकीला कटर , घटना के समय पहने कपड़े (2) आकाश उर्फ भूरा शर्मा से घटना मे प्रयुक्त एक एचएफडीलक्स मोटर साइकिल एवं छीने हुये रूपयों मे से नगद 500 रूपये (3) चिराग राजपूत से छीना हुआ वीवो कंपनी का मोबाइल जब्त करते हुये तीनों को उपरोक्त प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा मे जेल निरूद्ध कराया गया।

**इनकी उल्लेखनीय भूमिका**

चाकू अड़ाकर मोबाईल एंव नगदी रूपये छीनने वाले लुटरों को चंद घंटो में पकडने में थाना प्रभारी सिविल लाईन नेहरू सिंह खण्डाते, थाना प्रभारी घमापुर सतीश कुमार अंधवान, थाना सिविल लाईन के उप निरीक्षक सुमित मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक मो. इमरान खान, प्रधान आरक्षक मनोहर पटेल, आरक्षक ओमनाथ गुनगे, विनोद बसंल एवं थाना घमापुर के प्रधान आरक्षक रविन्द्र सोनी, आरक्षक आकाश विवेक, कृष्णा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# कॉलोनाइजर ने किया फर्जीवाड़ा, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर के एक कॉलोनाइजर के खिलाफ पुनः फर्जीवाड़े के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया हैं। गोराबाजार थाना पुलिस ने चैतन्य प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स नामक संस्था के संचालक आदर्श अग्रवाल के खिलाफ फर्जीवाड़े की दूसरी शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी हैं। चैतन्य प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स के संचालक आरोपी आदर्श अग्रवाल का यह दूसरा फर्जीवाड़ा बताया जा रहा हैं। आरोपी पर एक कालोनी का ले आउट पास कराने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) में गलत जानकारी देने का आरोप हैं। आरोप हैं कि धोखाधड़ी करते हुए कॉलोनी का नक्शा पास करा लिया। मामले में न्यायालय के निर्देश पर आरोपी आदर्श अग्रवाल के विरुद्ध गोराबाजार थाने में एफआईआर पंजीबद्ध की गई। धोखाधड़ी के मामले में चैतन्य प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स में साझेदार सचिन उपाध्याय को भी आरोपी बनाया गया है। जमीनों के क्रय-विक्रय में धोखाधड़ी के एक मामले में आदर्श अग्रवाल के विरुद्ध पूर्व में भी ओमती थाना में मामला पंजीबद्ध हो चुका है।

# दो साल का मासूम पलंग से गिरा, मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओमती थाना अंतर्गत नया मोहल्ला निवासी एक दो साल का मासूम घर में पलंग से गिर गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नयाब खान 34 वर्ष निवासी नया मोहल्ला बड़ी ओमती ने सूचना दी कि उसका भतीजा ताहिर खान उम्र 02 वर्ष घर में पलंग से गिर गया था जिसे आनन-फानन में परिजन उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए जहां उसे इलाज के दौरान ताहिर खान की मौत हो गई।

**इधर बालिका की मौत-** पनागर थाने में गुलाब बंशकार निवासी इमलई मोड़ ग्राम देवरी ने सूचना दी कि वह कटनी में पल्लेदारी का काम करता है उसकी बच्ची महक वंशकार 17 वर्ष को काफी दिनों से सिर में दर्द रहता था जो रात लगभग 1-30 बजे बेटी महक को उल्टी एवं सिर में दर्द होने से इलाज के लिए मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया था दौरान उपचार के शनिवार सुबह लगभग 4 बजे बेटी महक की मौत हो गई।

# परियट नदी में चलाया स्वच्छता अभियान

पनागर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के आह्वान पर एवं जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान,नदी संरक्षण पुनर्जीवन कार्यक्रम का आयोजन विक्रम संवत सूर्य उपासना नव संवत मनाकर किया गया इस अवसर पर भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर के द्वारा बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में 30 मार्च से 30 जून तक चलने बाले जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे विकासखंड में नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, प्रस्फुटन समितियों,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं,अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ प्रतिदिन जल संरचनाओं की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य किया जाना है इस अवसर पर आज विकासखंड पनागर में



## पनागर में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ

ग्रामो में कलश यात्रा निकालकर परियट नदी का पूजन करके ग्राम निरंद्रपुर में नवांकुर संस्थाओ,प्रस्फुटन समितियों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता,नदी की साफ सफाई गहरीकरण का कार्य किया प्रारंभ किया गया है, साथ ही ग्राम सरसवा में प्रस्फुटन समितियों,ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्रमदान से तालाब की स्वच्छता,साफ सफाई,की गई उपस्थित जनो को जल स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। ग्राम फूटाताल में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं नवांकुर संस्थाओ,प्रस्फुटन समितियो के सदस्यों,मेंटर्स के साथ जल जनजागरूकता रैली,तालाब की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य जनसहयोग से करते हुऐ आम जनो को जल स्वच्छता का संदेश देते हुये जनजागरूक किया गया है कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर,सरपंच सरसवा सुशीला विश्वकर्मा, संजय पाण्डे,चंद्र प्रकाश परिहार, राजकुमार बर्मन,कैलास असाटी निरंद्रपुर, नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी संजीत अहिरवार,पारस दाहिया,अजय पटेल,मेंटर्स पार्वती लोधी,सुभम पटेल,सुशील सेन,मनोज प्रजापति के साथ ग्रामो की प्रस्फुटन समितियो के सदस्य,छात्र,छात्राओ के साथ अन्य ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**बरेला, देशबन्धु।** जल संरक्षण एवं जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार तथा पुनर्जीवन के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है।शासन से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में नर्मदा कैनाल की घाटों की सफाई एवं भैरव बाबा मंदिर के पास सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ कर नगर स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया गया।अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सी एम ओ संजय पाण्डे,प्रतीक दुबे अध्यक्ष , निकाय के जनप्रतिनिधिगण ,संस्कार भारती बरेला के पदाधिकारीगण, नगर के गणमान्य नागरिक गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## पनागर में सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान झूलेलाल की जयंती

**पनागर, देशबन्धु।** सिंधी समाज पनागर ने भगवान झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सिंधी समाज के कई प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें रमेश रोहरा, ज्ञानचंद भोजवानी, रमेश खत्री, महेश कुकरेजा,सर्वेश मिश्रा,गुड्डू गौतम,नितिन गौतम, मिंचू जैन,सतीश पटेल और कई अन्य शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान, सिंधी पंचायत पनागर के अध्यक्ष रमेश रोहरा ने उपस्थित लोगों को झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, गुरुद्वारा में माथा टेककर प्रज्वलित ज्योत का दर्शन किया गया। इस अवसर पर सिंधी समाज के कई अन्य पदाधिकारियों ने भी स्वागत अभिनंदन किया, जिनमें महेश कुकरेजा, राजकुमार खत्री, गोवर्धन खेटपाल, रमेश खेटपाल, अमित सीतपाल, गुड्डू रोहरा, बलराम दसानी, छगनलाल हसानी और कई अन्य शामिल थे।

## सार-समाचार



### नगर पालिका परिषद पनागर का वर्ष 2025-2026 बजट पेश

**पनागर,देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद के द्वारा आगामी वर्ष के लिए नगर में सभी प्रकार के विकास कार्य करने हेतु 43, करोड़ 83 लाख 93 हजार 863 रुपए का बजट पेश किया गया जिसमें नगर के जगमोहन वार्ड में शाम शॉपिंग कंपलेक्स एवं सामुदायिक भवन बनाने एवं नगर की सड़के, नालियां ,जल,तथा नगर के सभी श्मशान घाटों को का सौंदर्य करण तथा नगर के समस्त तालाबों का सौंदर्य एवं गहरी करण तथा राम वार्ड तथा बजरंग वार्ड के मध्य एक सुव्यवस्थित एवं सुंदर श्मशान घाट बनाने हेतु एवं नगर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने हेतु बजट रखा गया है बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल उपाध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र चक्रवर्ती एवं मुख नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा तथा तुलसीराम कुशवाहा,दीपांशू नामदेव श्रीमती आपदा बी बाबू खान मुकेश वंशकार मुकेश कुमार गोटिया रोहित चंद्र प्रकाश यादव प्रमोद पटेल श्रीमती शीतल बेड़ी लाल कुशवाहा श्रीमती प्रीति बहादुर राय श्रीमती प्रियंका शर्मा श्रीमती मोना रजक श्रीमती शिव कुमारी राजकुमार वंशकार श्रीमती रश्मि के के विश्वकर्मा समस्त पार्षद गण तथा समस्त शाखा प्रभारी एवं विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### प्राचार्य एमडी पटेल की सेवानिवृत आज

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** शिक्षक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवा के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुके शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में लोकप्रिय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमखिरिया में पदस्थ प्राचार्य एम डी पटेल अपनी 38 वर्ष 5 माह की सेवा पूर्ण कर आज सेवा निवृत हो रहे हैं। उनकी सेवा निवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह मुख्यअतिथि- संतोष वरकडे (विधायक सिहोरा),

अध्यक्ष अरविंद कुमार धुर्वे (वि.ख.शि.अ. सिहोरा),विशिष्ट अतिथि श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अनिहोत्री (अध्यक्ष ज.पं. सिहोरा),श्रीमती संध्या दिलीप दुबे (अध्यक्ष न.पा. परि. सिहोरा), अशोक कुमार उपाध्याय (प्राचार्य सी.एम. राईज स्कूल सिहोरा),अनंत कुमार नौगरहिया (मण्डल अध्यक्ष गोसलपुर),श्रीमती कल्पना शिवकुमार पटेल (सरपंच रमखिरिया),श्रीमती सरवरी बी (जनपद सदस्य रमखिरिया) की उपस्थिति में आज आयोजित किया जाएगा।

### ऋषभ चौधरी जवाहर नवोदय में चयनित



**पाटन, देशबन्धु।** नगर के ऋषभ चौधरी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा नवमी की पात्रता परीक्षा में चयनित होकर नगर एवं अपने माता-पिता और संस्था का नाम गौरान्वित किया। ज्ञात हो कि सामान्य वर्ग के लिये शहरी अंचल की केवल एक सीट थी ।वे नगर के तान्या कान्वेंट हायर सेकेण्डरी के छात्र है उनके पिता का नाम छोटेलाल चौधरी जो शासकीय शिक्षक है एवं माता श्रीमती नीता चौधरी गृहणी हैं। उनके चयन होने पर एसडीएम मानवेन्द्र सिंह राजपूत,नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ठाकुर,राकेश सिंह,एड देवेंद्र यादव,प्राचार्य सी एस ठाकुर के साथ साथ सभी शिक्षकों एवं साथी बच्चों ने बधाई दी।



### श्री सुग्रीव मिश्रा का निधन

**पनागर,देशबन्धु।** नई बस्ती परियट निवासी श्री सुग्रीव मिश्राष्हो गया आप आशीष मिश्रा,संदीप मिश्रा के पिता जी थे अंतिम संस्कार ग्राम परियट शमशान घाट में किया गया।

## संस्कार भारती ने हिन्दू नववर्ष का स्वागत नगर को रंगोली से सजाकर किया

**बरेला, देशबन्धु।** संस्कार भारती नगर इकाई ने हिंदू नव वर्ष का स्वागत नगर के प्रमुख मंदिरों एवं चौराहों को आकर्षक एवं मनोहारी रंगोली से सजाकर किया जिसमें संस्कार भारती के प्रांत रंगोली प्रमुख मुनीष जैन ने नगर एवं परिक्षेत्र के कला साधकों के सहयोग से पूर्ण किया कार्यक्रम का शुभारंभ नर्मदा नहर में उगते सूर्य को अर्ध देकर किया गया।

इसी तारतम्य में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर एवं समस्त पार्षदों द्वारा बस स्टैंड स्थित सिद्ध पीठ दादा दरबार मंदिर में संस्कार भारती केसमस्त कला साधकों को फूलमाला शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर दादा दरबार समिति अध्यक्ष राजेश सोनी, समाजसेवी कैलाश केसरवानी, जी एस तिवारी, संस्कार भारती के जिला संयोजक महेश मानव, नगर अध्यक्ष प्रेमदास रामायणी, शुभसंदेश सिंगौर, उदय राम साहू, संदीप साहू, संतोष सरगम, प्रकाश चक्रवर्ती, धर्मदास बैरागी, दीपक बैरागी, सिद्धनाथ विश्वकर्मा, मयंक साहू, आयुषी शर्मा, पारुल पाठक, आशी सोनी आदि की उपस्थिति उल्लेख रही।

## हिंदू नववर्ष के शुभारंभ पर निकाली शोभायात्रा

**गोसलपुर,देशबन्धु।** गोसलपुर में शंकर कॉलोनी शिव मंदिर में सभी लोग एकत्रित हुए और हाथों में धर्म ध्वज लेकर ग्राम के सभी देव स्थलों के दर्शन के उपरांत भेंट अर्पित कर ग्राम में सुख समृद्धि की कामना की शोभायात्रा शंकर कॉलोनी से प्रारंभ होकर रामदास बाबा मंदिर हनुमान मंदिर बड़ी खेरमाई छोटी खेरमाई राम मंदिर माता महाकाली मंदिर शिवघाट मंदिर व अंत में राधा कृष्ण कुटी में प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का समापन किया गया।

शोभायात्रा में ग्राम के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ग्राम



के गोविंद राय धर्मेंद्र सिंह राजपूत जनपद सदस्य हेमचंद्र असाटी महेश तिवारी एसके तिवारी शिक्षक रमेश चंद्र शुक्ला प्रधानाचार्य भुवनेश्वर तिवारी ध्रुव श्रीवास्तव रवि तिवारी बहादुर सिंह परिहार हलले ठाकुर हेमचंद असाटी रवि सिंह राजपूत आकाश जैन अर्पित चौबे धर्मेंद्र सोनी गणेश राय लक्ष्मण पालीवाल गिरिराज साहू दुलारे शर्मा जीवनलाल कोस्टी गुलाब श्रीवास विजय पटेल आनंद सोनी पवन बर्मन आनंद साहू कोमल बर्मन आदि लोगों उपस्थित थे।

## गहोई समाज महिला मंडल के चुनाव आयोजित



**सिहोरा, देशबन्धु।** श्री गहोई वैश्य महिला मंडल सिहोरा जिला जबलपुर के वर्ष 2025 -28 हेतु निर्वाचन निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष - श्रीमती रीता नौगरहिया सचिव-श्रीमती मोनिका नौगरहिया कोषाध्यक्ष-श्रीमती सुनीता कनकने चुने गए।समाज के पूर्व अध्यक्ष मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री गिरधर नागर सरावगी और सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष पहारिया ने अत्यंत कुशलता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराई।

उक्त निर्वाचन पर समाज अध्यक्ष श्री दिनेश बड़ेरिया,श्री राजकुमार कनकने, श्री हरि प्रकाश नौगरहिया, एडवोकेट श्री रविचरण गुप्त, श्री अजय कनकने, श्रीअनिल कनकने, श्री सुधीर कुमार नौगरहिया,श्री रमेश नौगरहिया,श्री विक्रम नौगरहिया, महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती चंदा नौगरहिया, अध्यक्ष श्रीमती ममता नौगरहिया, श्रीमती साधना बहरे,श्रीमती रेखा नौगरहिया, श्रीमती रेखा सरावगी सहित समाज के अनेक लोगों ने खुशी जाहिर की, और नवीन कार्यकारिणी की सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की।

## शिक्षा की दिशा में एक कदम बरौदा के शासकीय हाईस्कूल में नामांकन वृद्धि

**बरौदा/पनागर, देशबन्धु।** शासकीय हाईस्कूल बरौदा पनागर, जबलपुर मध्य प्रदेश में नामांकन वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार पटेल के निर्देशानुसार, विद्यालय के अध्यापकों ने पोषक शालाओं और चालकों के साथ संपर्क स्थापित किया और उन्हें शासकीय विद्यालयों की सुविधाओं और विशेषताओं के बारे में बताया।

इस अभियान में श्रीमति वर्षाजाद, श्रीमति मीरा ठाकुर, और उमाशंकर पटेल जैसे अध्यापकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने



विद्यालय की युवा शालाओं, एकीकृत मा बाला बरोदा, मिझारी कला उमरिया चौर शालाओं के शाला प्रभारियों, और ग्राम बरौध, मित्रारी कला सलैया, पडोरा, मचला, दिपरिया उमरिया चौबे आदि यानों में सघन जनसंपर्क किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। विद्यालय के अध्यापकों और प्रशासन के सहयोग से, यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और कई छात्रों ने शासकीय विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए आश्वस्त किया।

## पीएमश्री सालीवाड़ा विद्यालय के बच्चों को दिलाया जा रहा है प्रशिक्षण

**बरेला, देशबन्धु।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा, गौर जबलपुर मे नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत दो व्यावसायिक ट्रेड संचालित है।व्यावसायिक कुशलता के लिए कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करने पीएमश्री विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कराना शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है।

पीएमश्री सालीवाडा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती




आभा वानखेड़े के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में व्यवसायिक ट्रेड एग्रीकल्चर की व्यवसायिक प्रशिक्षक कुमारी सपना पटले उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (ञ्स्नत्र्ह्ल)में प्रोफेसर डॉ नैनीता के कुशल नेतृत्व में तथा ब्यूटी एंड वेलनेस की व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती पूनम गौतम, डॉली ब्यूटी पार्लर की प्रबंधक श्रीमती डॉली सूर्यवंशी के विशेष मार्गदर्शन में 15 दिवसीय इंटर्नशिप करा रही है शाला की अन्य शिक्षिकाओं श्रीमती ललिता गुप्ता, श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती किरण पांडे के विशेष सहयोग से दिनांक 25 मार्च से प्रतिदिन 4 घंटे तक ट्रेड अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग, आवागमन आदि की व्यवस्था शासन द्वारा प्रदत्त फण्ड से की गई है।

## शांति निकेतन विद्यालय व शासकीय हाईस्कूल में 5वीं 8वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत रहा परिणाम





**पनागर, देशबन्धु।** नगर में स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शांति निकेतन में और शासकीय विघालय मे माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित पांचवी एवं आठवीं माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अच्छे परिणाम दिए हैं विद्यालय की कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं ने जिसमें छात्रा रबीना बबेले ने 85प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार कक्षा पांचवी में छात्रा पूजा केवट ने प्रतिशत अंक प्राप्त किया कक्षा आठवी एवं पांचवी के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## रजनीश पांडे प्रदेश अध्यक्ष, प्रतीक दुबे कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बने



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** भगवान श्री परशुराम वंशज समिति के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बरेला ब्राह्मण समाज के पंडित रजनीश कुमार पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद पर प्रतीक दुबे को नियुक्त किया गया है।

भगवान श्री परशुराम वंशज समिति संरक्षक पंडित योगेंद्र दुबे द्वारा समाज हित में कार्य करने वालों को समिति में नियुक्त किया जा रहा है।

भगवान परशुराम वंशज पंडित अटल उपाध्याय, गोविंद दुबे, ज्ञानेश्वर ज्ञानू प्यासी, योगेश दुबे, नंदकिशोर उपाध्याय, योगेंद्र मिश्रा, रमेश गबलू तिवारी, अर्पित दुबे, शरद अवस्थी, अमित मिश्रा , अरविंद गुड्डा पाठक, राजा उपाध्याय, बृजेश दीक्षित, विष्णु तिवारी, सुधीर उपाध्याय, गोल्डी दुबे, मुकेश पांडे, नरेन्द्र उपाध्याय, विवेक शुक्ला, अरविंद दुबे ने बरेला भगवान परशुराम धाम में नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुस्प मालाओं से स्वागत कर बधाइयां दी है।

## कांग्रेस सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम

**पाटन, देशबन्धु।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी देसाई के निर्देश एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस सेवादल के द्वारा गढ़ा में मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम क्षेत्र के पार्षद मनीष पटेल की अध्यक्षता में संपन्न किया गया इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह गुर्जर ,ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे,महिला कांग्रेस सेवा दल



अध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी,कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव,उमेश पटेल ,राकेश चक्रवर्ती, रिंकू कुशवाहा, रीना विश्वकर्मा, विष्णु विनोदिया,अखिलेश शर्मा,सुनील सारथी,कमल चौधरी,संजय जैन प्रभु,गणेश पटेल ,अजीत सिंह ठाकुर, खूबचंद पटेल,रमेश तिवारी, अरविंद उपाध्याय,धर्मेंद्र पटेल, रमेश तिवारी, प्रज्ञा कर, रामटेक,प्रज्वल कटर ,राजकुमार पटेल,सहित अनेक वरिष्ठ जन एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## लेबनानी सेना ने शुरू की इजरायल में रॉकेट दागे जाने की जांच, संदिग्धों को किया गिरफ्तार

बेरूत, (आईएएनएस)। लेबनानी सेना के कमांडर जनरल रोडोल्फ हेकल ने कहा कि सेना शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान से इजरायल में हुए रॉकेट हमले की जांच कर रही है। मीडिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि लेबनानी क्षेत्र से रॉकेट हमले 'दुश्मन' की मदद करते हैं और उन्होंने सेना की भूमिका की पुष्टि की कि वह राजनीतिक या सांप्रदायिक संबद्धताओं से परे लेबनान और इसके लोगों की रक्षा करेगी। हेकल ने कहा, सेना दक्षिण में अपने मिशनों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रही है। इस तथ्य को लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल और युद्धविराम की निगरानी करने वाली पांच सदस्यीय समिति ने भी मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि लेबनान राष्ट्रपति जोसेफ औन के निर्देशों और सरकार की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र संकल्प 1701 और युद्धविराम समझौते को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हमास ने गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव को दी मंजूरी, इजरायल ने दे दिया नया प्रपोजल

**तेलअवीव।** हमास ने गाजा पट्टी में इजरायल के साथ युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हमास की तरफ से शनिवार को कहा गया कि उसने मध्यस्थों इजिप्ट और कतर द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है लेकिन दुविधा तब पैदा हो गई जब इजरायल की तरफ से कहा गया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर एक नया प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से रिहा होने वाले बंधकों की संख्या में बदलाव किया गया है।

गाजा में युद्धविराम के लिए इजिप्ट और कतर पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास करने में लगे हुए हैं। इसी के तहत उन्होंने हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा था। इजिप्ट की तरफ से एक अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि इस समझौते के तहत हमास एक अमेरिकी-इजराइली समेत पांच जीवित बंधकों को रिहा करेगा जिसके बदले में इजराइल गाजा में मानवीय सहायता को पहुंचने देगा और एक सप्ताह के लिए युद्ध रोकने पर सहमत होगा।

साथ ही, इजराइल सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। गाजा में हमास के नेता खलील अल-हय्या ने इसे स्वीकार करने की घोषणा की लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस घोषणा से पहले प्रस्ताव में बदलाव किया गया था या नहीं। इजरायल की तरफ से पेश किए गए नए प्रस्ताव पर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह प्रस्वात शुक्रवार को हुई चर्चा के बाद सामने आया है। इससे पहले इजरायल ने करीब दस दिन पहले हमास पर बंधकों को न छोड़ने का आरोप लगाते हुए सीजफायर तोड़कर हमला कर दिया था। इन हमलों में सैकड़ों लोग मारे गए थे। व्हाइट हाउस की तरफ से इजरायल को भड़काने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया गया था। इज़राइल ने चेतावनी दी है कि जब तक हमास 59 बंधकों को रिहा नहीं करता वह युद्ध नहीं रोकेगा। इसके अलावा, इजराइल हमास से सत्ता छोड़ने, अपने हथियार डालने और उसके नेताओं के निर्वासन की मांग कर रहा है। हमास का कहना है कि वह केवल तभी बंधकों को रिहा करेगा जब इज़राइल एक स्थायी युद्धविराम पर सहमत होगा, गाज़ा से अपनी सेना हटाएगा और फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के ग्रीनलैंड दौरे पर डेनमार्क में विरोध प्रदर्शन

**नुउक (ग्रीनलैंड), (आईएएनएस)।** डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और शहर आरहूस में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के हालिया बयान और कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शनिवार को हुआ, जो अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनके अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित पिटुफिक स्पेस बेस (पूर्व में थुले बेस) दौरे के एक दिन बाद हुआ। वेंस ने इस दौरान डेनमार्क पर ग्रीनलैंड के सुरक्षा मुद्दे या वहां के लोगों की भलाई को लेकर पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया।

कोपेनहेगन में डेनमार्क के एक प्रमुख राजनेता मोगेंस लिक्केटोफ्ट, जो पूर्व विदेश मंत्री और संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, हमें अपना मामला संयुक्त राष्ट्र में लड़ना चाहिए, जहां यह निश्चित है कि अधिकांश देशों द्वारा ग्रीनलैंड के खिलाफ अमेरिकी आक्रमण की निंदा की जाएगी, और फिर हमें उन 70 प्रतिशत अमेरिकियों से समर्थन की अपील करनी चाहिए जो ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने के खिलाफ हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए। उनकी बातों को सुनकर भीड़ ने ग्रीनलैंडिक और डेनिश में नारे लगाए, जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया, ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना की, खासकर उनके स्वर को लेकर, जब उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड की आलोचना की थी। उन्होंने कहा, कई आरोप लगाए गए हैं। और हम आलोचना के लिए खुले हैं, लेकिन मैं पूरी तरह से ईमानदार रहकर कहूंगा।

हम इस स्वर को पसंद नहीं करते, जिस तरह से इसे व्यक्त किया गया है। यह आपके करीबी सहयोगियों से इस तरह की बात नहीं की जाती। और मैं अभी भी डेनमार्क और अमेरिका को करीबी सहयोगी मानता हूं। रासमुसेन ने अपने वीडियो संदेश में यह भी याद दिलाया कि 1951 में डेनमार्क और अमेरिका के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। उन्होंने कहा, इस समझौते के तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में अधिक मजबूत सैन्य उपस्थिति बनाने का पर्याप्त अवसर मिलता है, यदि यही आपकी इच्छा है, तो हम इस पर चर्चा कर सकते हैं।

## आज का इतिहास

1736- अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के अलमहाउस में 'बेल्व्यू अस्पताल' की स्थापना की गयी जो की अमेरिका का पहला सार्वजनिक अस्पताल बना।
1814- नेपोलियन विरोधी सैनिकों ने पेरिस पर कब्जा कर लिया।
1822-इंडिपेंडेंस-ओटोमन सैनिकों के ग्रीक युद्ध ने चियोस द्वीप पर 20 हजार से अधिक यूनानियों का नरसंहार शुरू किया।
1822-यूनान के स्वतंत्रता संग्राम के तुर्क सैनिकों ने नरसंहार का आरंभ चियोस द्वीप पर किया था।
1842- मिडलटन जंक्शन और ओल्डम शाखा रेलवे लाइन को उत्तरी पश्चिम इंग्लैंड के वेरनेस में खोला गया।
1854-अमेरिकी नौसेना के कमोडोर मैथ्यू सी। पेरी (जापानी चित्रण) और तोकुगावा ने संयुक्त रूप से कनागावा के कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए, जिसने अमेरिकी व्यापार के लिए जापानी बंदरगाहों को खोलने के लिए मजबूर किया।
1870-अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया।
1889-एफिल टॉवर का उद्घाटन पेरिस में किया गया था, जो फ्रांस का एक वैश्विक केंद्र बन गया और दुनिया में सबसे पहचानने योग्य संरचनाओं में से एक है।

## सुडोकू 6868

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | 6 | |
| | 1 | 5 | | | | | | 7 |
| 8 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 7 | | 6 | 3 | 8 | |
| 4 | | | | | | | | 2 |
| | 8 | 3 | 2 | | 9 | | | |
| | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 5 | | | | | | 4 | 2 | |
| | 6 | | | | 3 | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मुंबई के डीसीपी पठारे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**हैदराबाद।** मुंबई पुलिस के पोर्ट जोन में पदस्थ पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुधाकर पठारे की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह हैदराबाद प्रशिक्षण के लिए गए थे। सूत्रों के अनुसार पठारे शनिवार अपराह्न 12 बजे अपने एक रिश्तेदार के साथ तेलंगाना के श्रीशैलम से नगरकुरलुन जा रहे थे, तभी उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उनकी और उनके रिश्तेदार की मौके पर ही मौत हो गई। वह ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए जा रहे थे। घटना की जानकारी मुंबई पुलिस को भी दी गई है। पठारे 2011 बैच के आईपीएस के अधिकारी थे। पठारे की कुछ ही दिनों में पुलिस महानिदेशक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नति होने वाली थी।

## त्रिपुरा में गर्म मौसम की पीली चेतावनी जारी

**अगरतला।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने त्रिपुरा में अगले तीन दिनों के लिए वातावरण के गर्म होने की पीली चेतावनी जारी की है, जिसमें लगातार गर्म और आर्द्र मौसम रहने का अनुमान है। आईएमडी के बयान के अनुसार, आंशिक रूप से बादल छाए रहने, तीव्र सौर विकिरण और गर्म पश्चिमी हवाओं के कारण राज्य के कुछ इलाकों में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने का अनुमान है।

## केरल के पलक्कड़ में कुबेर मंदिर को किया गया सील

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले में एकमात्र कुबेर मंदिर को पलाट परिवार के सदस्यों द्वारा 10.20 करोड़ रुपए का ऋण न चुका पाने के कारण सील कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शोरनूर सहकारी बैंक के अधिकारियों ने शनिवार को जिले के चेरपुलसेरी के पास चलावारा में पलाट परिवार के सदस्यों द्वारा ब्याज सहित 10.20 करोड़ का ऋण न चुकाने पर उनकी संपत्ति कुर्क कर दिया व कुबेर मंदिर (धन के देवता) को सील कर दिया है।

## तेदेपा की लोगों के दिलों में अमिट छाप है : नायडू

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर, पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि तेदेपा ने लोगों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी है। नायडू ने कहा कि हम सत्ता या पद के लिए नहीं, बल्कि तेलुगु समुदाय को सबसे आगे ले जाने के एकमात्र उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं और जनता को पहले स्थान पर रखना है। मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि तेदेपा पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण ही दिन-प्रतिदिन मजबूत होती गई है। पीला झंडा एक प्रेरणा है। तेलुगु समुदाय को तेदेपा के गठन से पहले और बाद में देखा जाना चाहिए।

# थाईलैंड में भूकंप से पलभर में जमींदोज 33 मंजिला इमारत का चीन कनेक्शन, सरकार ने दिए जांच के आदेश

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप ने थाईलैंड में भी भारी तबाही मचाई। राजधानी बैंकॉक में एक 33 मंजिला निर्माणाधीन इमारत कुछ ही सेकंड में जमींदोज हो गई, जिससे धूल और मलबे का विशाल गुबार उठा और दर्जनों मजदूर इसके नीचे दब गए। इस हादसे की जांच शुरू हो गई है। ऐसा बताया जा रहा है कि इमारत बनाने वाली एक चीनी कंपनी है। बैंकॉक की गगनचुंबी इमारतों में यह अकेली इमारत थी, जो भूकंप में पूरी तरह ढह गई। इससे इसकी संरचनात्मक मजबूती पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बैंकॉक में अब तक 17 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, 32 लोग घायल हुए हैं और 83 मजदूर अब भी लापता हैं। रेस्क्यू टीमें भारी गर्मी के बीच मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटी हैं। थर्मल इमेजिंग ड्रोन के जरिए कम से कम 15 लोगों के जिंदा होने का संकेत मिला है। अब तक 8 शव निकाले जा चुके हैं।

**क्यों गिरी यह इमारत? चीनी कंपनी कटघरे में**

इस कंपनी की स्थापना 2018 में हुई थी और यह रेलवे, ऑफिस बिल्डिंग और सार्वजनिक सड़कों जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर काम करती है। लेकिन हालिया वित्तीय रिपोर्ट से पता चला है कि कंपनी भारी घाटे में चल रही थी। 2023 में इसे 199.66 मिलियन का नुकसान हुआ, जबकि इसकी राजस्व आय 206.25 मिलियन थी और खर्च 354.95 मिलियन पहुंच गया था।



**जांच के आदेश, 7 दिन में रिपोर्ट**

थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री अनुटिन चार्नवीराकुल ने इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। विशेषज्ञों की एक समिति को 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस इमारत की डिजाइन और निर्माण में कोई गड़बड़ी थी? या फिर चीनी कंपनी ने घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया था? गौरतलब है कि भूकंप ने सबसे ज्यादा म्यांमार में तबाही मचाई। अब तक 1600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हैं।

# क्या 12 साल तक राष्ट्रपति रह सकते हैं ट्रंप? संविधान की एक खामी की वजह से हो सकता है ऐसा

**वाशिंगटन।** अमेरिका को दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है और उसके राष्ट्रपति को शायद दुनिया का सबसे ताकतवर व्यक्ति लेकिन 20 जनवरी 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप के बारे चर्चा थोड़ी अलग भी है। वह ताकतवर होने के साथ-साथ दुनियाभर में चर्चित भी हैं।

बिना लाग-लपेट किए बात करने के लिए जाने, जाने वाले ट्रंप अगले चार साल तक कानूनी तरीके से राष्ट्रपति बने रहेंगे। लेकिन अब सवाल यह है कि क्या वह अगले 12 सालों के लिए भी अमेरिका के राष्ट्रपति के पद पर रह सकते हैं या नहीं? हालांकि अमेरिका का संविधान साफ तौर पर यह कहता है कि अमेरिका का राष्ट्रपति दो बार से ज्यादा बार नहीं चुना जा सकता। डोनाल्ड ट्रंप के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की बात इसलिए भी सामने आई है क्योंकि अमेरिकी संविधान में एक ऐसा लूप होल है जिसकी वजह से यह संभव हो सकता है। दरअसल, 22 वें संशोधन के मुताबिक अमेरिका का राष्ट्रपति दो बार से ज्यादा बार नहीं चुना जा सकता है, लेकिन वे उत्तराधिकार की प्रक्रिया के माध्यम से फिर से इस भूमिका को निभा सकते हैं। उत्तराधिकार की प्रक्रिया कैसे काम करती है इसे एक प्रक्रिया के जरिए समझा जा सकता है। दरअसल, अमेरिकी संविधान के 22 वें संशोधन के अनुसार, दो बार चुना जा चुका राष्ट्रपति तीसरी उत्तराधिकार के रूप में यह दायित्व निभा सकता है।

अगर ट्रंप दूसरे कार्यकाल की समाप्ति के बाद उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ते हैं और उनका साथी जीतने के बाद राष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे देता है तो वह तीसरी बार उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रपति की भूमिका को निभा सकते हैं। डेलीमेल की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अगर इस रणनीति का पालन करते हैं तो वे 2029 के बाद और संभावित रूप से 2037 तक व्हाइट हाउस में काम करना जारी रख सकते हैं। ट्रंप के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने को लेकर मुख्य तौर पर रणनीति इस तरह से हो सकती है कि ट्रंप 2028 में जेडी वेंस सरीखे अपने किसी भरोसेमंद साथी को राष्ट्रपति का चुनाव लडवाते हैं और वेंस चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे देते हैं तो ट्रंप आगामी कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बने रह सकते हैं।



## वर्ग पहेली 6868

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. अपहरण, भगा ले जाना,
४. दोपहर
६. लहू पीने वाला
७. वस्त्र
८. दूसरा समय
१०. उपस्थित (उर्दू)
११. हरा-भरा, वाटिका, उद्यान (उर्दू)
१२. विघ्न डालने वाला
१४. बधिर
१५. अधिक अच्छा (उर्दू)
१७. बह सकने के गुण वाले पदार्थ
१९. धन संपत्ति (उर्दू)
२१. जिसकी ईश्वर पर आस्था न हो
२२. रसीला
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. जो बार बार न हो, जो एक ही बार दिया जाए
२. आंसू
३. सामूहिक हत्या, कत्लेआम
४. बुराई, अहित
५. चैन, आराम (उर्दू)
९. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत के देखरेख के लिए तैनात, व्यक्तियों का दल
११. दोष, अपराध (उर्दू)
१२. प्रकट (उर्दू)
१३. वरयात्रा
१४. प्रचुर, अधिक
१५. निर्दोष, निरपराध (उर्दू)
१६. तूणिर, बाण रखने का चोगा
१८. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चक्कर, दौरा, भाग्य, हेरफेर (उर्दू)
२०. गीला, भीगा हुआ (उर्दू)
२३. अगर

## वर्ग पहेली-6867

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वे | ला | २ प | त्र | ३ क | ■ | ४ क | ष्ट | ५ प्र | द |
| ध | ■ | र | ■ | ६ टु | क | ड़ा | ■ | त्य | ■ |
| ७ शा | स | क | ■ | व | ■ | ८ प | री | क्ष | ९ क |
| ला | ■ | ट | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न्नी |
| ■ | ११ स | ना | १२ त | न | ■ | ■ | १३ त | ड़ | का |
| ■ | जी | ■ | रू | ■ | १४ प्र | ब | ल | ■ | ट |
| १५ अ | व | १६ गु | ण | ■ | ति | ■ | १७ ब | १८ स | ना |
| नि | ■ | रू | ■ | १९ स | मा | २० ज | ■ | फ | ■ |
| २१ वा | रि | ज | ■ | वे | ■ | २२ न | क | ल | २३ ची |
| र्य | ■ | २४ न | का | रा | त्म | क | ■ | ■ | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**दावा** *सुरक्षाबलों का वैष्णो देवी में नवरात्रों पर सुरक्षा प्रबंध चाक चौबंद का दावा*

# नवरात्रों पर गुफा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने के संकेत

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। वैष्णो देवी के तीर्थस्थल के बेस कैम्प कटड़ा में भी लोगों की भीड़ यह संकेत दे रही है कि इस बार नवरात्रों में आने वालों की संख्या सारे रिकार्ड तोड़ डालेगी। लेकिन इन सबके बीच सुरक्षाबल लोगों को डराने में अपनी मुख्य भूमिका जरूर निभा रहे हैं।**

अगर सेना कहती है कि आतंकी हमलों के खतरे को देखते हुए सेना के अतिरिक्त जवानों को कटड़ा में इस स्थिति से निपटने के लिए तैनात किया गया है तो अन्य सुरक्षा बलों का दावा है घुसपैठ कर मुठभेड़ों में भाग जाने वाले आतंकियों के कारण वैष्णो देवी की गुफा पर खतरा बढ़ गया है। सुरक्षाधिकारियों के बकौल 'विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, आतंकी वैष्णो देवी की गुफा या फिर कटड़ा में इस दौरान हमले कर सनसनी फैलाने के इरादे रखते हैं। अत: उनके हमलों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों के अतिरिक्त जवानों को गुफा के आसपास तथा कटड़ा कस्बे में तैनात कर गश्त तेज की गई है।' सुरक्षाधिकारी आगे कहते हैं कि उसने इन सूचनाओं को अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी बांटा है और उन्हें आगाह किया है कि वे आतंकियों पर नजर रखें तथा घटना को टालने के लिए एतिहात बरतें। इतना जरूर है कि उनकी इन सूचनाओं के बाद अन्य खुफिया एजेंसियां चेती हैं या नहीं लेकिन उन लोगों में दहशत अवश्य फैल गई है जो वैष्णो देवी के तीर्थस्थान पर आना चाहते हैं। असल में उनकी दहशत के पीछे का कारण यह भी है कि वे सेना की बातों पर विश्वास करते हैं। वैसे दावा यह भी है कि चैत्र नवरात्र के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के मकसद से एआई से लैस सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन सहित भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। चौत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहा है और इस नौ-दिवसीय उत्सव के दौरान अधिकारियों को गुफा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।



■ **गुफा के आसपास तथा कटड़ा कस्बे में सुरक्षाबलों के जवान तैनात**

कठुआ जिले में संदिग्ध पाक आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ के बाद ये कदम और भी महत्वपूर्ण हो गए हैं, इस मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर हुए और चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए। गुफा मंदिर के आधार शिविर कटरा की सुरक्षा जांच करते हुए रियासी के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कहते थे कि सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कि गए हैं, हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि हमने कटरा शहर में कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की है और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती की योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ-साथ त्वरित प्रतिक्रिया टीम को भी तैनात किया गया है और वे सतर्क हैं। वे कहते थे कि ड्रोन के साथ ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर सीआरपीएफ द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# खेल जगत

## रोहित अब तीन-चार साल पहले वाले रोहित नहीं रहे : मांजरेकर

**अहमदाबाद।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि रोहित शर्मा एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं और अब उन्हें हर सुबह अपने आप पर अतिरिक्त जोर देना होगा। आईपीएल 2025 में शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच में रोहित सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले सीजन के अपने पहले मैच में वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चार गेंदों में डक (0) पर आउट हुए थे। मांजरेकर ने जियोस्टार से बात करते हुए कहा कि अब वह तीन-चार साल पहले वाले रोहित शर्मा नहीं हैं। वह अपने करियर के उस पड़ाव पर हैं, जहां पर उन्हें अपने आप पर हर सुबह अतिरिक्त जोर देना होगा। उन्हें और बेहतर तरीके से ट्रेन करना होगा क्योंकि चीजें उनके हाथों से फिसल रही हैं। वह अभी भी अपने नैसर्गिक प्रतिभा पर निर्भर करते हैं।

# मुंबई इंडियंस की कोशिश लगातार तीसरी हार से बचने की



■ मुंबई को जीत की राह पर लौटना है तो बल्लेबाजों को रंगत दिखानी होगी

■ केकेआर की कोशिश मुंबई के खिलाफ दबदबा जारी रखने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 मार्च (देशबन्धु)। कप्तान हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर रेट के चलते एक मैच का प्रतिबंध खत्म होने के बाद टीम में वापसी के बावजूद अपने शुरू के दोनों मैच हारने के बाद मुंबई इंडियंस अब जब अपने घर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को 2025 आईपीएल क्रिकेट में खेलने उतरेगी तो उसकी कोशिश लगातार तीसरी हार से बचने की होगी। मुंबई को जीत की राह पर लौटना है तो उसके बल्लेबाजों को रंगत दिखानी होगी क्योंकि केकेआर की गाड़ी आरसीबी से पहले मैच अपने घर कोलकाता में सात विकेट से हारने के बाद राजस्थान रॉयल्स को गुवाहाटी में दूसरे मैच में क्विंटन डी कॉक की 97* की पारी से आठ विकेट से हरा कर पटरी पर लौट आई।दोनों टीमों के पिछले पांच से जिस तरह केकेआर ने चार मैच जीते हैं उसके चलते मेजबान मुंबई के लिए इस बार भी आसान नहीं होगा। केकेआर की कोशिश मुंबई के खिलाफअपना दबदबा जारी रखने की होगी। मौजूदा चैंपियन केकेआर को कप्तानी मुंबईकर अजिंक्य रहाणे के मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की पिच के मिजाज से वाकिफ होने के कारण मेजबान मुंबई इंडियंस के लिए जीत की राह पर वापस लौटना आसान नहीं होगा। मुंबई को अभी भी पूरी तरह फिट होने के लिए जूझ रहे अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी बुरी तरह अखर रही है। रोहित शर्मा और रेयन रिकल्टन की सलामी जोड़ी के साथ सूर्य कुमार यादव और तिलक वर्मा के शीर्ष क्रम रॉबिन मिंज, कप्तान हार्दिक पांड्या व नमन धीर के मध्यक्रम में शुरू के दो मैचों में मुंबई इंडियंस के लिए एक भी बल्लेबाज के अर्धशतक तक न जड़ पाना उसकी हार का बड़ा कारण रहा। **सोमवार का मैच : मुंबई इंडियंस वि. केकेआर (मुंबई, शाम साढ़े सात बजे से)।**

### 'उम्मीद है हमारे बल्लेबाज जल्द रंगत दिखाएंगे'

'गुजरात टाइटंस के खिलाफ कहां गलती हुई यह कहना मुश्किल है। हां,हमसे गलतियां हुईं और मैदान पर हम पेशेवर नहीं दिखे और हमने 20-25 बेवजह गुजरात को दे दिए। गुजरात के सलामी बल्लेबाजों ने पॉवरप्ले में बहुत ज्यादा जोखिम उठाकर अपने शॉट नहीं खेले और पर्याप्त रन बना कर हम संघर्ष करने पर मजबूर कर दिया। हमारे बल्लेबाजों को अपनी रंगत दिखानी होगी और मुझे उम्मीद है कि वे जल्द अपनी रंगत दिखाएंगे। पिच पर गेंद रुक कर आ रही थी और ऐसी गेंदों पर रन बनाना मुश्किल था। जब पिच पर इतना असमतल उछाल हो तो फिर बल्लेबाजों के लिए बल्लेबाजी खासी मुश्किल हो जाती है। गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने मेरे खिलाफ इसी असमतल उछाल के मुताबिक गेंदबाजी की: **हार्दिक पांड्या**

### 'हमारे गेंदबाजों ने इकाई के रूप में की बढ़िया गेंदबाजी'

'हमने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुरू के छह ओवर में खासी बढ़िया गेंदबाजी की। सुनील नारायण अस्वस्थ होने के कारण नहीं खेले और हमारे पास दो स्पिनर थे और ऐसे में बीच के ओवर अहम थे। मोइन को गेंदबाजी का मौका मिला और उन्होंने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की। आप चाहते हैं कि आपके खिलाड़ी क्रिकेट इस सबसे छोटे फॉर्मेट में बेखौफ खेले और हमारे पास विस्फोटक बल्लेबाज थे। हमारे गेंदबाजों ने एक इकाई के रूप में बराबर बढ़िया गेंदबाजी कर बराबर विकेट चटकाने की कोशिश की। मेरी मोइन) से बस यही बात हुई कि वह विकेट चटकाने पर ध्यान लगाए और उन्होंने विकेट चटकाए। हमने पारी का आगाज करने पर मोइन को पूरी तरह खुल कर बल्लेबाजी की छूट दी लेकिन वह बल्ले से बड़ा योगदान नहीं कर पाए, पर हमारे गेंदबाजों ने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की: **अजिंक्य रहाणे**

## आईपीएल 2025 प्वाइंट टेबल में टॉप पर पहुंची आरसीबी, आरआर 10वें स्थान पर

नई दिल्ली, 30 मार्च (आईएएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दो मैच में दो जीत के साथ प्वाइंट टेबल में पहले स्थान पर कब्जा कर लिया है। आरसीबी के दो मैच में दो जीत के साथ चार अंक हैं और टीम का नेट रन रेट (एनआरआर) बाकी टीमों के मुकाबले काफी ज्यादा है। आरसीबी का नेट रन रेट प्लस 2.266 है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का एनआरआर प्लस 0.963 है। आईपीएल के लेटेस्ट मैच की बात करें तो अहमदाबाद में शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने मुंबई इंडियंस को 36 रनों से मात दी। गुजरात टाइटंस की टूर्नामेंट में यह पहली जीत थी। इसी के साथ ही प्वाइंट टेबल में बड़ा फेरबदल भी देखने को मिला। जीटी तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने दो मैच खेले हैं। जिसमें एक जीत और एक हार का सामना करना पड़ा है। टीम का नेट रन रेट प्लस 0.625 है। दो अंकों के साथ दूसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स और इतने ही अंकों के साथ प्लस 0.550 के एनआरआर के साथ पंजाब सुपर किंग्स चौथे स्थान पर बनी हुई है। हालांकि, प्वाइंट टेबल में रविवार को फेरबदल होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है।

# स्टार्क के पंजे से दिल्ली ने हैदराबाद को 7 विकेट से पीटा

■ स्टार्क को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला



**विशाखापत्तनम,** 30 मार्च (एजेंसियां)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (35 रन पार 5 विकेट) और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव (22 रन पर 3 विकेट) की घातक गेंदबाजी तथा फाफ डुप्लेसी (50) के शानदार अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में रविवार को सात विकेट से पीट दिया। दिल्ली ने हैदराबाद को 18.4 ओवर में 163 रन पर समेटने के बाद 16 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर 24 गेंद शेष रहते आसान जीत हासिल कर ली। दिल्ली की यह लगातार दूसरी जीत है जबकि हैदराबाद को तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली इस जीत के बाद चार अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। स्टार्क को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। गेंदबाजों द्वारा हैदराबाद को 163 रन पर समेटने के बाद 9.1 ओवर में 81 रन की तूफानी ओपनिंग साझेदारी की। हैदराबाद को पॉवरप्ले में दो कैच टपकाने का भी नुकसान उठाना पड़ा। डुप्लेसी ने 27 गेंदों पर 50रन की मैच विजयी पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए। जैक फ्रेजर मैकगर्क ने भी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करते हुए 32 गेंदों पर 38 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। केएल राहुल मात्र पांच गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए।

### स्टार्क अच्छी लय में थे इसलिए उन्हें लगातार तीसरा ओवर दिया : अक्षर

**विशाखापत्तनम।** मिचेल स्टार्क के 5-35 के शानदार प्रदर्शन के बाद, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से जीत दर्ज की, कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को पावर-प्ले में लगातार तीसरा ओवर देने का फैसला सही रहा क्योंकि वह अच्छी लय में थे। इस मैच में पहली बार स्टार्क ने टी20 क्रिकेट में पांच विकेट लिए, जिन्होंने अपनी गति में बहुत अच्छा बदलाव किया। उनके तीन विकेट पावर-प्ले में आए, जिससे एसआरएच बैकफुट पर आ गई। स्टार्क को पावर-प्ले में अतिरिक्त ओवर देने के कारण उन्होंने खतरनाक ट्रैविस हेड को आउट कर दिया, जिससे एसआरएच का स्कोर 37/4 हो गया। स्टार्क के शेष दो विकेट पारी के आखिरी छोर पर आए, क्योंकि एसआरएच की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर आउट हो गई। मैच खत्म होने के बाद अक्षर ने कहा कि योजना थी कि स्टार्क को शुरुआत में दो ओवर और अंत में दो ओवर दिए जाएं, लेकिन वह अच्छी लय में थे। इसलिए, मैंने उन्हें तीसरा ओवर दिया और वह एक महत्वपूर्ण विकेट लेने में सफल रहे। अक्षर ने यह भी कहा कि वह डीसी के कप्तान के रूप में अपने जीवन का आनंद ले रहे हैं, उन्होंने खुलासा किया कि वह खिलाड़ियों के सुझावों को गंभीरता से लेते हैं।

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध सुनील

**मुंबई,** 30 मार्च (आईएएनएस)। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने पुष्टि की है कि ऑलराउंडर सुनील नारायण अपनी बीमारी से उबर चुके हैं और सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। नारायण ने गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ केकेआर के पिछले मैच में भाग नहीं लिया था, क्योंकि मैच की सुबह वे बीमार हो गए थे। उस मैच में उनकी जगह मोईन अली ने ली थी और उन्होंने केकेआर की इस सीजन की पहली जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। मोईन ने मैच के बाद अपने अप्रत्याशित सीजन डेब्यू के बारे में कहा कि मैं अच्छा अभ्यास कर रहा हूं और मैं हर समय तैयार रहने की कोशिश करता हूं। मुझे आज सुबह बताया गया कि सनी (नारायण) की तबीयत ठीक नहीं है और मुझे हमेशा तैयार रहना चाहिए।



■ नारायण ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बीमार के कारण भाग नहीं लिया था

जाहिर है, सनी की जगह लेना मुश्किल था, लेकिन मुझे लगा कि मैंने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि आप बस अपनी बारी का इंतजार कर रहे होते हैं और जब मौका आता है, तो आप जितना हो सके उतना योगदान देने की कोशिश करते हैं। लेकिन आज जैसे कुछ विकेटों पर, मैंने शायद अपने अनुभव का जितना हो सका, उतना इस्तेमाल किया, ताकि मैं इसे सरल रख सकूं, गेंद को स्टंप पर रख सकूं, खास तौर पर बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए लाइन को सीधा रख सकूं और गेंद को स्पिन करने की कोशिश कर सकूं। इडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में, नारायण ने 26 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 44 रन बनाए और अपने चार ओवरों में 1-27 के आंकड़े के साथ लौटे। केकेआर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि वह (नारायण) वानखेड़े में टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। मुंबई के खिलाफ मैच के लिए नारायण के केकेआर की प्लेइंग 11 में वापसी की संभावना है। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम को शनिवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 36 रन की हार के साथ सीजन की लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

# गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया मीट में 10,000 मीटर का अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

■ यूएसए में द टेन प्रतियोगिता में वे छठे स्थान पर रहे

**सैन जुआन कैपिस्ट्रानो (यूएसए),** 30 मार्च (एजेंसियां)। भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने द टेन 2025 एथलेटिक्स मीट में 27:00.22 सेकंड का समय लेकर पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। 26 वर्षीय गुलवीर सिंह ने 14.66 सेकंड के समय से 27:14.88 का अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने जापान में हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस 2024 इवेंट में बनाया था। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक्स पर पोस्ट किया, गुलवीर सिंह ने 27:00.22 का समय लेकर अपने



द टेन 2025 एथलेटिक्स मीट

राष्ट्रीय 10,000 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। यूएसए में द टेन प्रतियोगिता में वे छठे स्थान पर रहे। संयोग से, गुलवीर ने पिछले साल द टेन में पहली बार 10000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था, उन्होंने 27:41.81 का समय लेकर दौड़ पूरी की थी। इस प्रदर्शन ने सुरेंद्र सिंह के पिछले रिकॉर्ड 28:02.89 को पीछे छोड़ दिया, जो 2008 से कायम था। गुलवीर ने बाद में जापान में हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस इवेंट में अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। हांगझाऊ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता का द टेन में समय, जो कि विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर-लेवल मीट है, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए स्वचालित योग्यता मानक के भी बहुत करीब था, जो कि 27:00.00 है - जो कि गुलवीर के फिनिश से सिर्फ 0.22 सेकंड कम है। हालांकि, उन्होंने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए प्रवेश मानक को तोड़ दिया, जिसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 29.33.26 सेकंड निर्धारित किया गया है।

## सार संक्षेप

### शेखावत ने शूटिंग रेंज में राइफल से निशाना साधा व बास्केटबॉल खेली

**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दमन और दीव के दौरे पर रविवार को उन्होंने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करने के साथ शूटिंग रेंज में राइफल से निशाना साधा और बास्केटबॉल भी खेली। दमन और दीव के दौरे पर श्री शेखावत ने वहां के प्रशासक प्रफुल पटेल के साथ दमन हवाई अड्डे की चल रही निर्माण गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। वह सिलवासा में अटल फ्लाईओवर के नीचे बने स्पोर्ट्स सेंटर भी गए। उन्होंने कहा कि यहां स्पोर्ट्स सेंटर बनाना खाली स्थान का सदुपयोग है। सेंटर में खेल की स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। यह व्यवहारिक नवाचार है। शेखावत ने यहां बास्केटबॉल और शूटिंग में हाथ आजमाए। केंद्रीय मंत्री सिलवासा के स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर भी गए। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक प्रबंध का बेजोड़ उदाहरण है। यह 12,000 विद्यार्थियों के साथ भारत में सर्वाधिक छात्र संख्या का स्कूल है। विद्यार्थियों ने ही केंद्रीय मंत्री को स्कूल का पूरा अवलोकन कराया और प्रबंध की जानकारी दी।

### रियल मैड्रिड ने ला लीग में लेगानेस को हराया

**मैड्रिड।** किलियन एमबाप्पे के दो गोलों की बदौलत रियल मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर ला लीगा के शीर्ष पर अपने प्रतिद्वंद्वी एफसी बार्सिलोना के साथ अंकों के मामले में बराबरी कर ली। शनिवार रात खेले गये मुकाबले में रियल मैड्रिड के एमबाप्पे का पहला गोल एक पेनल्टी था, जिसका लेगानेस ने जोरदार विरोध किया, क्योंकि अर्दा गुलर को चुनौती के तहत नीचे गिरा दिया गया था, लेकिन डिएगो गार्सिया ने मैड्रिड क्षेत्र में एक ढीली गेंद पर तुरंत गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दानी रवा ने मध्यांतर से चार मिनट पहले तेज ब्रेक लेकर मेहमान टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ के शुरू में जूड बेलिंगहैम ने गोलकर स्कोर 2-2 कर दिया और एमबाप्पे ने 15 मिनट शेष रहते गोल किया जो कि विजयी गोल साबित हुआ।

### भारतीय टेबल टेनिस के शरत ने संन्यास लिया

**चेन्नई।** भारतीय टेबल टेनिस के दिग्गज अचंत शरत कमल ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 में पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 में स्नेहित सुरवज्जुला के खिलाफ मुकाबले के बाद संन्यास ले लिया। अपने हमवतन के खिलाफ 3-0 की हार का मतलब था कि यह शरत का अंतिम आधिकारिक मैच था। पांच बार के ओलंपियन और भारत के सबसे मशहूर पैडलर शरत ने टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की थी। 42 वर्षीय शरत, जो रिकॉर्ड 10 बार राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं, वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी हैं, जो नवीनतम डब्ल्यूटीटी रैंकिंग सूची में 92वें स्थान पर हैं।

## आईपीएल 2025 धीमी ओवर गति के लिए पांड्या पर लगाया गया जुर्माना

**अहमदाबाद,** 30 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या पर शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मुंबई के गेंदबाज निर्धारित समय में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 20 ओवर नहीं फेंक पाए थे। इससे पहले हार्दिक पांड्या को आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ओवर-रेट के चलते इस सीजन में एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा था। वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। पांच बार की चैंपियन टीम उनकी



अनुपस्थिति में संघर्ष करती रही, सीएसके के खिलाफ अच्छा स्कोर बनाने में सफल नहीं हुई और मैच में चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 में यह पहली बार है जब किसी कप्तान पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। वहीं, मैच में मुंबई इंडियंस को शनिवार को इस सीजन की दूसरी हार का सामना करना पड़ा। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस पर 36 रनों की शानदार जीत हासिल की।

## राष्ट्रीय सीनियर खो-खो चैम्पियनशिप के लिए बिहार टीम रवाना


**पटना,** 30 मार्च (एजेंसियां)। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पुरी (ओडिशा) में 31 मार्च से 04 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 57वीं सीनियर नेशनल पुरुष एवं महिला खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार की 34 सदस्यीय टीम पुरी के लिए रवाना हो गई।



खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने बताया कि महिला टीम में चंपारण से ललिता कुमारी (कैप्टन), कविता कुमारी, अनिता कुमारी, रोमा रॉय (बांका), कृष्णा प्रिया (भागलपुर), पूजा कुमारी (बक्सर), मौसम कुमारी (भोजपुर), मोनिका (भागलपुर), लखीसराय से गुड़िया कुमारी, साक्षी कुमारी, मुंगेर से रिया रानी, आकांक्षा कुमारी, स्मिता कुमारी, अंशु कुमारी (वेस्ट चंपारण), स्मृति भारती (बांका) शामिल है।

# यूजेनियो चाकारा हीरो इंडियन ओपन के पहले स्पेनिश विजेता बने

**गुरुग्राम,** 30 मार्च (एजेंसियां)। स्पेन के यूजेनियो चाकारा ने फाइनल दिन की शुरुआत डबल बोगी से की और बोगी-पार के साथ समापन किया, जिससे वे डीपी वर्ल्ड टूर पर 2025 हीरो इंडियन ओपन के विजेता बन गए। हीरो मोटोकॉर्प के विशेष आमंत्रण पर टूर्नामेंट में शामिल हुए 25 वर्षीय चाकारा इस इवेंट के पहले स्पेनिश चैंपियन बने, उन्होंने चार दिनों में तीन अंडर पार राउंड बनाए। डीपी वर्ल्ड टूर पर अपनी पहली जीत दर्ज करने वाले चाकारा ने हीरो प्रो-एम में जीत के साथ सप्ताह की शुरुआत की और डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 70-70-73-71 के स्कोर के साथ कुल 4-अंडर 284 का स्कोर बनाया। उन्होंने गत चैंपियन जापान के कीता नाकाजिमा (72) पर दो शॉट से जीत हासिल की। विजेता चाकारा ने हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन मुंजाल से



■ चाकारा ने हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन मुंजाल से शानदार और प्रतिष्ठित हीरो इंडियन ओपन ट्रॉफी प्राप्त की

शानदार और प्रतिष्ठित हीरो इंडियन ओपन ट्रॉफी प्राप्त की, साथ ही उन्हें 382,500 अमेरिकी डॉलर का विजेता चेक भी मिला, जबकि नाकाजिमा को 247,500 अमेरिकी डॉलर मिले। शीर्ष भारतीय एक बार फिर वीर अहलावत (75) के साथ ओम प्रकाश चौहान (71) और गगनजीत भुल्लर (73) रहे, जो अंतिम तीन होल में एक बोगी और एक डबल बोगी के साथ टी-10 से टी-17 पर खिसक गए। भावुक चाकारा से जब उनकी भावनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जाहिर है, आपको हीरो मोटोकॉर्प और डॉ. पवन मुंजाल को धन्यवाद देकर शुरुआत करनी चाहिए, जिन्होंने मुझे प्रतिस्पर्धा करने का मौका दिया।

# मानव ठक्कर का ऐतिहासिक सफर सेमीफाइनल में पोरेट से हार के साथ समाप्त

**चेन्नई,** 30 मार्च (एजेंसियां)। मानव ठक्कर का डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 में ऐतिहासिक सफर रविवार को विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी थिबॉल्ट पोरेट से 3-1 से सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले में हार के साथ खत्म हुआ। एक दिन पहले ही डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनने वाले मानव ने जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में जोश से भरा प्रदर्शन किया और 20 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी को रोमांचक, उच्च तीव्रता वाले मुकाबले में संघर्ष



कराया। पहले दो गेम में मामूली अंतर से हारने के बावजूद, राजकोट के 24 वर्षीय खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा गेम अपने नाम किया और घरेलू दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पोरेट का

■ पोरेट का सामना दक्षिण कोरिया के ओह जुन-सुंग से खिताबी मुकाबले में होगा

असाधारण रक्षात्मक प्रदर्शन अंततः निर्णायक साबित हुआ और अब उनका सामना दक्षिण कोरिया के ओह जुन-सुंग से खिताबी मुकाबले में होगा। इतिहास में अपना स्थान बनाने के अलावा, मानव ने अपने सनसनीखेज सेमीफाइनल सफर के साथ 210 महत्वपूर्ण डब्ल्यूटीटी रैंकिंग अंक और 4,000 डॉलर (3.42 लाख रुपये) का पर्स हासिल किया। इससे पहले, मानव ने जर्मनी के आंद्रे बर्टेल्समेयर और दक्षिण कोरिया के ओलंपिक पदक विजेता लिम जोंग-हून पर लगातार पांच गेम के रोमांचक मुकाबलों में जीत हासिल की थी और सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इस टूर्नामेंट ने अचंत शरत कमल के दो दशक लंबे शानदार करियर का भी अंत किया, जब उन्हें डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 में पुरुष एकल में स्नेहित सुरवज्जुला से राउंड ऑफ 16 में हार का सामना करना पड़ा।

## सबालेंका ने पहली बार जीता मियामी ओपन खिताब

**मियामी,** 30 मार्च (एजेंसियां)। आर्यना सबालेंका ने फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर मियामी ओपन का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल के यूएस ओपन फाइनल के रीमैच में, शुरुआती सेट में तीन बार अपनी शानदार सर्विस टूटने के बावजूद, दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने शांतचित्त होकर 5-6 पर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, जिसने उन्हें चौथी रैंकिंग वाली पेगुला पर 1 घंटे 28 मिनट में 7-5, 6-2 से जीत दिलाई और अपना पहला मियामी ओपन मास्टर्स 1000 खिताब जीता।



यह सबालेंका के लिए एक बड़ी जीत थी, जिन्हें अपने पिछले दो फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (मैडिसन कीज से) और इंडियन वेल्स (मीरा एंड्रीवा से) में मामूली हार का सामना करना पड़ा था। आखिरकार, मैं फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने में सक्षम थी, और मैं परिणाम और प्रदर्शन से बहुत खुश हूं, मैं कहूंगी, इन महीनों के लिए। इसलिए, इस खूबसूरत (क्रिस्टल बुच बुचोलज) ट्रॉफी को पकड़कर बहुत खुश हूं। ईमानदारी से इस मैच में जाने से पहले, मेरी मानसिकता थी कि चाहे कुछ भी हो जाए, अगर वह मुझे तोड़ने वाली है, तो मेरी मानसिकता वहां रहने, खुद पर ध्यान केंद्रित करने, हर अंक के लिए लड़ने की थी, चाहे कुछ भी हो। सबालेंका ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं एक और फाइनल नहीं हारना चाहती थी। फाइनल में हारना वाकई बहुत मुश्किल है। इसलिए आप कोई ऐसा कहता, तो मैं कहती, ठीक है, यह एक लड़ाई होने वाली है, मैं इसके लिए तैयार हूं।

# कृषि जगत



## कैसे की जाती है बैंगन की खेती, कुछ बातों का रखें ध्यान होगा दोगुना मुनाफा



अगर आप एक किसान हैं तो आप इस महीने में बैंगन की खेती की तैयारियां शुरू कर सकते हैं। बैंगन की खेती अलग-अलग किस्म के हिसाब से 8 से 12 महीनों तक चल सकती है। आप बैंगन की खेती कर के तगड़ा मुनाफा कमा सकते हैं, लेकिन पहले ये तय करना होगा कि आपके इलाके में किस बैंगन की मांग अधिक है। इसके बाद आप बैंगन की खेती कर सकते हैं और तगड़ा मुनाफा कमा सकते हैं। आइए जानते हैं कब और कैसे की जाती है बैंगन की खेती और इसकी खेती से कितना मुनाफा कमाया जा सकता है।

**कैसे पता करें किस बैंगन की है डिमांड?**- देश में कहीं-कहीं भर्ते वाला बैंगन खूब बिकता है तो कहीं लंबा बैंगन। इतना ही नहीं, कई जगहों पर सफेद और हरे बैंगन खूब चाव से खाए जाते हैं। बैंगन की खेती से पहले आपको अपने पास की सब्जी मंडी जाना चाहिए और थोड़ी रिसर्च कर लेनी चाहिए कि किस बैंगन की मांग अधिक है। बैंगन की किस्में भी बहुत सारी होती हैं, ऐसे में आपको यह भी तय करना चाहिए कि किस किस्म का बैंगन उगाना है।

**कब और कैसे करें बैंगन की खेती?**- बैंगन की खेती देश में लगभग पूरे साल की जाती है। हर सीजन के हिसाब से बैंगन की अलग-अलग किस्में उगाई जाती हैं। आप चाहे तो अभी भी बैंगन की खेती कर सकते हैं। एक एकड़ में आप बैंगन के 4-6 हजार पौधे लगा सकते हैं।

ध्यान रहे कि बैंगन के पौधे काफी बड़े होते हैं, ऐसे में दो पौधों के बीच अच्छी खासी जगह छोड़ना जरूरी है, ताकि वह अच्छे से बढ़ सकें। बैंगन की खेती 6×3 फुट के हिसाब से करना अच्छा होता है। दो पौधों के बीच की दूरी 3 फुट और दो कतारों के बीच 6 फुट की दूरी रखी जाती है। इससे एक तो पौधों को फैलने की जगह मिलती है, दूसरा हार्वेस्टिंग भी आसान हो जाती है। बैंगन की खेती में ड्रिप इरिगेशन की मदद लेनी चाहिए, ताकि पानी भी बचे और पौधों कि सिंचाई भी अच्छे से हो सके।

**कितनी पैदावार, कितनी लागत, कितना मुनाफा?**- बैंगन की खेती के लिए सबसे पहले जरूरत होती है नर्सरी की। बैंगन का प्रति पौधा 2-3 रुपये का पड़ता है। यह नर्सरी करीब 35-40 दिन की होती है। इसे खेतों में लगाने के करीब 60-65 दिन बाद बैंगन हार्वेसिंग के लिए तैयार हो जाता है। अगर लंबे वाले बैंगन की बात करें तो करीब 6-8 महीनों में आपको एक पौधे से औसतन 3-5 किलो बैंगन मिल जाता है। यानी एक एकड़ में आपकी कुल पैदावार लगभग 20-25 टन तक हो सकती है। एक एकड़ में बैंगन की खेती में करीब डेढ़ से दो लाख रुपये की तो लागत लग जाती है। अगर आपका बैंग 20 रुपये के भाव से भी बिकता है तो आपको एक एकड़ से 4 लाख रुपये की कमाई होगी। यानी आपको एक ही एकड़ से 2 लाख रुपये का मुनाफा होगा। देखा जाए तो आपको लागत से दोगुना मुनाफा होगा।

### कीड़ों से बचाना है जरूरी

बैंगन की खेती में सबसे जरूरी होता है कीटनाशक का छिड़काव। अपनी फसल को हर रोज देखना चाहिए और अगर लगे कि कीड़ों का हमला शुरू हो रहा है तो तुरंत उनसे निपटने के उपाय करने चाहिए। इंडियन फार्मर यूट्यूब चैनल चलाने वाले किसान संतोष जाधव बताते हैं कि बैंगन को अगर सुंडी से बचा लें तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वह कहते हैं कि बैंगन को कीड़ों से बचाने के लिए थेरामन ट्रैप और फनल ट्रैप का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे मेल पंतगें उसी में फंस जाते हैं और फीमेल से नहीं मिल पाते, जिससे उनकी तादात नहीं बढ़ती। अगर इन्हें नहीं रोका जाए तो सुंडियां पैदा हो जाएंगी, जो बैंगन के फल और तनों को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे 30-40 फीसदी तक फसल बर्बाद होने का खतरा रहता है। लाइट ट्रैप से भी इन कीटों से निपटा जाता है। खेत के बाहर लाइट लगाते हैं और उसके नीचे पानी में तेल डालकर रख दिया जाता है। जब कीड़े वहां जाते हैं तो उसमें गिरकर मर जाते हैं।

## बिना मिट्टी के सब्ज़ियां व फलों को उगाने की तकनीक

हाइड्रोपोनिक तकनीक से आप बिना मिट्टी के टमाटर की खेती सहित तमाम अन्य सब्ज़ियाँ व फल उगा सकते हैं। हाइड्रोपोनिक्स प्रौद्यौगिकी से बिना मिट्टी के सब्ज़ियाँ उगाकर परिवार के लिए ताज़ी सब्ज़ियों की व्यवस्था कर सकते हैं। मिट्टी के बिना बाग़वानी करके ताज़े फल उपलब्ध करा सकते हैं। बिना मिट्टी के आपका किचन गार्डन लगाने का सपना तो पूरा होगा ही। इसके साथ आप बिना मिट्टी के सब्ज़ियां व फलों को उगाकर घर बैठे लाखों रुपए कमा सकते हैं।

पढ़ाई लिखाई करके बीएड बीटीसी, टेट सुपर टेट पास कर शिक्षक भर्ती की आस में प्रदेश का युवा बेरोज़गार बैठा है। उनके पास अपना कोई काम नही है। ऐसे मित्र हाइड्रोपोनिक्स तकनीक को अपनाकर मिट्टी के बिना सब्ज़ियां व फल तथा पौधे उगाकर अपने लिए रोज़गार के अवसर पैदा कर सकते हैं। साथियों शहरीकरण व बढ़ती जनसंख्या के कारण पौधे लगाने के लिए ज़मीन कम हो रही है। ऐसे में हाइड्रोपोनिक्स बिना ज़मीन के पौधे उगाने की विधि किसी वरदान से कम नही है।

हाइड्रोपोनिक की मदद से हम बिना मिट्टी के घर की छत पर सब्ज़ियाँ, फल व पौधे बड़ी आसानी से उगा सकते हैं। इस तकनीक में सिर्फ़ बालू या कंकड़, पानी से एक नियंत्रित जलवायु में पौधे उगाये जाते हैं। मिट्टी के बिना खेती पश्चिमी देशों में काफ़ी समय से की जा रही है।

हम जानते हैं पौधे के वृद्धि व विकास के लिए नमी, उचित तापमान, व पोषक तत्व व खनिज तत्वों की आवश्यकता होती है। जिसे पौधे अपनी जड़ों के द्वारा ज़मीन से अवशोषित करते हैं। हाइड्रोपोनिक्स तकनीक इसी अवधारणा पर केंद्रित है। पौधे के विकास व बढ़वार के लिए सभी आवश्यक चीज़ें एक कंट्रोल्ड ईकोसिस्टम के ज़रिए दी जाती है।

**हाइड्रोपोनिक खेती के लिए कितने तापमान व आर्दता की की ज़रूरत होती है ?** बताते चलें की हाइड्रोपोनिक तकनीक में पौधों के लिए एक कृत्रिम पारिस्थिकी तंत्र बनाया जाता है। हाइड्रोपोनिक्स में पौधों को 15 से 30 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान व 80-85 प्रतिशत नमी दी जाती है।

**हाइड्रोपोनिक खेती के लिए उर्वरक घर पर बनाने की विधि**- साथियों को पौधों की बढ़वार व विकास के लिए हाइड्रोपोनिक खेती में पौधे के लिए एक घोल बनाया जाता है। इस घोल में पौधे के के बढ़वार के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वों को एक निश्चित अनुपात में मिलाया जाता है।

इस घोल में नाइट्रोजन फ़ोस्फोरस पोटाश मैगनीशियम कैलशियम सल्फ़र जिंक आयरन निश्चित मात्रा में होते हैं । हाइड्रोपोनिक तकनीक से तैयार हो रहे पौधों में तैयार घोल की एक - दो बूँद हर माह डाली जाती है। इस घोल से पौधों को आवश्यक पोषक तत्व मिल जाता हैं। जिससे उनकी बढ़वार अच्छी होती है।

## पुदीना खेती की जानकारी

पुदीना मैंथा के नाम से जानी जाने वाली एक क्रियाशील जड़ी बूटी है। पुदीना को तेल, टूथ पेस्ट, माउथ वॉश और कई व्यंजनों में स्वाद के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इसके पत्ते कई तरह की दवाइयां बनाने के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं। पुदीने से तैयार दवाइयों को नाक, गठिया,नाड़ियां, पेट में गैस और सोजिश आदि के इलाज के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इसे व्यापक श्रेणी की दवाइयां बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एक छोटी जड़ी-बूटी होती है जिसकी औसतन ऊंचाई 1-2 फीट के साथ फैलने वाली जड़ें होती हैं। इसके पत्ते 3.7-10 सैं.मी. लंबे और जामुनी रंग के छोटे फूल होते हैं। इसका मूल मैडिटेरेनियन बेसिन है।

यह ज्यादा अंगोला, थाइलैंड, चीन, अर्जेंनटीना, ब्राज़ील, जापान, भारत और पारागुए में पाया जाता है। भारत में उत्तर प्रदेश और पंजाब भारत के पुदीना उत्पादक राज्य हैं।

**मिट्टी**- पुदीने को मिट्टी की कई किस्मों जैसे दरमियाने से गहरी उपजाऊ मिट्टी, जिसमें पानी को सोखने की क्षमता ज्यादा हो, में उगाया जाता है। इसको जल-जमाव वाली मिट्टी में भी उगाया जा सकता है। उच्च नमी वाली मिट्टी में यह अच्छे परिणाम देती है।

**प्रसिद्ध किस्में और पैदावार**- मास- यह छोटे कद की किस्म है। जिसकी ऊंचाई 30-45 सैं.मी. होती है। यह बीमारीयों की रोधक और जल्दी पकने वाली किस्म है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 70-80 प्रति होती है। इसकी औसतन पैदावार 80 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 50-60 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है।

**हाईब्रिड -।।:** इसकी ऊंचाई 50-60 सैं.मी. होती है। यह किस्म पत्तों के धब्बा रोग और कुंगी के रोधक होती है, और यह जल्दी पकने वाली किस्म है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 80-85त्र होती है। इसकी औसतन पैदावार 80 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 50-60 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है। यह रेतली दोमट मिट्टी में बढ़िया पैदावार देती है औरऐसी शुष्क मौसम में की आवश्यकता होती है।

**शिवालिक:** यह चीन की खेती से चुनी गई किस्म है। यह किस्म उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों और उत्तरांचल में अच्छी वृद्धि करती है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 65-70त्र होती है। इसकी औसतन पैदावार 120 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 72 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है। यह किस्म फंगस रोगों से जल्दी प्रभावित होती है।

**ईसी-41911:** यह किस्म रूसी जर्मप्लाज्म से ली गई है। यह किस्म पानी की रोधक और आकार में सीधी होती है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 70त्रपायी जाती है। इसकी औसतन पैदावार 120 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 72 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है। इस किस्म से तैयार तेल का प्रयोग विभिन्न व्यंजनों में स्वाद के लिए किया जाता है।

**गोमटी :**यह किस्म रंग में हल्के लाल रंग की होती है। इसकी पैदावार बाकी किस्मों की पैदावार से कम होती है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 78-80 प्रतिशत होती है।

**हिमालय :** इसके पत्तों का आकार बाकी किस्मों से बड़ा होता है। यह किस्म कुंगी, झुलस, सफेद धब्बे और पत्तों पर धब्बे रोग की रोधक है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 78-80त्र होती है।इसकी औसतन पैदावार 160 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 80-100 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है।

**कोसी :** यह किस्म 90 दिनों में पक जाती है। यह किस्म कुंगी, झुलस, सफेद धब्बे और पत्तों के धब्बे रोग की प्रतिरोधक है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 75-80 प्रतिशत होती है और तेल की पैदावार 80-100 किलोग्राम प्रति एकड़ होती है।

**सक्षम:** यह किस्म सी वी हिमालय की तरफ से टिशू कल्चर द्वारा तैयार की गई है। इसमें मैन्थोल की मात्रा 80त्र होती है और तेल की पैदावार 90-100 किलोग्राम प्राप्त होती है।

**कुशल:** यह किस्म टिशू कल्चर द्वारा तैयार की गई है और 90-100 दिनों में पक जाती है। यह किस्म कीट और बीमारियों की रोधक होती है। यह किस्म अर्द्ध शुष्क उप उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में अच्छी पैदावार देती है और उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी अच्छी उगती है। है। इसकी औसतन पैदावार 120-132 क्विंटल प्रति एकड़ जड़ी-बूटियां के तौर पर और 70-80 किलोग्राम प्रति एकड़ तेल के तौर पर होती है।

**पंजाब सप्रामिंट:** इस किस्म में तेल की मात्रा 0.57 प्रतिशत होती है और इसमें तेल का मुख्य तत्व कारवोन होता है। इसकी औसतन पैदावार 80—100 क्विंटल प्रति एकड़ होती है।

**ज़मीन की तैयारी:** पुदीने की बिजाई के लिए सुविधाजनक आकार के बैड तैयार करें। खेत की तैयारी के समय खेत की अच्छी तरह जोताई करें। जैविक खाद जैसे रूड़ी की खाद 100-120 क्विंटल प्रति एकड़ रूड़ी की खाद डालें7 रूड़ी की खाद के बाद हरी खाद डालें।

**बिजाई का समय**- इसकी बिजाई के लिए दिसंबर-जनवरी का समय अनुकूल होता है।

**फासला**- पौधे के भागों की बिजाई 40 सैं.मी. के फासले पर और पंक्तियों के बीच का फासला 60 सैं.मी होना चाहिए।

**बीज की गहराई**- बीज को 2-3 सैं.मी. की गहराई में बोयें।

बिजाई का ढंग

पौधे के जड़ वाले भाग को मुख्य खेत में बोया जाता है।

**बीज की मात्रा**- प्रजनन क्रिया जड़ के भाग या टहनियों द्वारा की जाती है। अच्छी पैदावार के लिए 160 किलो भागों को प्रति एकड़ में प्रयोग करें। जड़ें पिछले पौधों से दिसंबर और जनवरी के महीने में प्राप्त की जाती है।

**बीज का उपचार**- फसल को जड़ गलने से बचाने के लिए बिजाई से पहले बीजे जाने वाले उपचार कप्तान 0.25 प्रतिशत या आगालोल 0.3त्र या बैनलेट 0.1त्र से 2-3 मिनट के लिए किया जाना चाहिए।

**पनीरी की देख-रेख और रोपण**- बिजाई से पहले पौधे की बारीक जड़ 10-14 सैं.मी. काटें। पुदीने की जड़ को आकार और जड़ के हिसाब से बोयें। पौधे की बारीक जड़ की रोपाई 40 सैं.मी. के फासले पर और कतार से कतार का फासला 60 सैं.मी होना चाहिए। बिजाई के बाद मिट्टी को नमी देने के लिए सिंचाई करें।

रोपाई के बाद नदीनों की रोकथाम के लिए सिनबार 400 ग्राम की प्रति एकड़ में स्प्रे करें। नदीनों से बचाव के लिए एट्राज़ीन और सिमाज़ीन 400 ग्राम, पैंडीमैथालीन 800 मि.ली. और ऑक्सीफ्लूरोफेन 200 ग्राम की बूटीनाशक स्प्रे प्रति एकड़ में करें।

खेत की तैयारी के समय रूड़ी की खाद 80-120 क्विंटल प्रति एकड़ में डालें और अच्छी तरह मिलायें। नाइट्रोजन 58 किलो (यूरिया 130 किलो), फासफोरस 32-40 किलो (सिंगल सुपर फासफेट 80-100 किलो), पोटाशियम 20 किलो (म्यूरेट ऑफ पोटाश 33 किलो) प्रति एकड़ में डालें।

**खरपतवार नियंत्रण**- हाथों से लगातार गोडाई करें और पहली कटाई के बाद खेत को नदीन मुक्त करें। नदीनों की रोकथाम के लिए सिनबार 400 ग्राम प्रति एकड़ में प्रयोग करें। नदीनों को नियंत्रित करने के लिए जैविक मल्च के साथ ऑक्सीफलोरफिन 200 ग्राम या पैंडीमैथालीन बूटीनाशक 800 मि.ली को प्रति एकड़ में प्रयोग करें। यदि नदीन ज्यादा हो तो डालापोन 1.6 किलोग्राम प्रति एकड़ या ग्रामाक्ज़ोन 1 लीटर और डयूरॉन 800 ग्राम या टेरबेसिल 800 ग्राम की प्रति एकड़ में स्प्रे करें।

**सिंचाई**- गर्मियों में मॉनसून से पहले जलवायु और मिट्टी के आधार पर 6-9 सिंचाइयां जरूर की जानी चाहिए। मॉनसून के बाद 3 सिंचाइयों की आवश्यकता होती है। पहली सिंचाई सितंबर महीने में, दूसरी अक्तूबर में और तीसरी नवंबर महीने में की जानी चाहिए। सर्दियों में ज्यादा सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन यदि सर्दियों में बारिश ना पड़े तो एक सिंचाई जरूर देनी चाहिए।

**पौधे की देखभाल**

**बालों वाली सुंडी**

**हानिकारक कीट और रोकथाम**

बालों वाली सुंडी ः यह डिकारसिया ओबलीकुआ के कारण होती है। यह हरे पत्तों को खाती है और पूरे पौधे को नष्ट कर देती है। इस कीट की रोकथाम के लिए मैलाथियॉन या थायोडन 1.7 मि.ली को प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।


**कुतरा सुंडी**

**कुतरा सुंडी** - यह एगरोटिस फलेमैटरा के कारण होती है। यह बसंत ऋतु के दौरान पौधे की गर्दन को नुकसान पहुंचाती है।

इस कीट की रोकथाम के लिए रोपाई से पहले फॉरेट 10 ग्राम से मिट्टी का उपचार करें।

**लाल भुंडी**- लाल भुंडी: यह आउलोकोफोरा फोइवीकॉलिस के कारण होती है। यह ताजे हरे पत्तों और कलियों को खाती है।

इस कीट की रोकथाम के लिए थायोडैन 1 मि.ली को 1 लीटर पानी में मिलाकर स्प्रे करें।



**पुदीने की पत्ता लपेट सुंडी**

पुदीने की पत्ता लपेट सुंडी : यह सिंगमिया अबरूपतालिस के कारण होती है। यह कीट पत्तों को लपेट देती है और अगस्त सितंबर के महीने में अंदर से पत्तों को खाती है। इस कीट से बचाव के लिए थायोडन 1.5 मि.ली. को 1 लीटर पानी में मिलाकर सप्ताह के अंतराल में 2-3 बार छिड़काव करें।

**तना गलन**

**बीमारियां और रोकथाम**- तना गलन : यह मैकरोफोमिना फेज़िओली के कारण होती है। यह पौधे के निचले भागों में हमला करती है जिससे पौधे पर भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं जो बाद में पौधे को खोखला कर देता है।

इस कीट की रोकथाम के लिए कप्तान 0.25त्र या आगालोल घोल 0.3 त्र या बैनलेट 0.1 प्रतिशत में 2-3 मिनट के लिए तने को रखें।

**फ्ुज़ारियम सूखा**- फ्ुज़ारियम सूखा : यह फ्ुज़ारियम ऑग्ज़ीस्पोरियम के कारण होती है। इससे पत्ते पीले, मुड़े हुए और सूख जाते हैं। इस कीट की रोकथाम के लिए बवास्टिन, बैनलेट और टॉपसिन दें।

**पत्ते का झुलस रोग**- पत्ते का झुलस रोग :यह ऑल्टरनेरिया के कारण होती है। यह गर्मियों के मौसम में पत्तों को नुकसान पहुंचाती है।

इस बीमारी की रोकथाम के लिए कॉपर फंगसनाशी का प्रयोग करें।

**फसल की कटाई**- पौधे 100-120 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। जब निचले पत्ते पीले रंग के होने शुरू हो जायें, तब कटाई करें। कटाई दराती से और बूटियों को मिट्टी की सतह के 2-3 सैं.मी. ऊपर से निकालें। अगली कटाई पहली कटाई के बाद 80 दिनों के अंतराल पर करें। ताजी पत्तियों को उत्पाद बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है।

**कटाई के बाद**- कटाई करने के बाद तेल निकालने के लिए उसके नर्म तनों का प्रयोग किया जाता है। फिर पुदीने के तेल को पैक करके बड़े स्टील के या एल्यूमीनियम के बक्सों में रखा जाता है। फसल को नुकसान होने से बचाने के लिए जल्दी मंडी में भेजा जाता है। पुदीने की पत्तियों से काफी तरह के उत्पाद बनाए जाते हैं जैसे प्रक्रिया के बाद पुदीने का तेल और चटनी आदि।

## गमलें में सब्जियां उगाने के लिए छत, बदामदे, खिड़कियों का इत्तेमालक कैसे करें

गमलें में सब्जियां उगाने के लिए छत, बरामदे, खिड़कियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। गमलों को रखने के लिए हमेशा ऐसी जगह का चुनाव करें जहां दिन में कम से कम 6-7 घंटे सूर्य की रोशनी पड़ती हो अन्यथा छाया में पौधे अपना भोजन नहीं बना पाते है, जिसके कारण उनके विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**गमलों को रखने/ज़माने का तरीका** - गमलें को हमेशा इस तरह से व्यवस्थित करना चाहिए कि एक पौधे की छाया दूसरे पर न पड़े। दक्षिण की तरफ हमेशा कम ऊंचाई वाले पौधे जैसे - धनियां, मेथी, पालक लगाए व उत्तर की तरफ में वे पौधे रखें जिनकी लंबाई अपेक्षाकृत अधिक हो। इसके अलावा दो गमलों के बीच थोड़ी जगह छोड़े जिससे उनमें धुप के साथ -साथ खरपतवार नियंत्रण एवं पानी लगाने में भी सुविधा रहे।

**सब्जियों का चुनाव कैसे करें**- घर की छत के ऊपर लगभग सभी तरह की सब्जियां उगा सकते है। सब्जियों का चयन मौसम ओर गमलों के आकर के हिसाब से किया जाता है। इसमें टमाटर, मिर्च, बैंगन के अलावा हरी सब्जियां (पालक, धानिया, मेथी), बेलवाली सब्जियां (लोकि, करेला, ककड़ी, तोरई, कद्दू इत्यादि), ब्लब वाली सब्जियाँ (प्याज, लहसुन, आलू), बिन्स, भिंडी, फूलगोभी, पत्तागोभी इत्यादि उगा सकते है।

**खाद एवं पोषक तत्व प्रबंधन** - गमले भरते समय वर्मीकम्पोस्ट को उचित अनुपात में डालना चाहिए यदि वर्मीकम्पोस्ट उपलब्ध नहीं है तो उसमें अच्छी तरह सड़ी गली गोबर की खाद डाले। इसके अलावा पानी में घुलनशील उर्वरक भी बाजार में उपलब्ध है इस्तेमाल कर सकते है।

**सिंचाई प्रबंधन** - गमलों की सिंचाई प्रबंधन का ध्यान रखना अतिआवश्यक है। बैग में पानी इतना ही डाले की छिद्र से बहार न निकले। अत्यधिक पानी अथवा कम पानी दोनों ही स्थिति में पौधे की पैदावार पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पानी के साथ पोषक तत्व भी बहकर निकलने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव पौधे की बढ़वार पर पड़ता है। पानी के साथ पोषक तत्व भी बहकर निकलने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव पौधे की बढ़वार पर पड़ता है।

## उड़द दाल की खेती कैसे करें?

यह भारत की महत्तवपूर्ण दाल वाली फसल है प्रोटीन और फासफोरस एसिड का उच्च स्त्रोत है। यह दाल बनाने के काम आती है और नाश्ते के लिए जरूरी सामग्री है। भारत में उड़द मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगाई जाती है।

**मिट्टी:** नमक वाली, खारी मिट्टी, जलजमाव वाली मिट्टी भी उड़द की खेती के लिए उपयुक्त नहीं होती। अच्छी वृद्धि के लिए कठोर दोमट या भारी मिट्टी जो पानी को सोख सके, की आवश्यकता होती है।

**प्रसिद्ध किस्में और पैदावार**

**माश 338:** यह छोटे कद की और कम समय लेने वाली फसल है जो कि खरीफ की ऋतु में उगाई जाती है। यह किस्म 90 दिनों में पक जाती है। प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं।

यह किस्म चितकबरा विषाणु रोग और पत्तों के धब्बों की बीमारी को सहनेयोग्य है। इसकी औसतन पैदावार 3.5 क्विंटल प्रति एकड़ है।

मास **114:** यह छोटे कद की और कम समय लेने वाली फसल है जो कि खरीफ की ऋतु में उगाई जाती है। यह किस्म 85 दिनों में पकती है और प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं। इसकी औसतन पैदावार 3.7 क्विंटल प्रति एकड़ है।

मास **218:** यह किस्म गर्मी की ऋतु में उगाई जाती है और कम समय वाली है। यह 76 दिनों में पकती है। इसके दाने मोटे और काले होते हैं और हर फली में 6 दाने होते हैं। इसकी औसतन पैदावार 4 क्विंटल प्रति एक? है।

मास **414:** यह किस्म गर्मी की ऋतु और कम समय लेने वाली है। यह 73 दिनों में पकती है। दाने मोटे, काले और प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं। इसकी औसतन पैदावार 4.3 क्विंटल प्रति एक? है।

मास **1008:** यह किस्म गर्मी ऋतु की मुख्य फसल है और 73 दिनों में पकती है यह किस्म चितकबरा रोग विषाणु रोग और पत्तों के धब्बों की बीमारी को सहने योग्य है। प्रत्येक फली में 6-7 दाने होते हैं। इसकी पैदावार 4.6 क्विंटल प्रति एक? है।

**जमीन की तैयारी:** जमीन को भुरभुरा बनाने के लिए 2 से 3 बार जोताई करें। प्रत्येक जोताई के बाद सुहागा फेरें। खेत को नदीन रहित रखें।

**बिजाई का समय:** खरीफ की फसल के लिए बिजाई का सही समय जून के आखिरी सप्ताह से जुलाई का पहला सप्ताह है।

गर्मियों में खेती करने के लिए इसका सही समय मार्च से अप्रैल महीना है। अर्द्ध पहाड़ी क्षेत्रों के लिए इसकी बिजाई 15 से 25 जुलाई तक की जाती है।

**फासला**- खरीफ की फसल के लिए पंक्तियों में 30 सैं.मी. और पौधों में 10 सैं.मी. का फासला रखें। रबी की फसल के लिए पंक्तियों में 22.5 सैं.मी. और पौधों में 4-5 सैं.मी. का फासला रखें।

**बीज की गहराई**- बीज को 4-6 सैं.मी. गहरा बोयें। पहाड़ी इलाकों में बोयी फसल की गुणवत्ता अच्छी होती है।

**बिजाई का ढंग**- बिजाई के लिए केरा या पोरा ढंग अपनाएं या इसकी बिजाई, बिजाई वाली मशीन से करें।

**बीज की मात्रा**- खरीफ में बिजाई के लिए 7-8 किलो बीज प्रति एकड़ में प्रयोग करें जबकि गर्मियों में बिजाई के लिए 19-20 किलो मोटे बीज प्रति एकड़ में प्रयोग करें।

**बीज का उपचार**- बिजाई से पहले बीज को कप्तान या थीरम या मैनकोजेब या कार्बेनडायम 2.5 ग्राम से प्रति किलो बीज का उपचार करें और बाद में छांव में सुखाएं। रसायनों के बाद बीज को राइबियम 2 ग्राम से प्रति किलो बीज का उपचार करें।

बिजाई के समय नाइट्रोजन 5 किलो (11 किलो यूरिया), फासफोरस 10 किलो(60 किलो सिंगल सुपर फासफेट) की मात्रा प्रति एकड़ में डालें।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com




# शैलपुत्री के नमन के साथ चैत्रनवरात्रि का महापर्व प्रारंभ

## आज मां ब्रम्हचारिणी की होगी आराधना

**जबलपुर, देशबन्धु।** रविवार से चैत्र नवरात्रि महापर्व प्रारंभ हो गया। नगर के विविध शक्तिपीठों में सुबह से माता रानी को जल अर्पण क`साथ भक्तों ने पूजन अर्चन की। इसी के साथ ही भक्तों ने घट स्थापना की। पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई। आज सोमवार को मां ब्रम्हचारिणी का नमन किया जायेगा। बड़ी खेरमाई के साथ अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। मदन-महल के शारदा मंदिर और तेवर में भी मां त्रिपुरी सुंदरी मंदिर चेत्र नवरात्र को लेकर भक्त दर्शन पहुंचने लगे है। मंदिर समिति ने भी इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्था कर ली है। जिसका प्रभव दिखने लगा है।

# कल से संपदा 2 से होगी रजिस्ट्री

## पंजीयन विभाग ने दिया संपदा 1 बंद करने के आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर के साथ प्रदेश भर में कल यानि 1 अप्रैल से संपदा 2 सॉफ्टवेयर पर रजिस्ट्री और अन्य कार्य किए जाएंगे। प्रदेश के पंजीयन विभाग ने एक अप्रैल 2025 से संपदा 1 साफ्टवेयर को पूरी तरह से बंद करने का आदेश जारी किया है। इसके बाद सभी दस्तावेजों का पंजीकरण और ई-स्टाम्पिंग केवल संपदा 2 पर ही होगा। पंजीयन विभाग में संपदा 1 साफ्टेवयर 1 अप्रैल से पूर तरह बंद हो जाएगा। अभी सभी दस्तावेजों का पंजीयन एक अप्रैल से संपदा टू में ही होगा। इसके लिए महानिरीक्षक पंजीयक अमित तोमर ने औपचारिक तौर से आदेश जारी कर दिए हैं। अभी तक संपदा टू का संचालन अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2024 तक ट्रायल तौर पर चार जिलों में हुआ था, फिर 10 अक्टूबर से सभी जिलों में शुरू कर दिया गया लेकिन साथ में संपदा वन जारी था। अब 1 अप्रैल से सभी उप पंजीयक केवल संपदा टू पर काम करेंगे।

**नए लाइसेंस नहीं होंगे जारी**-एक अप्रैल 2025 से प्रदेश में केवल संपदा टू से ही पंजीकरण व ई स्टाम्पिंग की जा सकेगी। संपदा वन का संचालन नवीन दस्तावेज पंजीयन व ई स्टाम्प जारी करने के लिए बंद होगा। संपदा वन में सेवा प्रदाताओं को कोई भी नए लाइसेंस जारी नहीं होंगे। संपदा वन की क्रेडिट लिमिट सेवा प्रदाता 31 मार्च तक यूज करें यह समायोजित नहीं होगी। सेवा प्रदाता कोई भी नए दस्तावेज संपदा वन में 31 मार्च के बाद जमा करें। सभी जिला अधिकारी तय करेंगे कि संपदा वन की सूचना जारी हो। अंतिम दिवस में पंजीकृत दस्तावेजों के प्रिंट उसी दिन अनिवार्य रूप से दिए जाएं।

**संपदा टू में यह हैं विशेष**-इसमें सर्वे नंबर डालते ही संपत्ति का रिकॉर्ड आ जाता है, इससे सर्च रिपोर्ट की जरूरत नहीं होती। मोबाइल एप से ली गई जियो टैग्ड तस्वीर लोकेशन की सटीकता तय करती है। रजिस्ट्री की कॉपी पीडीएफ से तुरंत ईमेल, वाट्सऐप पर आती है।

# जबलपुर से अमृतसर के लिये नहीं है सीधी ट्रेन, स्पेशल भी हैं बंद

**जबलपुर, देशबन्धु।** गर्मी का समय शुरू हो गया है, इसी के साथ जबलपुर और आस-पास के जिलों से आने और जाने वाले रेल यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन देश के कई प्रमुख शहरों के लिये सीधी ट्रेन सेवा का अभाव है, वहीं पहले चलने वाली कई स्पेशल ट्रेनों को बंद कर दिया गया है, कुछ के फेरे बढ़ाने की जरूरत है। इससे आम यात्री परेशान हैं। कन्फर्म टिकट नहीं मिल रही हैं।

यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि रेलवे बोर्ड से स्पष्ट निर्देश है कि जिस मार्ग पर यात्रियों की अधिक संख्या है वहां पर यदि गाड़िया नहीं है तो शुरुआत की जाये और यदि गाड़ियां चल रही हैं और भीड़ अधिक है तो विशेष गाड़िया चलाई जाये, परन्तु लगता है पमरे को इससे कोई लेना देना नही है। नई गाड़िया तो अलग कोरोना के पहले चलने वाली जो गाड़िया बंद हो गयी थी उन्हें पुन: चलाने मे भी कोई दिलचस्पी नही है। अमृतसर के लिये जबलपुर से ट्रेन नही हैं। पांच सालों में उक्त विषय को लेकर जमीन स्तर पर पमरे से बोर्ड को मांग पत्र तक नहीं भेज गया। कोरोना के पहले अटारी स्पेशल भी चलती थी।



**इन मांगों पर ध्यान देना जरूरी**- इसी तरह जबलपुर से हरिद्वार,जबलपुर से पूरी, जबलपुर से विशाखा पटनम, जबलपुर से चेन्नई/ बेंगलोर प्रतिदिन,जबलपुर से पुणे प्रतिदिन,जबलपुर से जोधपुर,जबलपुर से सिकंदराबाद,जबलपुर से भुज, जो स्पेशल के तौर पर चलती थी।

**जबलपुर से जम्मूतवी 3 दिन चले**- जबलपुर से जम्मूतवी के लिये कम से कम सप्ताह मे 3 दिन, जबलपुर से गुवाहाटी,जबलपुर से रायपुर ओवरनाइट, इटारसी सतना पेसेंजर, जबलपुर अंबिकापुर इंटरसिटी का चंदिया रोड स्टेशन मे ठहराव, दिन मे 11 बजे जबलपुर से पिपरिया तक के लिए मेमो, गोंदिया गढ़ा मेमो का मदनमहल तक विस्तार इत्यादि ऐसी कितनी ज्वलंत मांगे हैं, जो केवल ज़ोनल स्तर पर ही निपटायी सकती हैं।

### रेल उपयोगकर्ता की बैठक स्वागत सत्कार तक सीमित

जब कभी सांसदों या रेल उपयोग कर्ता मीटिंग होती है तो स्वागत सत्कार करके खानापूर्ति क़र ली जाती है,जनता की वास्तविक मांगो का कोई समाधान नही होता है। एक तरफ बुकिंग पीआरएस, टिकिट जांच को एक साथ रखा गया है, सभी कामों का प्रशिक्षण दिया जाता है, छोटे स्टेशनों पर इनसे सब काम लिये जाते हैं, लेकिन गाड़ी आने पर टिकट जांच नहीं कराई जाती है, वैसे भी टिकट चेकिंग के नाम से भर्ती बंद हो चुकी है और आने वाले वर्षो मे केवल सी सी टी सी के माध्यम से ही कार्य होगा तो अभी से ही छोटे स्टेशनो मे कार्यरत स्टाफ जहाँ पर नियमित चेकिंग स्टाफ नही है, वहां कार्यरत सीसी टी सी स्टाफ को गाड़िया आने के समय टिकट जाँच कार्य भी करे जिससे बिना टिकट मे कुछ रोकथाम लगेगी और जनमानस मे जो धारणा है कि छोटे स्टेशन मे टिकट चेक नही होती वह भी बदलेगी और टिकट बिक्री के साथ आय मे भी वृद्धि होंगी।

# राजश्री और केसर पान मसाले में मिले कैंसर कारक रसायन

## शहर में हर रोज 1 टन की खपत, बिक्री पर नहीं लग पा रही रोक

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजश्री, केसर सहित अन्य पान मसालों की जांच में कैंसर कारक रसायनों के इस्तेमाल होने की बात सामने आ रही हैं। जांच में यह भी सामने आया कि चमड़े को रंगने में इस्तेमाल होने वाला गैम्बियर रसायन इन पान मसालों में पाया गया, जिसके सेवन से पेट और किडनी पर गंभीर असर पड़ सकता हैं।

एक अनुमान के मुताबिक राजश्री, केसर सहित अन्य पान मसालों की लगभग 1 टन से ज्यादा की खपत प्रतिदिन शहर में हो रही हैं। आलम ये हैं कि अब पान मसाले का सेवन न सिर्फ पुरुष हैं बल्कि महिलाएं और किशोरवय बच्चे भी कर रहे हैं। जो उनकी नसों में जहर घोल रहा हैं।

**निर्माताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में दो प्रसिद्ध पान मसाला ब्रांड-राजश्री



और केसर-में कैंसर जनित रसायन गैम्बियर की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। यह वही रसायन है जिसका उपयोग चमड़े को रंगने के लिए किया जाता है और इसके सेवन से लिवर, किडनी को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है, साथ ही कैंसर जैसी घातक बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है।

जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन ने इन पान मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है और निर्माताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### भोपाल आईटी रेड में सामने आया करोड़ों का घोटाला

गत दिनों पूर्व भोपाल में आयकर (आईटी) विभाग के छापे में कथित तौर पर राजश्री गुटका मालिक द्वारा किए गए करोड़ों रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों को भारी मात्रा में अघोषित संपत्ति और कर चोरी के प्रमाण मिले हैं। गौरतलब है कि राजश्री गुटका मालिक पर पहले भी जीएसटी, इनकम टैक्स चोरी के आरोप लग चुके हैं। पिछले छापों में भी इनके खिलाफ बड़े वित्तीय घोटाले उजागर हो चुके हैं। इस ताजा जांच के बाद, संबंधित अधिकारियों ने कंपनी की वित्तीय लेन-देन और उत्पादन प्रक्रियाओं की गहन जांच शुरू कर दी है। प्रशासन द्वारा इस मामले में सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# रेत माफिया बेखौफ,नदी से रेत चोरी करने का वीडियो वायरल

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में रेत माफिया बेखौफ होकर नदियों से रेत का अवैध खनन कर परिवहन कर रहे हैं। एक रेत माफिया ने तो नदी से रेत चोरी करने की एक रील बना कर सोशल मीडिया में अपलोड कर दी। जब मामला पुलिस के पास पहुंचा तो उसने अपने सोशल साइट से उस वीडियो को डिलीट कर दिया। हालांकि पुलिस ने रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को ब्यौहारी पुलिस ने जब्त कर दो लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बेडरा समधिन नदी से रेत का अवैध खनन कर परिवहन करने की खबर पुलिस को मिली।

# लापरवाही रादुविवि का नया कारनामा बिना फॉर्म भरवाए कराई परीक्षा!

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपने कुप्रबंधन और प्रबंधन के कुछ अधिकारियों के कारनामों के लिए आस्तित्व संकट से जूझ रहे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) प्रबंधन अब भी सुधार के लिए कोई प्रयास करने तैयार नहीं हैं। हालहीं में यहां बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रादुविवि के बीएससी कृषि संकाय के चौथे सत्र के विद्यार्थियों की बगैर परीक्षा फार्म भरवाएं परीक्षाएं आयोजित करा दी गई। विद्यार्थियों का आरोप हैं कि इस गंभीर लापरवाही के चलते उन के भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है। रादुविवि के परीक्षा विभाग और गोपनीय शाखा की इस आपराधिक त्रुटि से न सिर्फ विवि प्रशासन अनजान बना रहा है बल्कि गलती उजागर होने पर ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों ने आवेदन स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

**ऐसे सामने आया मामला**- विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के विद्यार्थियों के अनुसार करीब 30 विद्यार्थियों की परीक्षाएं बिना फॉर्म भरे ही फरवरी माह में आयोजित करा दी गईं। रादुविवि के नियमानुसार परीक्षा फार्म भरना व परीक्षा के लिए 2 हजार 4 सौ 50 रुपए का शुल्क जमा करना अनिवार्य होता है लेकिन इस बार प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया गया।

परीक्षा केंद्र पर जब शिक्षकों को गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने गुपचुप छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा सेंटर भेजा, जहां आवेदन जांच के दौरान यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। नियमानुसार परीक्षा आवेदन के बाद ही कोई भी छात्र परीक्षा में शामिल हो सकता है। मामले में प्रबंधन का कहना हैं कि संभवतः छात्रों की परेशानी या फिर भूलवश इसे करा लिया गया हैं। रादुविवि की परीक्षा नियंत्रक रश्मि टंडन का कहना हैं कि नियमानुसार परीक्षा आवेदन के बाद ही कोई भी छात्र परीक्षा में शामिल हो सकता है।

छात्रों की परेशानी या फिर भूलवश इसे करा लिया गया हो तो इसका पता लगाया जाएगा यदि ऐसा हुआ है तो यह गलत है प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।


हिंदू नव वर्ष, रामनवमीं, झूलेलाल जयंती, एवं ईद की हार्दिक शुभकामनाएं




डॉ. अशोक कुमार तिवारी
अध्यक्ष

मो. फाखिर चांद
उपाध्यक्ष

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्यौहारी-जिला शहडोल मध्य प्रदेश


# 1230 मेगावॉट विद्युत पारेषण के लिये प्रदेश में बनेंगे दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी, इस हेतु बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही. सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पावर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।

**पारेषण अद्योसंरचना होगी विस्तारित**

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु मेसर्स महान



एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था, उक्त हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2x800 मेगावॉट क्षमता के पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है।

**पारेषण अधोसंरचना विस्तार की तरफ कदम**-उक्त पावर प्लांट से प्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार हेतु प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था, जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया।

**टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा**- टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टी.बी.सी.बी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2000 करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की।

**पारेषण सेवा अनुबंध हस्ताक्षरित**-श्री चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि तमाम वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन रीवा (सगरा) एवं अमरपाटन में स्थापित किये जाने हैं।





J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 120 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 108 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 92 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 92 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 88 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 104 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 116 |

मोबाइल नं. 9300692405

